www.navpradesh.com
दैनिक **नव प्रदेश**
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 1 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 80 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भय, भ्रम और भ्रष्टाचार की पोषक कांग्रेस, आदिवासियों को वोटबैंक से ज्यादा कुछ नहीं मानती : विष्णुदेव साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोकसभा चुनाव प्रचार के दरम्यान अपने स्वभाव के विपरित काफी आक्रामक हैं। राज्य में कांग्रेस और पड़ोसी राज्य में अपने भाषणों में इंडिया गठबंधन पर हमले कर रहे हैं। राज्य के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री की कार्यशैली को लेकर प्रधानमंत्री ने भी अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान खुले मंच से जमकर तारीफ की। भाजपा के सामाजिक न्याय ब्रांड एम्बेसडर राज्य के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सदाशयता को लेकर आम धारणा है कि वे सामाजिक समावेशी विकास के पक्षधर है। चार महिने पहले मुख्यमंत्री बने साय की हाजिर जुबानी को लेकर भाजपा की सत्ता व संगठन का तबका भी हतप्रभ है। चल रहे लोकसभा चुनाव, राज्य की सामाजिक, आर्थिक व राजनीति में सोशल इंजिनियरिंग को लेकर दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक यशवंत धोटे ने उनसे लंम्बी बातचीत की । प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश:-

कांग्रेस के आरक्षण, संविधान बदलने जैसे भ्रामक मुद्दों पर जनता ध्यान नहीं देती

- **डॉ रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने एक ऐसी सार्वजनिक वितरण प्रणाली लागू की, जो देशभर में रोलमॉडल बनी**
- **हमारे लिए राजनीति पार्ट टाइम जॉब नहीं है, यह हमारे लिए साधना है**
- **नक्सलवाद को हम जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं**
- **जातिगत जनगणनना और सामाजिक न्याय के सवालों पर कांग्रेस पर बिफरे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय**

प्रश्न : दरअसल जिस जातिगणना और सामाजिक न्याय की बात कांग्रेस कर रही हैं उससे भी आगे बढ़कर भाजपा ने आपको पहला आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर आपको असल सामाजिक न्याय को रोल माडल प्रस्तुत किया है लेकिन आपके चुनाव प्रचार ये तथ्य गायब है । ऐसा क्यो?

कांग्रेस ने देश में हमेशा जाति,धर्म और भाषावाद की राजनीति की है। कांग्रेस के घोषणा पत्र की ही बात करें तो इसमें मुस्लिम लीग की छाप है। यह वह पार्टी है सत्ता में रहते हुए जिसके पीएम संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों और खास तौर पर एक समुदाय का बताते हैं। कांग्रेस के नीति निर्धारक माने जाने वाले सैम पैत्रोदा ने तो लोगों के मेहनत की कमाई के बंटवारे का प्लान भी तैयार कर लिया है। क्या कांग्रेस एक वर्ग विशेष के वोट के लिए गरीब, आदिवासी, मेहनतकश मजदूर, मध्यम वर्ग की संपत्ति पर कब्जा कर उसे बांटना चाहती है। भाजपा ने हमेशा गरीब, अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ों के उत्थान को वरीयता दी है। हम सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की बात करते हैं, जबकि कांग्रेस सिर्फ तुष्टिकरण को बढ़ावा देती है। छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री कांग्रेस भी दे सकती थी, लेकिन उसने ऐसा इसलिए नहीं किया क्योंकि वह आदिवासियों को वोटबैंक से ज्यादा कुछ नहीं मानती है। मुझे शीर्ष नेतृत्व ने राज्य की सेवा का अवसर दिया है, इसके लिए मैं पार्टी का आभारी हूं, रही बात रैलियों में इस बात का उल्लेख करने की तो मेरा मत है कि दायित्व से अधिक हमारे कार्य की चर्चा होनी चाहिए। आज भारतीय जनता पार्टी को छत्तीसगढ़ हो या देश के अलग-अलग हिस्सों में जनता का जो आशीर्वाद मिल रहा है, उसके पीछे हमारी वह नीतियां हैं जो सर्वस्पर्शी एवं सर्वव्यापी हैं। कभी आरक्षण तो कभी संविधान बदलने जैसी भ्रामक बातें करने वाली कांग्रेस की बातों पर अब जनता ध्यान नहीं देती।

प्रश्न : लोकसभा का चुनाव मोदी की गारन्टी से जब सामाजिक न्याय पर आ टिका है ऐसी स्थिति में क्या भाजपा को अपनी रणनीति बदल देनी चाहिए?

भाजपा के लिए अंत्योदय का मंत्र ध्येय वाक्य है। मोदी जी की जितनी भी गारंटियां हैं वह सामाजिक उत्थान का जरिया बन रही हैं। वह चाहे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य हो या फिर माताओं-बहनों के लिए महतारी वंदन जैसी योजना, हम समग्र कल्याण की राह पर आगे बढ़ते हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटियां आज भरोसे की गारंटी बन गई हैं। कांग्रेस ने इस देश में सिर्फ भ्रम, भ्रष्टाचार और भय की राजनीति की है, यही वजह है कि आज वह जनता द्वारा बार-बार खारिज की जा रही है।

प्रश्न : राज्य की 11 लोकसभा सीटो का यदि पिछले 24 साल का इतिहास देखे तो कांग्रेस के पास न खोने के लिए कुछ ज्यादा है और न ही आपके पास पाने के लिए कुछ ज्यादा हैं। 2019 में पहली बार कांग्रेस को दो सीटे मिली थी। उसे भी अब आप पूरी 11 जीतना चाह रहे हैं क्या यह संभव है?

यह लोकसभा चुनाव देश को विकसित भारत की दिशा में आगे ले जाने वाला चुनाव है। इस चुनाव के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपकर लोग राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी भागीदारी तय कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के लिए मुझे प्रदेश की हर लोकसभा सीट में कई बार जाने का अवसर मिला है। हमारे पास विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व है। छत्तीसगढ़ की जनता प्रदेश की सभी 11 सीट पर कमल खिलाकर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य में अपना शत-प्रतिशत योगदान देने जा रही है। कांग्रेस को इस लोकसभा चुनाव में न तो प्रत्याशी मिल रहे हैं न ही उनका झंडा उठाने वाले कार्यकर्ता।

प्रश्न : आप अपने भाषणों में महतारी वंदन और किसानों के बोनस की बात करते है जबाव में कांग्रेस ने महिलाओं के लिए एक लाख वाली योजना के फार्म भरवाना शुरू किया है क्या आपकी योजना लोकसभा चुनाव के बेहतर परिणामों के लिए कारगर साबित होगी?

छत्तीसगढ़ में धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य, बोनस या फिर अंतर राशि संकल्पना भाजपा की ही देन है। छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह जी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार ने एक ऐसी सार्वजनिक वितरण प्रणाली लागू की, जो देशभर में रोलमॉडल बनी। कांग्रेस ने पिछले पांच साल में किसानों को जिस तरह गुमराह करने का काम किया, उससे वह बेनकाब हो चुकी है। हमने विधानसभा चुनाव में मोदी जी की गारंटी के नाम पर वोट मांगा था। हमारी सरकार बन गई तो कांग्रेस कहने लगी इन गारंटियों को पूरा करना नामुमकिन है, लेकिन किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान की रिकॉर्ड खरीदी कर हमने इतिहास रचा है।

21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान की खरीदी का वादा भाजपा ने पूरा किया, यही नहीं धान पर पिछली अंतर राशि देकर हमने एक बार फिर साबित किया कि हम जो कहते हैं वह करते हैं। महतारी वंदन योजना के जरिए साल में हितग्राही महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये मिल रहा है। यह तो सिर्फ दो योजनाएं हैं, डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में गरीब, युवा, महिला और किसानों के लिए संचालित हर योजना छत्तीसगढ़ में आर्थिक और सामाजिक तरक्की को गति दे रही है। हम विकास के मुद्दे पर वोट मांगते हैं, जनता का हमें भरपूर आशीर्वाद मिलता है। इसके उलट कांग्रेस कैसे लोगों को गुमराह किया जाए, इसके लिए नये-नये हथकंडे अपनाने में जुटी है, लेकिन लोग अब परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वालों की बातों में नहीं आने वाले हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

ये इश्क नहीं आसां एक आग का दरिया है और तैर कर जाना है की तरह ही इस बार का लोकसभा चुनाव आईएनडीआईए में शामिल कुछ दलों के लिए आग का दरिया बन गया है। उसके नेता इस आग के दरिया में उतरने का हौसला ही नहीं जुटा पा रहे है। जिन्हें जोर जबरदस्ती से इस दरिया में उतारा जा रहा है उनमें से कई दरिया से निकलकर भाग रहे है। इंदौर का कांग्रेस प्रत्याशी भी रणछोड़ दास निकला। कहते है न कि मन के हारे हार है मन के जीते जीत। आधे अधूरे मन से लड़ने वाले भला कैसे जीत पाएंगे।

झूठे वादे कर केंद्र में आए और जनता पर डाला महंगाई का बोझ: खड़गे

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए कांग्रेस की जनसभा आज जांजगीर-चांपा क्षेत्र में हुई। जहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के वादों और घोषणा पत्र में जनता के लिए राहत भरे इरादों को रखा। कहा हमारी सरकार आई तो रोजगार के द्वार खुल जाएंगे, गरीबों का उद्धार निश्चित है। कोई भूखा नहीं रहेगा। वहीं खड़गे ने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार की खामियां गिनाई। पीएम नरेंद्र मोदी को झूठा और ठगने वाला निरूपित किया।

सभा में अध्यक्ष खड़गे ने मोदी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी से पूछा .. इन वादों से क्यों मुकरे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार के वादों को याद दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि काला धन लाउंगा, 15-15 लाख जनता को दूंगा, खड़गे ने मंच से जनता से पूछा क्या मोदी ने ये वादा पूरा किए.. युवाओं के लिए 20 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराऊंगा बोला था, क्या उन्होंने वादे पूरे किए.. नहीं दिया न, उपर से महंगाई की मार झेलने को मजबूर है जनता। किसानों की आय दोगुनी करूंगा बोला ता.. क्या वे कर पाए.. नहीं न। जापान से अरबों रुपए लाकर बुलेट ट्रेन चलाउंगा कहा था.. क्या वे कर पाए.. खड़गे ने कहा मोदी झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा वे झूठों का सरदार हैं।

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 10 नक्सली मारे गए

- **मारे गए नक्सलियों में 3 महिलाएं, हथियार और विस्फोटक बरामद,**
- **14 दिन पहले राज्य में 29 माओवादी मारे गए थे**

जगदलपुर/नवप्रदेश। पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर अबूझमाड़ के टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके में मंगलवार सुबह डीआरजी और स्व्रास्त्र के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए। इनमें 3 महिला माओवादी हैं। इन सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। घटनास्थल से एक एके -47 समेत भारी मात्रा में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंदूक से खत्म नहीं होंगे नक्सली : नेताम बोले-भाजपा-कांग्रेस ये बताएं कि ये पैदा कैसे हुए

बिलासपुर/रायपुर/नवप्रदेश। नक्सलवाद को लेकर हमर राज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, इन लोगों को ये तक नहीं पता, आखिर नक्सली पैदा क्यों हुए, नक्सलियों के पैदा होने के पीछे का कारण क्या है, इसे समझना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, इन लोगों को ये तक नहीं पता, आखिर नक्सली पैदा क्यों हुए?

मंत्री अरविंद नेताम ने गृहमंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा कि, बंदूक की नोंक पर नक्सली खत्म नहीं हो सकते, नक्सलियों को आज खत्म भी कर देंगे तो दोबारा फिर पैदा हो जाएंगे। नक्सलियों के पैदा होने का कारण जानेंगे तभी तो इनका खात्मा कर पाएंगे। बिना संवाद के नक्सलवाद का खात्मा मुश्किल है। साथ ही कहा कि, राज्य सरकार और केंद्र सरकार इस मामले को लेकर एक-दूसरे का मुंह ताकती रहती है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख का संभाला कार्यभार

नई दिल्ली, (वार्ता)। एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को यहां 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में भारतीय नौसेना की कमान संभाली। उन्हें एडमिरल आर हरि कुमार के स्थान पर नया नौसेना प्रमुख बनाया गया है जो नौसेना में लंबे और शानदार करियर के बाद सेवानिवृत्त हो गये। इससे पहले एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के उप प्रमुख थे। नौसेना की कमान संभालने के बाद उन्होंने कहा कि वह नौसेना को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने की दिशा में कार्य करेंगे और नौसेना सदैव राष्ट्र प्रथम के मंत्र पर कार्य करते हुए सुभी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहेगी। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना का छब्बीसवां नौसेना अध्यक्ष बनने पर मुझे अत्यंत गर्व और सम्मान की अनुभूति हो रही है।

प्रज्वल रेवन्ना पर कर्नाटक पुलिस को महिला आयोग का नोटिस

नई दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रीय महिला आयोग ने जनता दल- एस के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो के मामले पर कर्नाटक पुलिस को नोटिस जारी किया है। मामले में तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने मंगलवार को यहां बताया कि सांसद की अश्लील वीडियो के मामले में कर्नाटक पुलिस के महानिदेशक को नोटिस जारी किया गया है। आयोग ने इस मामले में महानिदेशक से तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा है कि आयोग इस घटना की निंदा करता है और इस मामले में कार्रवाई की सिफारिश करता है। आयोग ने कहा है कि इस मामले का आरोपी देश छोड़कर भाग गया है इसलिए उसके खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई की जानी चाहिए।

16 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, एलओएस कमांडर भी शामिल

बीजापुर/नवप्रदेश। समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए बीजापुर में 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों में लाखों का इनाम भी घोषित था। बीजापुर में 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। PLGA बटालियन नंबर 1 सदस्य, LOS कमांडर, KAMS अध्यक्ष, LGS सदस्य मिलिशिया डिप्टी कमांडर सहित 16 नक्सली मुख्य धारा में शामिल हुए। आत्मसमर्पित इन नक्सलियों पर कुल 16 लाख का इनाम घोषित था। खूंखार PLGA बटालियन नंबर 1 का सदस्य अरुण कड़ती जिस पर 8 लाख का इनाम था उसने भी आत्मसमर्पण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

टी 20 विश्वकप ... संजू सैमसन-ऋषभ पंत को भी मौका; केएल राहुल बाहर

टीम इंडिया की घोषणा, हार्दिक पांड्या बने उपकप्तान

नई दिल्ली (ए.)। टी 20 विश्वकप में भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है।अहमदाबाद के आईटीसी नर्मदा होटल में सेलेक्टर्स की बैठक हुई। इसमें चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव जय शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद टीम इंडिया का ऐलान किया गया।

बता दें कि टी-20 वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड ने सबसे पहले अपनी टीम का ऐलान किया है। कीवी टीम ने अनुभवी केन विलियमसन को कप्तान बनाया है। वहीं, आज दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड ने भी अपनी-अपनी टीमें घोषित कर दी हैं। जहां दक्षिण अफ्रीका ने एडेन मारक्रम को कप्तानी सौंपी है, वहीं इंग्लैंड की टीम ने जॉस बटलर को कमान सौंपी है।

ऐसा है टीम इंडिया का शेड्यूल

भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 05 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। नौ जून को इसी स्टेडियम में पाकिस्तान से उसका मुकाबला होगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये है टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या (उपकप्तान) , शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

कोविशील्ड वैक्सीन के सामने आ रहे साइड इफेक्ट्स

- **यूके की प्रसिद्ध फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की अदालत में स्वीकारी बात**

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना महामारी को पुरी दुनिया ने झेला था। इस बीमारी से बचाव के लिए बड़े स्तर पर टीकाकरण हुआ था। अरबों लोगों को कोविड वैक्सीन लग भी चुकी है। इस बीच वैक्सीन के दुष्प्रभाव की बात भी अब सामने आ गई है। यूके की प्रसिद्ध फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की अदालत में पहली बार स्वीकार किया है कि उसकी कोविड-19 की वैक्सीन से लोगों को टीटीएस जैसे साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं।

कंपनी ने माना है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन में थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस नामक एक दुर्लभ साइड इफेक्ट पैदा करने की क्षमता है। आपको बता दें कि थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दैनिक नव प्रदेश

लोकतंत्र का महापर्व 2024

देवेंद्र यादव दिल्ली कांग्रेस के नये अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के दो दिन बाद आज वरिष्ठ नेता देवेंद्र यादव को प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्री यादव की नियुक्ति को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि श्री यादव पार्टी के पंजाब के प्रभारी हैं और वह दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद के साथ ही पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भी बने रहेंगे। गौरतलब है कि श्री लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ दिल्ली में चुनावी गठबंधन करने तथा पार्टी के दिल्ली के प्रभारी महासचिव के साथ अनबन का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को नयी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सुश्री स्वराज के नामांकन पत्र दाखिल करने के वक्त केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले उन्होंने पूजा-अर्चना की और रोड शो किया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता शामिल हुये।

मोदी ने किया बहुत काम

सुश्री स्वराज ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुये कहा, यह राष्ट्रीय चुनाव है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत काम किया है, हम अपने प्रदर्शन रिपोर्ट कार्ड के आधार पर जनता से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा, यदि दिल्ली की बात करें तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नफ़रत की राजनीति करते रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने मोदी सरकार की आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं को राष्ट्रीय राजधानी में लागू नहीं होने दिया है... अगर जनता मुझे अपना आशीर्वाद दिया तो मैं मैं यह सुनिश्चित करती हूँ कि जनकल्याणकारी योजना 'आयुष्मान भारत' दिल्ली में भी लागू हो। इस बीच, नयी दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है।

सुषमा स्वराज की पुत्री हैं बांसुरी

गौरतलब है कि सुश्री बांसुरी भाजपा नेता दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री है। वह उच्चतम न्यायालय में अधिवक्ता हैं और उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की है। इससे पहले 2023 में सुश्री बांसुरी को दिल्ली में भाजपा के कानूनी प्रकोष्ठ के सह-संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया था। राष्ट्रीय राजधानी में 25 मई को एक चरण में लोकसभा चुनाव होंगे और चुनाव परिणाम चार जून को घोषित किये जायेंगे।

पंजाब कैडर के पुलिस अधिकारी गुरिंदर ढिल्लों कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय पुलिस सेवा के पंजाब कैडर के वरिष्ठ अधिकारी रहे गुरिंदर सिंह ढिल्लों पुलिस की नौकरी छोड़कर आज कांग्रेस में शामिल हो गये। कांग्रेस के पंजाब के प्रभारी देवेंद्र यादव ने श्री ढिल्लो को मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

उन्होंने उम्मीद जताई कि पंजाब पुलिस में वरिष्ठ अधिकारी रहे श्री ढिल्लों पंजाब की स्थिति को ठीक तरह से समझते हैं और उनके पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस और मजबूत होगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि श्री ढिल्लों को जल्दी ही महत्वपूर्ण पद दिया जाएगा।

यादव ने कहा आज गुरिंदर ढिल्लों जी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। गुरिंदर जी आईपीएस रहे हैं और गुरुदासपुर से आते हैं। वे पंजाब कैडर से जुड़े थे और उन्होंने पुलिस सेवा से वीआरएस लिया है। उन्होंने कहा कुछ समय पहले ही राहुल गांधी जी के संपर्क में गुरिंदर जी आए। वे 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान पंजाब में सिक्योरिटी इंचार्ज थे। मैं गुरिंदर जी और उनके परिवार को धन्यवाद देता हूं कि वे हमारी विचारधारा से जुड़े और हमारे साथ आए।

काशी से पहले अयोध्या में होगा पीएम मोदी का मेगा रोड शो

अयोध्या (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी में अपने नामांकन और रोड शो से पहले अयोध्या में रोड शो करेंगे। इसकी डेट, समय और जगह भी फाइनल हो गई है। पांच मई को पीएम मोदी अयोध्या आएंगे और शाम पांच बजे रोड शो करेंगे। उनका रोड शो लता चौक से जन्मभूमि तक होगा। इसके लिए भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में वाल्मीकि एयरपोर्ट के लोकार्पण के समय 30 दिसंबर को रोड शो किया था। प्रधानमंत्री के रोड शो की जानकारी मिलने पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

प्रधानमंत्री के रामनगरी में होने वाले रोड़ शो से पूरे देश में बड़ा संदेश जाएगा। इसका असर पूरे देश के चुनाव में पड़ने की संभावना है। प्राण-प्रतिष्ठा के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 30 दिसम्बर को हुए रोड शो की वैश्विक स्तर पर चर्चा हुई थी। सोशल मीडिया से लेकर

लता चौक से जन्मभूमि तक जाएंगे प्रधानमंत्री

चैनलों पर यह खबर सुर्खियों में थी। जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इसको लेकर फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो की मांग कर रहे थे।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच मई को अयोध्या आ रहे है जिसमें उनका रोड शो का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व से जरूरी निर्देश दिए जा रहे हैं। पीएम मोदी का काशी में भी रोड शो इस बार तय है। पीएम मोदी मई के दूसरे हफ्ते में वाराणसी में अपना नामांकन दाखिल करने से पहले रोड शो करेंगे। इससे पहले भी दोनों बार नामांकन से पहले मोदी ने रोड शो किया था। पिछली बार की तरह इस बार भी माना जा रहा है कि पीएम मोदी केवल नामांकन वाले दिन ही वाराणसी में रहेंगे। इसके बाद पूरी जिम्मेदारी वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ता ही संभालेंगे। अमित शाह ने पिछले दिनों इसका इशारा भी किया था।

कोरबा लोकसभा निर्वाचन में 16 लाख से अधिक मतदाता लेंगे लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा

महिला मतदाताओं की संख्या अधिक, मतदान केन्द्रों की संख्या दो हजार से अधिक

यशवंत राजवाड़े

कोरिया /नवप्रदेश। देश व प्रदेश में प्रथम व द्वितीय चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। अब सबकी निगाहें तृतीय चरण में होने वाले मतदान पर टिके हुए हैं। बात यदि कोरबा संसदीय क्षेत्र की करें तो तृतीय चरण में होने वाले कोरबा लोकसभा संसदीय सीट के लिए 7 मई को मतदान होना है। कोरबा लोकसभा निर्वाचन में 27 उम्मीदवार मैदान में है। कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत 4 जिले के 8 विधानसभा के 16 लाख से अधिक मतदाता लोकतंत्र के महापर्व मतदान में हिस्सा लेंगे। कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर, एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विधानसभा सीट शामिल है।

वर्ष 2019 में मतदान 76 प्रतिशत था

महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले चारों जिलों के आठों विधानसभा वार मतदाताओं की जानकारी के अनुसार-रामपुर विधानसभा में 1 लाख 10 हजार 164 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 14 हजार 600 है। कोरबा विधानसभा में 1 लाख 31 हजार 365 पुरुष तो महिला मतदाता 1 लाख 30 हजार 779 है। कटघोरा विधानसभा में 1 लाख 9 हजार 111 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 838 है। पाली-तानाखार विधानसभा में 1 लाख 10 हजार 164 पुरुष तो महिला मतदाता 1 लाख 14 हजार 600 है। भरतपुर-सोनहत विधानसभा में 87 हजार 687 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 90 हजार 208 है। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में 68 हजार 123 पुरूष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 67 हजार 180 है। बैकुण्ठपुर विधानसभा में 85 हजार 127 पुरूष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 635 है तथा मरवाही विधानसभा में 96 हजार 530 पुरूष मतदाता हैं, तो महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 355 है। इस तरह आठों विधानसभा में पुरूष मतदाओं की संख्या 8 लाख 3 हजार 332 और महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 15 हजार 52 है। अब बुजुर्गो व दिव्यांग मतदाताओं की बात करें तो कोरबा लोकसभा संसदीय सीट में 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 6 हजार 366 है तथा 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 14 हजार 334 है तो थर्ड जेण्डर मतदाताओं की संख्या मात्र 52 है। 18 से 19 वर्ष आयु के मतदाताओं की संख्या 46 हजार 831 है। वर्ष 2019 के लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत 76.30 था। इस तरह 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के लिए 2 हजार 23 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 137 क्रिटिकल मतदान केन्द्र है, एक हजार 9 वेब कास्टिक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जबकि शेडो एरिया 81 है, जिसमें 16 लाख 18 हजार 437 मतदाता सहभागी बनेंगे।

15 वर्षों में तीन लाख 41 हजार 994 मतदाता बढ़े

कोरबा लोकसभा का यह चौथा चुनाव होने जा रहा है। वर्ष 2009 में मतदाताओं की संख्या 12 लाख 76 हजार 443 थी, जो बढ़कर 16 लाख 18 हजार 437 हो गई है। अब-तक इस क्षेत्र में तीन बार चुनाव हो चुके हैं और लगातार हर चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। इस बार उम्मीद की जा रही है कि तेज गर्मी के बावजूद अपने मताधिकार का प्रयोग करने घरों से मतदाता निकलेंगे। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर भी कवायद की जा रही है मतदान स्थलों में पहले की अपेक्षा बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने प्रशासन हर स्तर पर प्रयास कर रही है।

वर्ष 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. चरण दास महंत ने तीन लाख 14 हजार 616 वोट हासिल कर जीत अर्जित की थी, जबकि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रहीं करूणा शुक्ला को दो लाख 93 हजार 879 वोट मिले थे। उस समय मतदान प्रतिशत 58.41 रहा। वहीं वर्ष 2014 में दूसरी बार हुए चुनाव में मतदाताओं की संख्या 14 लाख 23 हजार 279 हो गए यानी पांच वर्ष में एक लाख 47 हजार 286 मतदाता बढ़े। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. बंशीलाल महतो जीत हासिल की थी, उन्हें चार लाख 39 हजार दो वोट प्राप्त हुए थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. चरण दास महंत चार लाख 34 हजार 737 वोट हासिल किया था। इस चुनाव में 10 लाख 52 हजार 720 मतदाताओं ने वोट डाला और मतदान का प्रतिशत बढ़कर 73.95 प्रतिशत दर्ज किया गया था। तीसरी बार जब वर्ष 2019 में चुनाव हुए तो मतदाताओं की संख्या गत चुनाव के मुकाबले 85 हजार 111 बढ़े।

कोरबा संसदीय निर्वाचन में 27 उम्मीदवार मैदान में

इस बार कोरबा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 27 उम्मीदवार मैदान में है। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य राजनैतिक दलों से तीन प्रत्याशी हैं, वहीं पंजीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों की संख्या छह है जबकि निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 18 है।

बीजेपी, जेडीयू सांसदों के खिलाफ आरजेडी गठबंधन के नए कैंडिडेट

पटना (ए.)। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में बीजेपी और जेडीयू के सांसदों को चार लोकसभा सीटों पर आरजेडी गठबंधन के नए लड़ाके चुनौती दे रहे हैं। तीसरे चरण में बिहार की 5 लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है, जिनमें से चार पर मौजूदा सांसद मैदान में हैं। ये सभी एनडीए के उम्मीदवार हैं। इनके सामने इंडिया गठबंधन ने नए चेहरों को मैदान में उतारा है, जो पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मधेपुरा, झंझारपुर, अररिया, सुपौल और खगड़िया सीट पर 7 मई को मतदान होना है। इसमें से सिर्फ खगड़िया से एनडीए ने नए कैंडिडेट लोजपा रामविलास के राजेश वर्मा को मौका दिया है। इनके खिलाफ सीपीएम ने संजय कुमार को उतारा है। संजय का भी यह पहला लोकसभा चुनाव है। 2019 के लोकसभा चुनाव में खगड़िया से लोजपा के महबूब अली कैसर ने यहां से जीत दर्ज की थी। मगर चाचा-भतीजे की लड़ाई में यह सीट चिराग पासवान की पार्टी में चली गई। लोजपा में टूट के बाद महबूब अली कैसर चाचा पशुपति पारस के साथ रहे, इस वजह से उन्हें दोबारा टिकट नहीं मिल पाया। यादव बाहुल्य मधेपुरा लोकसभा सीट से जेडीयू ने जहां मौजूदा सांसद दिनेश चंद्र यादव पर भरोसा जताया, वहीं आरजेडी ने प्रोफेसर चंद्रदीप को मैदान में उतारा है।

सुपौल के कामेश्वर चौपाल ने रखी थी अयोध्या के श्रीराम मंदिर की पहली ईट

वर्ष 2009 में सुपौल संसदीय क्षेत्र अस्तित्व में आया, वर्ष 2008 में नये परिसीमन के बाद सहरसा लोकसभा का अस्तित्व समाप्त हो गया

पटना, (वार्ता)। करोड़ों हिंदुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक अयोध्या में श्रीराम मंदिर की पहली ईट रखने का श्रेय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता श्रीराम जन्मभूमि न्यास समिति के सदस्य सुपौल जिला निवासी कामेश्वर चौपाल को जाता है।

कामेश्वर चौपाल का नाम तब पहली बार सुर्खियों में आया, जब 09 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम मंदिर शिलान्यास का कार्यक्रम रखा गया था। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए हजारों साधु-संतों और लाखों कारसेवक इसमें जुटे थे और उस शिलान्यास कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण के लिए पहली इंट कामेश्वर चौपाल ने ही रखी थी। कामेश्वर चौपाल मूल रूप से बिहार के सुपौल जिले के कमरैल गांव के निवासी हैं। उस वक्त वह विश्व हिन्दू परिषद (विहिप)के सह संगठन मंत्री हुआ करते थे। श्री चौपाल तब अयोध्या में ही थे। उन्हें सूचना मिली कि शिलान्यास के लिए उन्हें चुना गया है। शिलान्यास के वक्त विहिप के बड़े-बड़े नेता वहां मौजूद थे। राम मंदिर की नींव रखने के बाद श्री चौपाल ने कहा था, 'जैसे श्रीराम को शबरी ने बेर खिलाया था, वैसा ही मान-सम्मान उनको भी मिला है।

अयोध्या में 500 वर्षों के संघर्ष एवं हजारों बलिदानों के बाद 22 जनवरी 2024 को भगवान राम लला अपने दिव्य, भव्य, नव्य रूप में श्री राम मंदिर में विराजमान हो गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या के राममंदिर में गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुयी।



2009 में आया सुपौल संसदीय क्षेत्र अस्तित्व में

वर्ष 2009 में सुपौल संसदीय क्षेत्र अस्तित्व में आया। इससे पूर्व सुपौल ,सहरसा लोकसभा का हिस्सा हुआ करता था। सहरसा संसदीय क्षेत्र में हुये आम चुनाव में कई दिग्गज नेता चुनाव जीतकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष 2008 में हुए नये परिसीमन के बाद सहरसा लोकसभा का अस्तित्व समाप्त हो गया, जिसके बाद से सहरसा का नाम देश के सबसे बड़े सदन के पटल से हट गया।वर्ष 1957 में जब सहरसा लोकसभा क्षेत्र बना तो इसके पहले सांसद 1973 से 1975 तक रेल मंत्री रहने वाले देश के दिग्गज राजनेता कांग्रेस के ललित नारायण मिश्र हुये, जबकि अंतिम सांसद रंजीत रंजन बनी, जिन्होंने वर्ष 2004 में चुनाव जीता था।

दिए रोटी के साथ 'राम' का नारा

रोटी के साथ राम' का नारा देने वाले कामेश्वर चौपाल ने एक बार बताया था कि बचपन में उनकी मां एक गीत गाकर उन्हें सुलाया करती थी। गीत के बोल थे। 'पहुना मिथिले में रहू ना।' उन्होंने इस गीत पर अपनी मां से प्रश्न किया कि श्रीराम तो भगवान हैं, फिर पहुना क्यों। मां का उत्तर था कि दुनिया के लिए भले ही वे भगवान हों, मिथिला के तो पाहुन ही हैं श्रीराम। पुरखों ने बचपन में जो संस्कार भरा था, वही समर्पण के रूप में सदैव उनके साथ रहा है। ऐसे तो ईष्टदेव और उधर मिथिला से संबंध, यानी हमारा तो दोनों संबंध साकार हुआ है।

1962 के चुनाव परिणाम को अमान्य करार दिया गया : वर्ष 1957 में सहरसा सीट पर हुये आम चुनाव में कांग्रेस के ललित नारायण मिश्र और भोली सरदार ने जीत हासिल की। इससे पूर्व ललित नारायण मिश्र ने वर्ष 1952 में दरभंगा-भागलपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। वर्ष 1962 में सहरसा संसदीय सीट से सोशलिस्ट पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले भूपेन्द्र नारायण मंडल (बी.एन.मंडल) ने कांग्रेस के कद्दावर नेता ललित नारायण मिश्रा को पराजित किया। लेकिन, फैसले को इस आरोप के आधार पर अदालत में चुनौती दी गई थी कि बी.एन. मंडल ने अपने एक पैम्फ्लेट में जातिवादी नारा 'रोम है पोप का, मधेपुरा है गोप का' का इस्तेमाल किया था, जिसने सांप्रदायिक भावनाओं को हवा दी थी।

पहली बार 1991 में रोसड़ा सुरक्षित सीट से जीते

शिलान्यास के बाद श्री चौपाल भाजपा में शामिल होकर राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय हो गये। श्री चौपाल की लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा ने वर्ष 1991 में रोसड़ा सुरक्षित लोकसभा सीट से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। इस चुनाव में जनता दल के रामविलास पासवान ने कांग्रेस के अशोक कुमार को पारजित किया था। श्री चौपाल तीसरे नंबर पर रहे थे। वर्ष 1995 के विधानसभा चुनाव में श्री चौपाल ने बखरी (सु) सीट से चुनाव लड़ा। इस बार उन्हें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राम विनोद पासवान ने मात दी। श्री चौपाल को भाजपा ने वर्ष 2014 के सुपौल संसदीय सीट से उम्मीदवार बनाया, हालांकि वह अपने गृह जिले सुपौल में भी चुनाव हार गये।

सुपौल संसदीय सीट से दिलकेश्वर कामत दूसरी बार मैदान में

बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में सुपौल संसदीय सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के वर्तमान सांसद दिलकेश्वर कामत, जहां दूसरी बार जीत का सेहरा बांधने के प्रयास में हैं, वहीं इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी चंद्रहास चौपाल पहली बार लोकसभा के चुनावी मैदान में उतरे हैं।

राजद प्रत्याशी पहली बार मैदान में

वर्ष 2019 मे सुपौल संसदीय सीट पर हुये चुनाव में राजग में शामिल जदयू के प्रत्याशी दिलकेश्वर कामत ने महागठबंधन में शामिल कांग्रेस प्रत्याशी रंजीत रंजन को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में जदयू ने एक बार फिर से श्री कामत के प्रति भरोसा जताते हुये उम्मीदवार बनाया है, वहीं (इंडिया गठबंधन) में सीटों के तालमेल के तहत सुपौल सीट कांग्रेस की जगह (राजद) को मिली है। राजद ने सुपौल संसदीय सीट पर सिंहेश्वर विधानसभा के विधायक चंद्रहास चौपाल को चुनावी रण में उतारा है। जदयू के श्री कामत चुनावी मैदान में दूसरी बार जीत के प्रयास में लगे हैं, वहीं राजद प्रत्याशी पहली बार पहली बार सांसद बनने के लिये चुनावी मैदान में डटे हैं।

न्यूज गैलरी

छात्रों को डिप्रेशन से बचाने माशिमं की अनूठी पहल

रायपुर/नवप्रदेश। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष घोषित किए जाते हैं विद्यार्थियों के अपेक्षित परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी प्रायः तनाव में रहते हैं तथा कुछ विद्यार्थी तो डिप्रेशन में चले जाते हैं, राज्य शासन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने ऑनलाइन दक्षता विकास एवं अभिप्रेरणा प्रशिक्षण आज आयोजित की गई।

अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेनू पिल्ले ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम शीघ्र बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करने जा रहे हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले या बाद में विद्यार्थियों को निराश होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। पालकों को भी बच्चों से बहुत अधिक एक्सपेक्टेशन नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे में यह प्रवृत्ति पायी जाती है या इस संदर्भ में कोई भी सूचना मिलती है तो स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर 104 आरोग्य सेवा निःशुल्क परामर्श पर सूचित किया जा सकता है। यह टोल फ्री नंबर 24म7 संचालित रहेगा। सूचना प्राप्त होने पर विद्यार्थियों के हित में तत्काल समाधान उपलब्ध कराया जा सकेगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा कि कई बच्चे अपेक्षा अनुसार परिणाम नहीं ला पाते इस स्थिति में तनाव नहीं लेना चाहिए। कम नंबर लाने का मतलब यह नहीं है कि नॉलेज कम है ,कई व्यक्तित्व ऐसे हैं जो अपने बचपन में अच्छे नंबर नहीं ला पाए पर आगे जाकर उन्होंने बहुत ख्याति प्राप्त की। श्री परदेसी ने सभी विभागीय व मैदानी अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

राजभवन के पास पलटी ई-रिक्शा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में राजभवन के गेट नंबर एक के समाने दोपहर लगभग 2.30 से 3.00 बजे एक ई रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई जिसमें सवार जानकी यादव एक बुजुर्ग महिला और वाहन चालक विदुर महानंद के गिर जाने से दोनों को गंभीर रूप से चोटे आई। दोनों घायल दर्द के मारे कहार रहे थे और घटना स्थल में भीड़ लगी हुई थी तभी वहां से गुजर रहे अधिवक्ता भगवानू नायक एवं भाजपा नेता प्रदीप साहू ने अपनी कार रोककर तत्काल घटना स्थल पहुंचे और 112 को सूचना देकर तुरंत एंबुलेंस मंगाया और दोनों घायलों को को एंबुलेंस में डालकर भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय के लिए रवाना किया। इस वक्त काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे राजभवन के सुरक्षा कर्मी और पुलिस अधिकारीगण भी मौजूद थे। घायल बुजुर्ग महिला जानकी यादव ने सूरज नगर, लाभांडी रायपुर और ई रिक्शा चालक विदुर महानंद ने कबीर नगर निवासी बताया। इस दौरान भगवानू नायक ने वाहन को धीरे चलाने की नागरिकों से अपील करते हुए कहा सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करना मानवता और नैतिक दायित्व है।

एमडी कटियार की फोटो के त्रुटिपूर्ण उपयोग की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार की तस्वीर का एक अंग्रेजी समाचार पत्र के वेबपोर्टल में राजनीतिक समाचार में गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया है, जिसके खिलाफ कार्यवाही की प्रक्रिया की जा रही है। 18 अप्रैल को पोर्टल पर अपलोड किए गए समाचार की जानकारी हाल ही में प्राप्त हुई। पोर्टल का पता तथा संवाददाता के व्यक्तिगत पते की जानकारी प्राप्त न होने के कारण यह प्रसंग सार्वजनिक रूप से प्रकाश में लाना उचित समझा गया ताकि भविष्य में इस प्रकार समान नाम होने पर तस्वीर के दुरूपयोग की पुनरावृत्ति न हो सके।

जग्गी हत्याकांड...याह्या ढेबर सहित सभी हत्यारों ने किया सरेंडर

■ **सुप्रीम कोर्ट से मिली मोहलत मंगलवार को हुई खत्म, सभी को सुनाई गई है उम्रकैद**

रायपुर/नवप्रदेश। एनसीपी नेता रामावतार जग्गी मर्डर केस में याह्या ढेबर सहित सभी दोषियों ने मंगलवार को रायपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। सुबह सबसे पहले याह्या ढेबर कोर्ट अपने वकील के साथ कोर्ट पहुंचा था। इसके बाद पुलिस उसे मेडिकल के लिए जिला अस्पताल ले गई और फिर वहां से रायपुर के सेंट्रल जेल। दोपहर बाद 4 अन्य दोषियों ने भी सरेंडर कर दिया। इससे पहले 15 अप्रैल को शूटर चिमन सिंह और विनोद राठौड़ ने कोर्ट में सरेंडर किया था।

4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जग्गी हत्याकांड के 27 दोषियों की अपील खारिज कर दी थी। लोअर कोर्ट के आजीवन कारावास के फैसले को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने 5 दोषियों तत्कालीन क्राइम ब्रांच के प्रभारी रहे आरसी त्रिवेदी, तत्कालीन थाना प्रभारी वीके पांडे, ष्टस्क्कोतवाली अमरीक सिंह गिल, सूर्यकांत तिवारी और याह्या ढेबर को तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया था।

21 साल पहले गोली मारकर की गई थी हत्या

4 जून 2003 को एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 अभियुक्त बनाए गए थे, जिनमें से 2 लोग बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे।

अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को सजा मिली थी। हालांकि बाद में अमित जोगी बरी हो गए थे। रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने अमित जोगी को बरी करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की, जिस पर अमित के पक्ष में स्टे है।

ये हैं दोषी

जग्गी हत्याकांड में दोषी अभय गोयल, याहया ढेबर, वीके पांडे, फिरोज सिद्दीकी, राकेश चंद्र त्रिवेदी, अवनीश सिंह लल्लन, सूर्यकांत तिवारी, अमरीक सिंह गिल, चिमन सिंह, सुनील गुप्ता, राजू भदौरिया, अनिल पचौरी, रविंद्र सिंह, रवि सिंह, लल्ला भदौरिया, धर्मेंद्र, सत्येंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह परिहार, विनोद सिंह राठौर, संजय सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार शर्मा, (मृत) विक्रम शर्मा, जबवंत, विश्वनाथ राजभर दोषी है।

कौन थे रामावतार जग्गी

कारोबारी बैकग्राउंड वाले रामावतार जग्गी देश के बड़े नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी थे। शुक्ल जब कांग्रेस छोड़कर ह्रष्टक्कमें शामिल हुए तो जग्गी भी उनके साथ-साथ गए। विद्याचरण ने जग्गी को छत्तीसगढ़ में ह्रष्टक्क का कोषाध्यक्ष बना दिया था।

पॉवर कंपनी से मुख्य अभियंता सतर्कता आईएन केथवास की भावभीनी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से मुख्य अभियंता सतर्कता (एल टी)श्री आई एन केथवास को 37 वर्षो 3 माह की सेवा उपरान्त कंपनी दायत्वों से सेवानिवृत्त कर भावभीनी विदाई दी गई। मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में मानव संसाधन (सीएसपीटीसीएल) द्वारा आयोजित विदाई कार्यक्रम में एमडी जनरेशन श्री एस.के.कटियार, एमडी ट्रांसमिशन श्री राजेश शुक्ला ने उन्हें कंपनी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र, शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक सर्वश्री भीम सिंह कंवर एवं आर ए पाठक ने पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त श्री आई.एन केथवास ने सेवाकाल मे अधिकारियों से मिले सहयोग व टीमवर्क को अपना सफलता का मूलमंत्र बताया। आपने तीन बार प्रदेश के प्रमुख अदिवासी क्षेत्र सरगुजा में पदस्थ रहते हुये विद्युत विकास कार्यो को गति प्रदान की। उनकी सबसे बडी सफलता विद्युत उपभोक्ताओं की पूर्ण संतुष्टि है। वर्ष 1988 में जॉजगीर चापा में पदस्थ श्री कैथवास को आज भी वहां के उपभोक्तागण विद्युत समस्याओं के लिए संपर्क करते है। यह उनके कुशल प्रबंधन एवं उपभोक्ता सेवाओं को प्रमाणित करता है कंपनी प्रबंधन व समस्त विद्युत विभाग द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मंच संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्रा द्वारा किया

श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ने लोगों को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

रायपुर/नवप्रदेश। श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल रायपुर, छत्तीसगढ़ का एक अग्रणी हॉस्पिटल की पहचान बनाये हुये है, जहां अनुभवी, विशेषज्ञ चिकित्सकों व सर्जन के द्वारा मरीजों को बेहतर ढंग से इलाज किया जाता है। उच्चस्तरीय आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का फायदा रायपुर व आसपास के अंचल की जनता को संपूर्ण रूप से मिल सके, इस उद्देश्य से श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य परामर्श-चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर रायपुर के साथ ही निकटवर्ती क्षेत्र के संस्थानों के लिये किया जाता है, जिसका लाभ अधिकतम लोगों को मिलता है। ऐसे ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 27 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को पुलिस हाउसिंग कॉलोनी अमलीडीह में रायपुर में किया गया। जिसमें डॉ.सुशील शर्मा (आर्थोपेडिक एवं ज्वाईंट रिप्लेसमेंट सर्जन), डॉ प्रयंक हिशीकर (आर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स इंजुरी विशेषज्ञ), डॉ करण सराफ (किडनी रोग विशेषज्ञ), डॉ रंजन पटेल (श्वांस छाती टीबी रोग विशेषज्ञ), डॉ अनुराग अग्रवाल (जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ), डॉ अक्षय बैद (न्यूरोसर्जन) शिविर में सेवा दिये, तथा नि निःशुल्क शुल्क बी.पी., शुगर, यूरिक, एसिड, वजन व ई.सी.जी. की जाँच की गई।

शीघ्र जांच से 500 से अधिक प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी की पहचान संभव

एम्स में आयुष विवि के कुलपति प्रो. पीके पात्रा को सम्मानित किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। प्राथमिक रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी की वजह से होने वाले इंफेक्शन और रोगों की रोकथाम के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में राष्ट्रीय सीएमई आयोजित की गई। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने 500 से अधिक प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी के नियंत्रण के लिए शीघ्र जांच करने और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने पर जोर दिया।

'एन इनसाइट इनटू प्राइमरी इम्युनोडेफिसिएंसी डिसआडर्स' विषय पर बायोकैमिस्ट्री विभाग के तत्वावधान में आयोजित सीएमई का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी एक चुनौती है जिसके निदान के लिए डेटा रजिस्ट्री की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गंभीर रोगों की जानकारी और उनके निदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रजिस्ट्री बनाए जाने की आवश्यकता होती है जिससे डेटा एकत्रित कर शोध और अनुसंधान किया जा सके।

विभागाध्यक्ष डॉ. एली मोहपात्रा ने कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता के पूर्णतः कार्यशील न होने या अनुपस्थित होने की स्थिति में रोगियों को 500 प्रकार की प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी हो सकती है जिनमें कई गंभीर भी हो सकती हैं। इससे रोगी को दुर्लभ बीमारियां भी हो सकती हैं। इसी विषय पर जागरूकता के लिए सीएमई आयोजित की जा रही है। सीएमई में भाग लेने वाले विशेषज्ञों ने कहा कि प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी की वजह से कई इंफेक्शन हो सकते हैं जिनकी पहचान कर उपचार की आवश्यकता होती है। ऐसा न होने पर इसका असर रोगी के विभिन्न अंगों पर पड़ सकता है। इसके लिए प्राथमिक स्तर पर पहचान करना जरूरी होता है।

हसदेव अरण्य को बचाने के लिए खदानों के खिलाफ 12 सालों से संघर्ष

■ **प्रदेश के आलोक शुक्ला को मिला ग्रीन नोबल अवॉर्ड**

रायपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। वन और आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता और छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक आलोक शुक्ला को प्रतिष्ठित 'गोल्डमैन एनवायर्नमेंटल प्राइज.-2024' से सम्मानित किया जाएगा। शुक्ला को यह पुरस्कार एक सामुदायिक अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने के लिए दिया जा रहा है। करीब 12 सालों से चल रहे इस अभियान से छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित 21 कोयला खदानों से 4.45 लाख एकड़ जंगलों को बचाया जा सका, जो जैव विविधता से समृद्ध हैं। आलोक इस जंगल को बचाने के लिए संघर्ष कर रही हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के संस्थापक सदस्य हैं। 'ग्रीन नोबेल' कहा जाने वाला यह पुरस्कार दुनिया के छह महाद्वीपीय क्षेत्रों के जमीनी स्तर के पर्यावरण नायकों को दिया जाता है। इस साल ये पुरस्कार पाने वाले सात लोगों में आलोक अकेले एशियाई हैं।

'गोल्डमैन एनवायर्नमेंटल फाउंडेशन' के एक बयान में उल्लेख किया गया है कि सरकार ने हसदेव अरण्य में 21 प्रस्तावित कोयला खदानों की नीलामी रद्द कर दी, जिनके वनों को छत्तीसगढ़ का फेफड़ा कहा जाता है और यह भारत के सबसे बड़े वन क्षेत्रों में से एक है।

हसदेव बचाने के संघर्ष को मिलेगी ताकत

गोल्डमेन अवॉर्ड जीतने को लेकर आलोक शुक्ला ने कहा, इससे हसदेव में लड़ने वाले हमारे साथियों का मनोबल बढ़ेगा और जो अन्य संघर्ष चल रहे हैं, उनके लिए उम्मीद जगाएगा कि हम बड़ी से बड़ी ताकत से भी लड़ सकते हैं।

आलोक शुक्ला समेत दुनियाभर के सात लोगों को मिला ये पुरस्कार, छत्तीसगढ़ से ये पुरस्कार जीतने वाले दूसरे- आलोक शुक्ला ग्रीन नोबल अवार्ड के चुने गए छत्तीसगढ़ के दूसरे व्यक्ति हैं। इससे पहले साल 2014 में छत्तीसगढ़ में रायगढ़ निवासी रमेश अग्रवाल को ये सम्मान मिला था। श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में अंधाधुंध कोयला खनन से निपटने में ग्रामीणों की मदद की और एक बड़े प्रस्तावित कोयला प्रोजेक्ट को बंद कराने के उनके काम के लिए यह पुरस्कार मिला।

सुविचार

जिंदगी हंसाए तो समझ लेना अच्छे कर्मों का फल मिल रहा है और अगर जिंदगी रूलाए तो समझ लेना कि अच्छे कर्म करने का समय आ गया है। - अज्ञात

आरक्षण को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर

इस बार के लोकसभा चुनाव में आरक्षण एक बड़ा मुद्दा बन गया है। आरक्षण को लेकर एनडीए और आईएनडीआईए के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर लगातार चल रहा है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अपनी हर चुनावी सभाओं में भाजपा पर यह आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा आरक्षण को खत्म करने जा रही है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने फिर अपना यह आरोप दोहराया और कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करो गैंग का अड्डा बन गई है। और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके सरगना हैं। राहुल गांधी का कहना है कि आरक्षण का मतलब पिछड़े वर्ग, दलितों और आदिवासियों को देश में भागीदारी देना है, लेकिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख ने पूर्व में बयान दिया था कि वे आरक्षण के खिलाफ हैं और आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा की जानी चाहिए। अब भले ही उन्होंने अपने बयान से किनारा कर लिया है, लेकिन आरएसएस और भाजपा आरक्षण को खत्म करना चाहती है। कांग्रेस नेताओं के इस आरोप को निराधार बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बयान दिया है कि भाजपा आरक्षण को जारी रखने के पक्ष में है। जब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जीवित है तब तक आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। उनका कहना है कि कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को मिले आरक्षण में कटौती करना चाह रही है। कर्नाटक में जहां कांग्रेस की सरकार है वहां उसने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती करते हुए अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का फैसला किया है। जबकि धर्म के आधार पर आरक्षण देना असंवैधानिक है। इस बीच कांग्रेस पार्टी की ओर से एक वीडियो वायरल किया गया है जिसमें गृह मंत्री अमित शाह के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। इस वायरल वीडियो में यह दिखाया गया है कि गृह मंत्री अमित शाह यह कह रहे हैं कि यदि फिर से भाजपा की सरकार बनी तो वे आरक्षण को खत्म कर देंगे। इस पर भाजपा नेताओं ने सफाई दी है कि अमित शाह ने अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का विरोध किया है, जिसे कांग्रेसी नेता तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं और देश में भ्रम फैला रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी एक बयान जारी कर यह कहा है कि आरएसएस आरक्षण के खिलाफ नहीं है। हम शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षण का समर्थन करते रहे हैं। यह आरक्षण जब तक जरूरत है तब तक जारी रहना चाहिए। बहरहाल लोकसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग और एससी, एसटी के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए आईएनडीआईए और एनडीए आरक्षण के मुद्दे को लेकर एक दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं और खुद को सबसे बड़ा आरक्षण समर्थक साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप के चलते आरक्षण को लेकर देश में भ्रम की स्थिति बनती जा रही है जो उचित नहीं है। बेहतर होगा कि आरक्षण व्यवस्था को लेकर बात का बतंगड़ न बनाया जाए बल्कि गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी जैसी ज्वलंत समस्याओं को चुनाव का मुद्दा बनाया जाए।

गुजरात के बाद मध्यप्रदेश में भी खेला

वैसे तो हर चुनाव के दौरान अवसरवादी नेता पाला बदलते ही रहते हैं। राजनीति में आयाराम गयाराम का खेल कोई नई बात नहीं है, किन्तु इस बार के लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह अवसरवादी नेता दल बदल रहे हैं वैसा पहले शायद ही कभी हुआ हो। खासतौर पर कांग्रेस पार्टी में तो मानो भगदड़ की स्थिति बन गई है। एक के बाद एक कई नेता कांग्रेस छोड़ रहे हैं और इनमें अधिकांश भाजपा में शामिल हो रहे हैं। अब तो कांग्रेस के प्रत्याशी ही पाला बदलने लगे हैं। पहले गुजरात के सूरत लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ने अपने समर्थकों का गलत हस्ताक्षर करवा कर अपना नामांकन रद्द करा दिया और भाजपा को थाली में सजाकर जीत परोस दी। जहां से अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन वापस लेने से भाजपा प्रत्याशी बगैर चुनाव लड़े जीत गया। अब गुजरात की तरह ही मध्यप्रदेश में भी खेला हो गया है। इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय बम ने अपना नामांकन पत्र वापस लेकर भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कर दी है। नामांकन वापस लेने के बाद उक्त कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा में शामिल हो गया है। इस घटना से एक बार फिर कांग्रेस पार्टी के भीतर घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस के ही नेता आरोप लगा रहे हैं कि जिनकी वाफादारी पर संदेह था, उसे कांग्रेस पार्टी ने टिकट क्यों दिया। इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम की उम्मीदवार का वहां के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता ही विरोध कर रहे थे। उनका कहना है कि पिछले विधानसभा चुनाव में अक्षय बम ने कांग्रेस प्रत्याशी को हराने के लिए भीतरघात ही नहीं बल्कि खुलाघात किया था इसके बावजूद उसे लोकसभा प्रत्याशी बना दिया गया था। और उसने टिकट मिलने के बाद एन समय में अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा को वॉकओवर दे दिया है और पार्टी की पीठ पर छुरा भोका है। ऐसे लोगों से पार्टी को सावधान रहने की जरूरत है। वास्तव में कांग्रेस पार्टी को चाहिए की वह टिकट वितरण में सावधानी बरते वरना उसे इसी तरह फजीहत का सामना करना पड़ेगा।

पवित्र मन के मित्र मजदूर

विजय मिश्रा 'अमित'

मजदूरों के प्रति उदारता,सहृदयता अनेक अर्थों में दोहरा लाभ दिलाने वाली कुंजी है। मजदूर और मालिक के मध्य परोपकार की भावना आपसी रिश्ते में प्रगाढ़ता लाती है। प्रबल विश्वासजगाती है। कवि रहीम जी की पंक्तियां इसे बेहतर उजागर करती हैं- रहीम वे नर धन्य हैं पर उपकारी अंग,बांटनवारे को लगे ज्यों मेहंदी को रंग अर्थात दूसरों को खुशी देने वाले बधाई के पात्र हैं। मालिक- प्रबंधन- श्रमिक के मध्य मधुर संबंध से उसी तरह दोहरा लाभ होता है जैसे मेहंदी लगाने वाले के हाथ में ना चाहते हुए भी मेहंदी का रंग स्वतः चढ़ जाता है। दूसरों के माथे पर चंदन लगाने वाले के हाथ स्वतः चंदन की महक से गमक उठाते हैं। मजदूर दिवस पर श्रम शक्ति को नमन करते हुए मजदूरों से काम लेने वालों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि मजदूर के पसीने के बिना प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे श्रमवीरों- कर्मवीरों को सटीक परिभाषित करती हैं ए पंक्तियां -- मजदूर अशक्त नहीं सशक्त है, श्रम के पुजारी श्रम के भक्त हैं। मजदूर मजबूर नहीं मजबूत है,विकास की नींव विकास के सबूत है।

सृष्टि के आरंभ से ही मजदूर व.र्ग का जन्म हुआ।मानव समाज का यह एक ऐसा वर्ग है जो आजीवन दूसरों का बोझ अपने सिर पर लेकर चलता है।कम दाम पर अधिक काम बड़े आराम से कर देता है।खुद के सिर पर छत नहीं होता,हाथ पावं में फफोले होते हैं पर दूसरों की आलीशान कोठी बनाने में कोताही नहीं करता।इसी लिए तपती धूप,कड़कती ठंढ और भीषण बारिश भी मजदूर की मेहनत को झुककर सलाम करते हैं। मजदूर की बलशाली भुजाओं को देखकर कठोर चट्टान,ऊंचे पर्वत कांपते हैं।

ऐसे बाहुबली मजदूरों का अपने साथ-साथ अपने परिवारजनों के जीवन यापन,रोजी रोटी हेतु दूसरों का बोझ उठाना अगर मजबूरी है तो मजदूर की ताकत के दम पर ही गंतव्य तक पहुंचाना,नव निर्माण कार्य को पूरा करना समाज के अन्य वर्गों की भी मजबूरी है।अत्याधुनिक मशीनों के आविष्कार ने आज के युग को जेट युग बना दिया है। तेज रफ्तार ही तेज प्रगति की पर्याय बनती जा रही है। ऐसे दौर में भी मजदूरों की अहमियत बरकरार है। उनका स्थान पूरी तरह से मशीन नहीं ले सकी है।तात्पर्य यही है कि धरा पर ÷भगवान विश्वकर्मा÷ की भांति मजदूरों की अहमियत मानव समाज में सदैव बनी रहेगी।

गांव शहर की चहल पहल,कल कारखानों की कल- कल कल- कल को चलायमान रखने वाले मजदूरों ने सर्वप्रथम अमेरिका में 1 मई 1886 को अपने हक की लड़ाई लड़ी और एक दिन में आठ घंटे कार्य की समय सीमा को निर्धारित करने में कामयाबी पाई,यद्यपि इस आन्दोलन में मजदूरों की मौत भी हुई। आज भारत सहित अन्य देशों में भी कार्य समयावधि आठ घंटा मान्य है। इसी आंदोलन के बाद से एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने की आधारशिला रखी गई।भारत में 1 मई 1923 से मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत चेन्नई से हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस कड़ी मेहनत से उपजी उन्नति से प्रेरणा लेकर आगे और बेहतर करने हेतु संकल्प लेने का दिवस होता है। मजदूरों के जीवन में जश्न के साथ नव ऊर्जा को संचारित करने का दिवस होता है। मजदूरों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने का दिवस होता है।शोषणकर्ताओं के विरुद्ध साझा संघर्ष के लिए एक जुट होने का दिवस होता है।यद्यपि बड़ी चिंता जनक बात है कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने की पहल के सैकड़ों वर्षों बाद भी ज्यादातर मजदूरों की दुर्दशा ही दिखाई देती है। मजदूर दिवस का आयोजन कागजी रस्म सा प्रतीत होता है।केवल इसी दिवस पर मजदूरों का सम्मान करने वालों को चाहिए कि हरेक दिवस को मजदूर के मान सम्मान दिवस की दृष्टि से ही देखें।

याद रखना होगा कि मजदूरों का शोषण, मजदूरों के साथ अन्याय करना स्वयं को कमजोर बनाने जैसा कृत्य सिद्ध होगा।अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाले मजदूरों की ताकत को नजर अंदाज करना उल्टे गिरने की स्थिति में ला खड़ा करेगा।दुनिया के ज्यादातर मजदूर निरक्षर और अनपढ़ होते हैं।यही वजह है सुरक्षा के प्रति सजगता और अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी भी मजदूरों में दिखाई देती है, पर ज्ञानी ध्यानी पूंजीपति मालिकों को अनपढ़ मजदूर ही पसीना बहाना, पसीना बहाकर रोजी-रोटी रुपया पैसा कमाना सिखाता है,अतः मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा,उनके प्रति सहानुभूति रखना मालिकों के लिए भी हितकर है।

मजदूर दिवस पर यह भी स्मरणीय है कि मजदूर की गाढ़ी कमाई की पवित्रता ही उसे उबड़ खाबड़ जमीन पर मीठी नींद सुला देती है।ऐसे ही परिश्रम और पसीने की महत्ता को उजागर करते हुए जैन मुनि श्री तरुण सागर जी कहते हैं कि- बिना पसीना बहाये जो धन दौलत हासिल होता है,वह पाप की कमाई के समतुल्य है। पाप की कमाई से सोना हीरा जड़ित कंगन तो पहन सकते हैं, पर यह भी संभव है कि पाप की कमाई के कारण लोहे की हथकड़ियां भी पहननी पड़ जाए।

प्रायःयह भी देखने सुनने में आता है कि मालिक बने धनाढ्य लोग समान काम के लिए समान मजदूरी नहीं देते।मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं देते,या आधी अधूरी मजदूरी ही देते हैं। ऐसे कुटिल चाल, कुत्सित विचारों के पीछे मालिक की सोच मजदूरों को बंधुवा बनाकर रखने की होती है,जो कि हर दृष्टिकोण से मानवीय धर्म के विरुद्ध है।अनुचित है।

धार्मिक ग्रंथों में,नीति शास्त्रों में इस बात को विशेष रूप से उल्लेखित किया गया है कि भरण पोषण के लिए खून -पसीना बहाने वाले मजदूरों की पाई पाई मजदूरी का भुगतान उसका पसीना सूखने के पहले ही कर देना चाहिए।ऐसा करना मजदूर समुदाय को तन मन धन से मजबूत बनाना है।मजदूर की मजबूती ही मालिक को ठोस धरातल और सुदृढ़ नींव पर खड़ा करती है। मजदूरों के प्रति उदारता,सहृदयता अनेक अर्थों में दोहरा लाभ दिलाने वाली कुंजी है। मजदूर और मालिक के मध्य परोपकार की भावना आपसी रिश्ते में प्रगाढ़ता लाती है। प्रबल विश्वास जगाती है।कवि रहीम जी की पंक्तियां इसे बेहतर उजागर करती हैं- "रहीम वे नर धन्य हैं पर उपकारी अंग,बांटनवारे को लगे ज्यों मेहंदी को रंग" अर्थात दूसरों को खुशी देने वाले बधाई के पात्र हैं।

मालिक- प्रबंधन- श्रमिक के मध्य मधुर संबंध से उसी तरह दोहरा लाभ होता है जैसे मेहंदी लगाने वाले के हाथ में ना चाहते हुए भी मेहंदी का रंग स्वतः चढ़ जाता है। दूसरों के माथे पर चंदन लगाने वाले के हाथ स्वतः चंदन की महक से गमक उठाते हैं।

मजदूर दिवस पर श्रम शक्ति को नमन करते हुए मजदूरों से काम लेने वालों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि मजदूर के पसीने के बिना प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे श्रमवीरों- कर्मवीरों को सटीक परिभाषित करती हैं ए पंक्तियां --

मजदूर अशक्त नहीं सशक्त है, श्रम के पुजारी श्रम के भक्त हैं। मजदूर मजबूर नहीं मजबूत है,विकास की नींव विकास के सबूत है।

आज का इतिहास

01 मई 1711 ऑस्ट्रिया ने कैरेल - हंगेरी विद्रोह पर शांति के लिए हस्ताक्षर किया 1715 पर्शिया ने स्वीडन से युद्ध की घोषणा की। 1726 वोल्टेयर ने इंग्लैंड में निर्वासन शुरू किया। 1778 अमेरिकी क्रांतिः कुटिल बिलेट की लड़ाई हेटबोरो, पेनसिल्वेनिया में शुरू हुई। 1781 सम्राट जोज़ेफद्वितीय जनसंख्या के संरक्षण को कम कर दिया। 1786 वोल्फ ऑफ द मैरिज ऑफफिगारो, एक ओपेरा बफ़ जो कि वुल्फगैंग एमेडस मोजार्ट द्वारा रचित है, का प्रीमियर वियना के बर्गथेटर में हुआ था। 1786 मोजार्ट के ओपेरा विवाह की शादी वियना में प्रीमियर हुई। 1794 पिछले साल स्पेन की बलोउ की लड़ाई में अपनी जीत के साथ पाइरेनिस-फ्रांस का युद्ध लगभग सभी भूमि को फिर से हासिल कर लिया जो वह स्पेन से हार गया था। 1822 जॉन फिलिप्स बोस्टन के पहले मेयर बने। 1834 बेल्जियन संसद ने रेलवे कानूनों को स्वीकार किया। 1840 विश्व का पहला डाक टिकट ग्रेट ब्रिटेन में जारी किया गया था, जिसके ऊपर ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया का चित्र छपा था। यह डाक टिकट काले रंग में एक छोटे से चौकोर काग़ज़ पर छपा था और उसकी कीमत एक पेनी रखी गई थी। 1840 यूनाइटेड किंगडम ने पेनी ब्लैक जारी किया, जो कि पहले आधिकारिक चिपकने वाला डाक टिकट था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खुद के मुद्दे संभाले ना गए

खुद के मुद्दे संभाले ना गए औरों के संभालने लगे हैं अजीब हैं आजकल के लोग खुद बिगड़े हैं... लोगों को सुधारने चले हैं जाने क्यों औरों के मामले में टाँग अड़ा देते हैं लोग खुद लंगड़े हैं फिर भी हिम्मत दिखला जाते हैं लोग मुस्कान छीनकर दूसरे की दाँत दिखा मुस्काते लोग कैसे-कैसे सर्कस के बाहर भी रोज तमाशे लगाते हैं लोग।

-शिल्पी अग्रवाल

पांव में कांटा चुभ जाए

पांव में कांटा चुभ जाए तो दोष कांटो को देते हैं कांटा तो अपनी जगह है, पैर तो आपने रखा धोखा देने वाले को दोष देते हैं, लेकिन धोखा देने वाले की तासीर धोखेबाज है, भरोसा तो आपने किया।

- अरूणा राव

खास पाती | इंसान या गुनाहों का पुतला बना दिया

इंसान या गुनाहों का पुतला बना दिया। हैरान खुद, खुदा है कि ये क्या बना दिया । ठोकर लगा के चल दिये सरकार आप फिर , जब चाहा दिल ये मेरा खिलौना बना दिया। वो तू तड़ाक से यूँ उतर आया आप पर , पल भर में उसने मुझको पराया बना दिया । पढ़ने की उम्र में वो कमाने निकल गया, मजबूरियों ने उसको सयाना बना दिया । जो शौक़ से गयी थी नदी वस्ल के लिए , सागर ने उसको मीठे से खारा बना दिया। खींची लकीर वक़्त की पेशानी पे बड़ी, किरदार खुद का खुद से ही ऊँचा बना दिया । माँ शारदे करम ये प्रखर पर भी कम नहीं, ज़र्रा को तूने एक सितारा बना दिया।

- राजेश श्रीवास्तव प्रखर

कांग्रेस भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि सुधारने

कांग्रेस भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि सुधारने का काम करेगी जो वर्तमान सरकार के कारण खराब हुई है। बकौल कांग्रेस - धार्मिक स्वतंत्रता के दमन से यह छवि खराब हुई है। 'धार्मिक स्वतंत्रता का दमन' से समझ तो गये होंगे आप कि कहना क्या चाहते हैं ये? इन्हें श्रीराम मंदिर बनाया जाना धार्मिक स्वतंत्रता का हनन लगता है। क्या आपको भी लगता है कि भारत की छवि इससे खराब हुई है? क्या ही कहें इन को।

- पंकज कुमार झा

अब कहाँ रवानगी नदी की बची

अब कहाँ रवानगी नदी की बची हर जगह पानी है ठहरा हुआ ख़ामोशी के जंगल सिकुड़ से गये शोर शहरों का इतना गहरा हुआ सिर झुकाये बिना दाखिला अब नहीं दरों पर नये शाहों का पहरा हुआ न गुल, न खुश्बू, न पंछी, न नगमे जैसे चमन न हुआ कोई सहरा हुआ **- जावेद उस्मानी**

न उड़ाओ मजाक, ये वक्त कभी

न उड़ाओ मजाक, ये वक्त कभी किसी का न हुआ, कल हम भी फ़लक पर थे, आज जमीन पर हैं तो क्या हुआ, हमारे चेहरे की मुस्कान ही काफी है लड़कर जिताने के लिए, हैं माँ -बाप गरीब और हाथ-मुँह काले, तो क्या हुआ

- रामकिशोर उपाध्याय

जाने किस पशोपेश में रहता है दिल

जाने किस पेशोपेश में रहता है दिल, ज़ज्बातों को खोने से डरता है दिल, बड़े सलीके सीखे हमने इस दहर से, भूले से भी ना कहीं उलझता है दिल, हां बड़ी मुद्दत से पाली थी जो आरजू, बाद इम्तहां यूं दिल से लगता है दिल, यकीं करें कैसे कौन बिसात बिछा बैठे, चेहरे पे लगे चेहरे को समझता है दिल , बारहा हजार आंखों से आंखें मिलती, बमुश्किल निगाहों में जंचता है दिल, रख दिया लबों पर ज़ख़ीरा खुशियों का, जिनके तसव्वुर में भी संवरता है दिल, रहे क्यूं नाशाद हम दिल शाद हैं जिनसे, विजय यूं दुआओं साथ चलता है दिल।। **- विजय लक्ष्मी राय विजय**

मन के शोर को सुनो... उसे अनदेखा ना करो

मन के शोर को सुनो... उसे अनदेखा ना करो.. देखो तो क्या कहना चाहता है.. और उसे मन से ही सुनो अपने दिमाग़ से नही... भागते तो दोनों ही है अपनी अपनी दिशा मे.. पर दोनों की दिशा एक ही होनी चाहिये... नही तो दोनों अपनी अपनी दिशाओ मे तुम्हें भगाएंगे और तुम थक हार कर बैठ जाओगे क्यूँकि समझ ही नही पाओगे किसकी सुनी जाये.. तो मन के शोर को समझने की कोशिश करो.. करो आत्ममंथन...

- भागीरथी सिंह

प्रेरक प्रसंग

बूट पालिश

मेसाच्युसेट्स के सीनेटर चार्ल्स समर, एक दिन प्रातःकाल ही अमेरिका के राष्ट्रपति श्री अब्राहम लिंकन से मिलने जा पहुँचे। पहुँचने पर देखा, लिंकन साहब बैठे हुए बड़ी मस्ती से अपने जूतों पर पालिश कर रहे थे।

मित्र ने कहा- आप अपने जूतों पर स्वयं ही पालिश क्यों कर रहे हैं ? क्या कोई भृत्य नहीं ?

अब्राहम लिंकन मुस्कराते हुए बोले, अपने जूतों पर नहीं, तो क्या किसी और के जूतों पर पालिश करूँ ? अपना काम आप

बोली- बहन ! मेरे पति ने मुझे अमेरिका जाने के लिए पैसे भेजे थे, किंतु किसी धूर्त अधिकारी ने पैसे लेकर बनावटी टिकट दे दिए हैं और जहाज जाने की तैयारी में है।

उस धोखेबाज व्यक्ति को खोजने का समय न था। ब्लैवट्स्की ने अपना प्रथम श्रेणी का टिकट वापस करके चार तृतीय श्रेणी के टिकट क्रय किए और कहा-चलो बहन ! जहाज छूटने ही वाला है।

QUIZ TIME

1) किस उभारदार मूर्तिशिल्प शिलालेख में अशोक के प्रस्तर रूपचित्र के साथ राण्यो अशोक (राजा अशोक) उल्लिखित है?

2) संविधान का कौन सा भाग है जो संविधान के निर्माताओं के मस्तिष्क और उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करता है?

3) भूमध्य रेखा, कर्क रेखा और मकर रेखा तीनों किस एक महाद्वीप से गुजरती है?

4) भारत में विदेशी विनिमय संचय का रख-रखाव किसके द्वारा किया जाता है?

5) हाल ही में समाचारों में उल्लिखित क्रिस्टल मेज 2 बैलिस्टिक मिसाइल क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कनगनहल्ली (2) राज्य के नीति निदेशक तत्व (3) अफ्रीका महाद्वीप (4) भारतीय रिजर्व बैंक (5) बैलिस्टिक मिसाइल्स

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:45, सूर्यास्त : 06:51, चन्द्रोदयः : 25:06, चन्द्रास्तः :10:32,

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : श्रवण, योग : शुभ, प्रथम करण : वणिज (07:05 तक), द्वितीय करण : विष्टि (18:28 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:52 से 12:45, अमृत काल : 21:54 से 23:28, त्रिपुष्कर योग : 07:05 से 28:09, रवियोग : 05:41 से 28:09, विजय मुहूर्त : 14:31 से 15:24, गोधूलि मुहूर्त : 18:55 से 19:16, सायाह्न सन्ध्या : 18:56 से 20:00, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:40, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:00 से 10:39, होमाहुति : गुरु, दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : पाताल (07:05 से 18:28 तक)।

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (दलिया अथवा धनिया का सेवन कर यात्रा करें) आज जन्मे शिशुओं का नामकरण आज जन्मे शिशुओ का नाम श्रवण नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (खी, खू, खा, खो) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दिन का पहला भाग घरेलू कार्यो की व्यस्तता में व्यर्थ होगा किसी काम की आनाकानी करने पर कलह भी हो सकती है।

वृषः आज दिन के आरंभ से ही मानसिक रूप से प्रसन्न नजर आएंगे किसी बहुप्रतीक्षित कार्य के बनने की आशा से उत्साहित रहेंगे।

मिथुनः आज दिन के आरंभ से ही सेहत संबंधित समस्या बनने लगेगी लापरवाही करने पर मध्यान तक परेशानी बढ़ने की संभावना है ।

कर्कः आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा व्यवहार में नरमी रहने से आज किसी से भी आसानी से कार्य निकाल लेंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिये वृद्धिकारक रहेगा दिन के पूर्वार्ध से ही किसी विशेष कार्य को लेकर मन मे तिकड़म लगी रहेगी ।

कन्याः आज के दिन आपको भाग दौड़ का उचित फल नही मिल सकेगा सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी छवि बुद्धिमान जैसी बनेगी।

तुलाः आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा दिन का पहला भाग आपकी किसी गलती से अशान्त बनेगा परिजन आपकी पुरानी गलतियों को गिन गिन कर बताएंगे।

वृश्चिकः आज का दिन धन लाभ वाला रहेगा लेकिन इसके लिए धैर्य का परिचय देना होगा जल्दबाजी में किये कार्य निकट भविष्य में लाभ की जगह कोई नई समस्या खड़ी कर सकते है ।

धनुः आज का दिन सामान्य रहेगा मन से संतोषी रहेंगे लेकिन किसी के दबाव में आकर धन कमाने की तिकड़म लगायेंगे ।

मकरः आज दिन के आरंभिक भाग को छोड़ शेष समय राहत वाला रहेगा प्रातः काल मे किसी गलती का पछतावा होगा प्रत्येक कार्य संकोच से करेंगे ।

कुंभः आज का दिन आपके लिये विपरीत फलदायी रहेगा कोई भी बड़ा कार्य यथा सम्भव आज टालना ही बेहतर रहेगा ।

मीनः आज का दिन अत्यंत शुभ फलदायक है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -043

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गिरफ्तारी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 042 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	वा	खा	ना
प	त	वा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लां
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र

न्यूज गैलरी

प्रेक्षक लथकर निरीक्षण में पहुंचे

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए मतदान के लिए तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग में विधानसभा दुर्ग ग्रामीण 63 क्रमांक में आज ईव्हीएम मशीन का कमिश्निंग कार्य प्रारंभ हुआ। यह कार्य ईसीआईएल इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान प्रेक्षक श्रीकेश लथकर द्वारा बीआईटी कॉलेज दुर्ग में चल रहे मतदान दल प्रशिक्षण व डाक मत पत्र के द्वारा मतदान कार्यो का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक श्री लथकर ने निरीक्षण के दौरान मतदान संबंधी आवश्यक जानकारियां दी। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, सीईओ जिला पंचायत श्री अश्विनी देवांगन, आयुक्त नगर निगम भिलाई-3 चरोदा श्री दशरथ राजपूत के साथ-साथ अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।

सहकारी बैंक के सीईओ जोशी सस्पेंड

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में काम करने का आरोप, जांच के बाद कलेक्टर की कार्रवाई

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार जोशी को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर के द्वारा इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जिला स्तरीय जांच समिति गठित की गई थी। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार जोशी को निलंबित कर दिया गया है।

राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध संचालक ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग के जांच प्रतिवेदन के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 5 के उल्लंघन पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जोशी के खिलाफ पार्टी विशेष के पक्ष में कार्य करने की शिकायत की गई थी। जांच में सही पाई गई शिकायत कलेक्टर द्वारा इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जिला स्तरीय जांच समिति गठित की गई थी।

जांच में शिकायत सही पाई गई

जहां जोशी के द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अहिवारा दुर्ग को अपनी व्यक्तिगत जानकारी देकर आवेदन में संकल्प लिया था. जिसमें उन्होंने कहा था कि, कांग्रेस पार्टी के उम्मीद्वार को विजयी बनाने हेतु निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 5 का उल्लंघन है।

जगदलपुर भेजे गए जोशी

निलंबन अवधि में सुरेन्द्र कुमार जोशी का मुख्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर किया गया है। उक्त अवधि में उन्हें निम्नानुसार जीवन निर्वाह भत्ता पात्रता अनुसार दिया जाएगा। प्रबंध संचालक ने श्री जोशी को तत्काल अपना पदभार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के वरिष्ठ अधिकारी को सौंप कर 30 अप्रैल 2024 को भारमुक्त होने तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर में तत्काल अपनी उपस्थिति देने के निर्देश दिए गए हैं।

फर्जी मार्कशीट से बीएसपी में नौकरी, 30 साल बाद पकड़ाया

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले से एक बड़ा मामला सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति फर्जी मार्कशीट के सहारे 30 साल से नौकरी कर रहा था। बड़े भाई के शिकायत पर भट्टी थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भट्टी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलफ धारा 420, 468, 468, 471, 201 के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार आरोपी किशन लाल पिता स्व. लैनू राम उम्र 59 वर्ष पता ग्राम पुरई थाना उतई जिला दुर्ग (कार्मिक पद सुपरवाईजर, विभाग टी.ई.डी. (सिविल), पर्सनल नंबर 899696 इस्पात सयंत्र भिलाई ने कूटरचित हाईस्कूल सर्टिफिकेट 10वीं अंकसूची दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करते हुए सयंत्र में नौकरी कर रहा था। आरोपी द्वारा वर्ष 1990 हाईस्कूल सर्टिफिक्रेट 10वीं अंकसूची के प्राप्तांको में कूटरचना किया गया था। आरोपी वर्ष 1994 से वर्तमान समय तक कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भिलाई इस्पात सयंत्र में नौकरी कर रहा था। भट्टी थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन रंगारी ने बताया कि आवेदक मंथीर राम टंडन पिता स्व. लैनू राम निवासी कन्हैया विहार कॉलोनी, गुण्डरदेही जिला बालोद ने पूर्व में पुलिस अधीक्षक दुर्ग कार्यालय में अनावेदक किशन लाल के विरूद्ध फर्जी अंकसूची एवं झूठे दस्तावेज के आधार पर सयंत्र में पदभार ग्रहण करने विषयक शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था। शिकायत में मिला कि अनावेदक किशनलाल आवेदक का सगा छोटा भाई है।

नि :शुल्क चिकित्सा शिविर

भिलाई। इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में 30 अप्रैल 2024 को ग्राम ढाबा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ढाबा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 20 लोगों की जांच की गई जिसमें ग्राम के महिला, पुरुष एवं बच्चे सम्मिलित थे। इस शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। शिविर में चिकित्सक डॉ सरस्वती, फार्मासिस्ट सूसन राय, शुगर एवम बीपी परीक्षण के लिए श्रीमती फिरोजा जोसेफ व पंजीयनकर्ता शम्भू दयाल तथा विभाग की ओर से श्रीमती सीता सिन्हा उपस्थित थी।

शातिर बदमाश मोहित जिलाबदर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा आदतन शातिर बदमाश मोहित सिन्हा के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चौन, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही की गई है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार मोहित सिन्हा आत्मज राजेश सिन्हा उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 02 राजीवनगर दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बालोद एवं धमतरी जिला की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के भीतर हटने अथवा बाहर चले जाने कहा गया है। साथ ही बदमाश मोहित को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश निषिद्ध होगा। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी के विरूद्ध थाना दुर्ग में मार-पीट, लोगों को गंदी-गंदी गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देना एवं सट्टा के संबंध में कई अपराध पंजीबद्ध है। प्रतिवेदन की विवेचना पश्चात् जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी ने एकपक्षीय कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध जिलाबदर की कार्यवाही की है।

साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए आईजी ने ली बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने ली रेंज स्तरीय सायबर अपराधो के रोकथाम के लिए बैठक ली। इसमें अन्य राज्यो की पुलिस से साइबर संबंधी अपराधों की जानकारी पर आधारित पोर्टल जेसीसीटी पोर्टल के संबंध में जानकारी देकर चर्चा की गई। आईजी ने ऑनलाइन साइबर पोर्टल से संबंधित लंबित शिकायतों के त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। रेंज के प्रत्येक थाना के कम से कम 1 से 2 अधिकारियों को साइबर ट्रेनिंग के माध्यम से दक्ष किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग के द्वारा अपने कार्यालय के सभागार में आज दिनांक को रेंज के सायबर नोडल सहित प्रभारी एवम सायबर सिस्टम एडमिन की बैठक ली गई। मीटिंग में ऑनलाइन माध्यम से पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक बालोद एसआर भगत, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू उपस्थित रहे। श्री गर्ग के द्वारा पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से साइबर अपराधों की रोकथाम के संबंध में प्राप्त आवश्यक दिशा निर्देश के संबंध में भी जानकारी दी गई। रेंज के जिलों के सायबर सेल प्रभारी एवम सिस्टम एडमिन की बैठक के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त शिकायतों पर किए जाए रही कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण लेकर फीड किए जा रहे समस्त प्रकार के डाटा, अपराधों की विवेचना, एफआई.आर. एवं सभी प्रकार की जांच कार्यवाहियों की समीक्षा भी की गई। सायबर पोर्टल, जेसीसीटी में लंबित शिकायतों के निकल पर जोर दिया गया।

हमने तो मतदान कर दिया, अब आपकी बारी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। चुनाव आयोग ने पहली बार मीडिया कर्मियों को भी डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा मुहैया कराया है। दुर्ग के वरिष्ठ पत्रकार पवन देवांगन और धनेंद्र सिंह चंदेल ने भिलाई इंस्टीट्यूट आफटेक्नालॉजी स्थित मतदान कक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोगो को संदेश दिया कि हमने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लिया, अब आप लोगो की बारी है। पत्रकार द्वय ने आगामी 7 मई को लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाताओं से वोट डालने की अपील की है। अभी तक सरकारी महकमे के वे लोग ही डाक मतपत्रों से अपने मताधिकार का उपयोग करते थे, जिनकी चुनाव में ड्यूटी लगी हो या फिर सुरक्षा बल में कार्यरत हो। लेकिन इस बार निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र के चौथे प्रहरी मीडिया कर्मियों को भी इस दायरे में लाकर सुविधा देने का अभिनव प्रयास किया है। इसी कड़ी में पत्रकारों को चुनाव आयोग ने निर्वाचन कार्यो की रिपोर्टिंग के लिए अनुमति प्रदान किया उन्हें डाक मतपत्र इस्तमाल की सुविधा दी। चुनाव के दिन अब ये पत्रकार अपना वोट डालने की चिंता छोड़कर आम चुनाव का वृहत कवरेज कर सकेंगे।

नेवई के बच्चों ने मनवाया अपना लोहा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। विकासखंड स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई में कक्षा 8 वीं के अध्यनरत बच्चों ने शाला समुदाय और विभाग का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय प्रवीण्य सह साधन छात्रवृत्ति परीक्षा में नेवई माध्यमिक शाला विद्यालय से कुल 22 विद्यार्थियों ने परीक्षा हेतु अपना पंजीयन कराया था। जिसमें से 17 विद्यार्थी इस परीक्षा में छात्रवृत्ति के लिए पात्र हुए हैं। इस सफलता के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव के साथ-साथ शाला परिवार एवं समुदाय के सभी सदस्यों का मन प्रफुल्लित है तथा सभी ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। संस्था के प्रधान पाठक गजेंद्र बैस का कहना है कि शाला परिवार की एकजुटता तथा शिक्षकों के प्रयास का यह परिणाम है। उनके बच्चों के इस कठोर परिश्रम से यह लक्ष्य हासिल कर पाए हैं। पूरे वर्ष भर बच्चों के साथ में माता-पिता तथा शिक्षक अपना अध्यापन कार्य संचालित करते रहे। शिक्षिका डॉ.नीलांजना जैन ने विद्यार्थियों के इस परिश्रम में प्रत्येक दिवस 20 मिनट का मोटिवेशनल क्लास संचालित कराती थी। जिससे बच्चे ज्यादा से ज्यादा मोटिवेट होते थे तथा अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रेसित होते थे। मोटिवेशनल क्लास ने बच्चों को कहीं भी भटकने नहीं दिया तथा अपने लक्ष्य के प्रति एकजुट होकर केंद्रित रहे। पूरे सत्र बच्चों के अलग-अलग टेस्ट तथा अलग-अलग तरीके से आकलन लिए गए जिसमें बच्चों के गुणवत्ता को शाला परिवार परख पाए थे।

विज्ञापनों का कराना होगा प्रमाणीकरण

दुर्ग। लोकसभा आम निर्वाचन में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। मतदान दिवस यानि तृतीय चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 6 और 7 मई को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक पार्टी, अभ्यर्थी एवं अन्य संस्थान के विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया विज्ञापनों का अभिप्रमाणन अनिवार्य किया है।

हेमचंद विवि का राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर पहल

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। हेमचंद यादव विवि द्वारा छग प्रदेश में अगामी नये षिक्षण सत्र से लागू होने वाली राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के परिपालन में सार्थक पहल की गई है। विवि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंम्परा का समावेष करते हुए विषेष महत्व दिया गया है। इस पर संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा की उपस्थिति में विवि की स्थापना दिवस के अवसर पर हेमचंद यादव विवि तथा मानवीय शिक्षा शोध संस्थान अभ्युदय संस्थान अछोटी के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित किया। इस एमओयू पर हेमचंद यादव विवि की ओर से कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप तथा अभ्युदय संस्थान अछोटी की ओर से डॉ. संकेत ठाकुर ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग संभाग डॉ. राजेष पांडे, कल्याण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरपी अग्रवाल सहित विष्वविद्यालय के अनेक अधिकारी उपस्थित थें। एमओयू को विवि के प्राध्यापकों, प्राचार्यो, शोधार्थियों तथा छात्र-छात्राओं के लिए लाभकारी बताते हुए कुलपति पल्टा ने कहा कि अभ्युदय संस्थान द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण में विवि को सहयोग किया जायेगा।

बीएसपी का निजीकरण होने नहीं दूंगा : राजेन्द्र

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भिलाई इस्पात संयंत्र अपना अस्तित्व एवं वजूद खोने के कगार पर है उसके निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है अगर निजीकरण को रोकना है तो दुर्ग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को जीताना होगा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनानी पड़ेगी। आज भिलाई इस्पात संयंत्र में 32 हजार ठेका श्रमिक है जिनकी हालत दयनीय है उनकी पीड़ा को भाजपा के उम्मीदवार एवं मौजूदा सांसद बघेल ने कभी नहीं सुना उनकी पीड़ा और दर्द को सुनने के लिए प्रत्याशी राजेन्द्र उनके बीच रिसाली निगम अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रं. 37 जोरातराई पंहुचे। इस दौरान लगभग 3 सौ से ज्यादा ठेका श्रमिक उपस्थित थे। उनके अंदर भिलाई इस्पात संयंत्र के निजीकरण को लेकर भारी आक्रोश है ठेका श्रमिकों ने कहा कि संयंत्र के निजीकरण को रोकना है तो राजेन्द्र को जिताना पड़ेगा। क्योंकि मौजूदा सांसद उनकी पीड़ा को सुनने से इंकार कर दिया है। उन्होंने ठेका श्रमिको के हितों को कभी संसद में नहीं उठाया है। ठेका श्रमिकों ने अपनी मांगों और पीड़ा को राजेन्द्र के समक्ष रखा। उन्होंने मांग रखते हुए कहा कि हमे प्रतिमाह 26 हजार रुपये वेतन सहित आवास चिकित्सा नाइट भत्ता एवं आने जाने के लिए गाड़ी मिलना चाहिए। यह हमारा हक है जिसको भारतीय जनता पार्टी हमेशा दरकिनार करने का काम किया है। संयंत्र पर उद्योपति अडानी की नजर है अगर हमको निजीकरण से बचाना है तो इसके लिए हम सभी लोगों को 2 नंबर पर लोकतंत्र के महापर्व 7 मई को राजेन्द्र साहू को जिताना है.

बघेल को जनता का मिल रहा भारी जनसमर्थन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल का जनसम्पर्क आशीर्वाद यात्रा लगातार जारी है। जोर सोर से पूरे उत्साह उमंग के साथ चुनाव प्रचार किया जा रहा। गांव गांव पहुंचकर सांसद विजय बघेल ने लोगों से मिल रहे है और राष्ट्र निर्माण के लिए,देश के विकास के लिए, एक बार फिर से देश को सोने की चिड़िया बनाने, देश की खोई हुई स्मिता मानसम्मान को वापस लाने के लिए भाजपा को जिताने कमल के फूल छाप में बटन दबाने के लिए प्रचार प्रसार कर रहे है। आज नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम ढोलिया, झाल, खंडरसा, केवांछी, करचुवा, बेतर, जांता, दाढ़ी, पचभैया, सूखाता, बैहरसरी, मंजगांव, उड़तला, कड़ौतीय, छिरहा, नगपुरा, प्रताप पुर, रणबोड़, मानिकपुर, घोघरा, गादामोर, झाल और नवागढ़ में चुनाव प्रचार किया गया। जनसंपर्क आशीर्वाद यात्रा में गांव गांव से सैकड़ो लोग जूट और बाइक रैली निकाली गई। सभी गांव में जगह- जगह पर बघेल का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान गांव गांव में सभा का आयोजन किया गया। जहाँ सभा को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि मोदी की गारंटी है और हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जितने भी वादे किए उसे साकार कर रहे है। जिसका छत्तीसगढ़ के प्रत्येक लोगों को इसका सीधा लाभ मिल रहा। विजय बघेल ने ही महतारी, दाई दीदी के लिए महतारी वंदन योजना को बनाएं और आप सब को लाभ दिलाने वाले विजय है। इस बार हम सब को फिर से मोदी की सरकार बनानी है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202403100400374 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दीपक तोमर आ./पति शिवकुमार तोमर निवासी आनंद विहार के पास बोरसी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 423/22 रकबा 0.004 हें/ 450 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 20240410060015 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती निर्मला वर्मा आ./पति श्री लालजी प्रसाद वर्मा निवासी खोरपा तह. पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1201/35 रकबा 0.0307 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202404100600016 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक प्रकाश कुमार सोनकर आ./पति श्री सोमनलाल सोनकर निवासी फिंगेश्वर तह. राजिम जिला गरियाबंद के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1201/55 रकबा 0.0256 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202404100600017 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती चंद्रकुमारी वर्मा आ./पति श्री अनिल कुमार वर्मा निवासी संतोषी नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1201/56 रकबा 0.0120 हें/भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202404100600018 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती तृप्ति वर्मा आ./पति श्री हरीश कुमार वर्मा निवासी खोरपा तह. पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम खोरपा प.ह.न. 36 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 86/2 रकबा 0.020 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202404100600019 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रेणुका वर्मा आ./पति श्री बलदाऊ प्रसाद वर्मा निवासी खोरपा तह. पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम खोरपा प.ह.न. 36 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 86/1 रकबा 0.020 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00006 सिरसाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430101000010

तहसील दुर्ग प.ह.न. 00006 अंतर्गत ग्राम सिरसाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी चरण कुमार पिता/ पति- स्व.तिजुरामपता-सिरसाखुर्द, सुरेश ढीमर पिता/पति स्व. तिजुराम पता-सिरसाखुर्द, सगनलाल पिता/पति स्व. तिजुराम पता-सिरसाखुर्द, चित्ररेखा पिता/पति स्व. तिजुरामपता-सिरसाखुर्द, बिरंबई पिता/पति स्व. तिजूराम पता-सिरसाखुर्द, इंद्राणी पिता/पति-स्व. तीजूराम पता सिरसाखुर्द के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 70/1 (0.0500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता चरण कुमार पिता/पति स्व. तिजुराम पता-सिरसाखुर्द, चित्ररेखा पिता/पति स्व. तिजूराम पता-सिरसाखुर्द, बिरमबाई पिता/पति स्व. तिजुराम पता-सिरसाखुर्द, सुरेश ढीमर पिता/पति स्व. तिजुराम पता-सिरसाखुर्द, सगनलाल पिता/पति स्व. तिजूराम पता-सिरसाखुर्द, इंद्राणी पिता/पति स्व. तिजुराम पता-सिरसाखुर्द के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/05/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00006 सिरसाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430101000008

तहसील दुर्ग प.ह.न. 00006 ग्राम सिरसाखुर्द के वर्तमान भूमि स्वामी कृष्णाबाई पिता/पति-रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द, कुलेश्वर नाबालिक पिता/पति-रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द, शेभीता नाबालिक पिता/पति-रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द, कीर्तिबाई पिता/पति-रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द, प्रभाव नाबालिक पिता/पति-रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रं. 325/1 (0.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कुलेश्वर पिता/पति रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द, कीर्तिबाई पिता/पति रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द, शोभित पिता/पति-रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द, कृष्णाबाई पिता/पति-रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द, प्रभा पिता/पति-रामकिसुन पता-सिरसाखुर्द के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई 16/05/2024 को समय 11 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में कोई भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन के बाद मामले की सुनवाई के समय या उससे पहले स्वयं/अधिवक्ता/अमुख्तियार के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मामले की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावे एवं आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00006 सिरसाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430101000009

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00006 के अंतर्गत ग्राम सिरसाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी बुधरू पिता/पति-आ.सोन सिंहपता-सा. सिरसाखुर्द द्वारा धारित खसरा संख्या 880/2(0.1000), 880/1(0.1000), 880/3(0.1000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ममता यादव पिता/पति स्व. बुधारु यादव पता-सिरसाखुर्द, मुकेश यादव पिता/पति स्व. बुधारु यादव पता सिरसाखुर्द, संतोष यादव पिता/पति स्व. बुधारु यादव पता सिरसाखुर्द, नरेंद्र यादव पिता/पति स्व. बुधारु यादव पता सिरसाखुर्द के नाम पर पंजीकरण/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्तारकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई 16/05/2024 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में कोई भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन के बाद मामले की सुनवाई के समय या उससे पहले स्वयं/अधिवक्ता/अमुख्तियार के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मामले की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया गया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती चारू संकल्प दीवान धर्मपत्नि संकल्प दीवान, उम्र 32 वर्ष, निवासी-5/4, ऋषभनगर दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) अपने पूर्व नाम कुमारी चारू श्रोत्रिया आत्मजा श्री प्रदीप कुमार श्रोत्रिया (निवासी-514, पॉकेट ई, फेस-2 मयूर विहार शमसपुर, पूर्वी दिल्ली) को विवाह दिनांक 03.07.2022 को संकल्प दिवान आ. संजय दीवान के साथ हुआ था उसके पश्चात नाम बदल कर श्रीमती चारू संकल्प दीवान धर्मपत्नि संकल्प दीवान निवासी-5/4 ऋषभनगर दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के रूप में परिवर्तित कर लिया है। अतः इस नाम परिवर्तन के प्रकाशन दिनांक से अब मेरी पक्षकारा को श्रीमती चारु संकल्प दीवान धर्मपत्नि संकल्प दीवान के रूप में जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जावे तंधा अन्य शासकीय एवं गैर शासकीय दस्तावेजों में मेरे पक्षकारा का उक्त नाम पढ़ा. लिखा एवं समझा जावे।

प्रशांत सिन्हा (अधिवक्ता)
श्री ग्राफिक्स कम्प्यूटर के सामने वाली गली बस स्टेण्ड रोड
पचरीपारा दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मनाई गई दानवीर भामाशाह जयंती

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सोमवार को अभनपुर तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के तत्वधान मे, दानवीर भामाशाह की जयंती, मनाई गई, जिसमे पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू सम्मिलित हुए, और वहा पर उपस्थित सामाजिकजनों को सम्बोधित करते हुए कहा की, आज हर जगह युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण है, युवाओं का देश ओर समाज निर्माण मे काफ़ी अच्छा सराहनीय भूमिका देखने को मिलता है व दानवीर भामाशाह के जीवन प्रकाश डालते हुए सामाजिक पदाधिकारिओं के साथ बैठ कर अपना विचार विमर्श साझा किये , सभी पदाधिकारीगण कार्यक्रम पर पूर्व मंत्री जी को अपने बीच पाकर खुश हुए, और उनके प्रति आभार व्यक्त किया द्य

उप मुख्यमंत्री अरूण साव का भटगांव आगमन आज

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव मे आज उप मुख्यमंत्री अरूण साव का आगमन नगर के जिला सहकारी बैंक के सामने रात्रि 8 बजे हो रहा है। जहां उप मुख्यमंत्री अरूण साव कार्यकर्ताओ से भेट मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े को जांजगीर लोकसभा से जिताकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को चार्ज करेंगे।

भाटापारा रेल्वे स्टेशन पर हुआ पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान

भाटापारा/नवप्रदेश। आवश्यक सेवाओ के अन्तर्गत रेलवे कर्म चारियो एवं विद्युत विभाग कर्मियों (भाटापारा) के मतदाताओं का पोस्टल वोटिंग सेंटर रेलवे स्टेशन भाटापारा में पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करवाया जा रहा है। इस दौरान भाटापारा चीफ स्टेशन मैनेजर अजय कुमार,सहित विद्युत मंडल के डी ई एनके सोनी ने भी स्वयं अपना डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया।

जीजा ने की साले की हत्या

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर गांव में जीजा ने कुल्हाड़ी मारकर अपने साले की हत्या कर अपने आप को पुलिस के सामने समर्पण कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरी पानी निवासी सनत कुमार ध्रुव जो तावरबाहरा ग्राम में अपने जीजा बंशीलाल ध्रुव के घर कुछ महीनो से रह रहा था,उसी दौरान सोमवार के शाम छै बजे के लगभग जीजा बंशीलाल कुल्हाड़ी से सनत के ऊपर हमला कर दिया जिससे सनत की मौत हो गई।घटना के विषय में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बंशीलाल शाम छै बजे अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर रहा था,और अपनी पत्नी को मारने के लिए कुल्हाड़ी उठाया तभी उनके झगड़ा में बीच बचाव करने सनत बीच में आ गया जिससे बंशी लाल के द्वारा कुल्हाड़ी से सनत के गर्दन के नीचे वार किया जिससे मृतक सनत वही नजदीक बिछे पलंग में गिरा और उसकी मौत हो गई ।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। शांति विहार कालोनी डगनिया में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रशेखर रहंगडाले 35 वर्ष शांति विहार कालोनी डगनिया का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शाम वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 3272 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर बुनियादी सुविधाओं का मोहताज

स्थानीय अधिकारियों से मांग कर थके नगरवासियों ने गरियाबंद कलेक्टर से लगाई अब गुहार

गरियाबंद /नवप्रदेश। जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोग आजादी के 75 वर्षो बाद मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे है कहने को तो मैनपुर अनुविभाग मुख्यालय भी है और यहां अनुविभाग स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी निवास करते है बावजूद इसके मैनपुर नगर के लोग बुनियादी सुविधाओं के मोहताज है ग्राम पंचायत मैनपुर की जनसंख्या लगभग 8 हजार के आसपास है और इतने जनसंख्या होने के बावजूद भी आजतक मैनपुर को नगर पंचायत का दर्जा नही मिल पाया है और तो और पेयजल, तालाब, मुक्तिधाम, स्ट्रीट लाईट, गंदगी, कचरा, साफसफाई जैसे बुनियादी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है ऐसा नहीं है कि नगर के लोगो ने इस समस्या से ग्राम पंचायत मैनपुर के पदाधिकारियों और स्थानीय अधिकारियों को अवगत न कराया हो कई बार इस समस्या को लेकर स्थानीय अफसरो और वरिष्ठ नागरिकों की बैठक हो चुकी है लेकिन बैठक के बाद कोई ठोस नतीजा पर नहीं पहुंचने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

मुक्तिधाम को लेकर कलेक्टर तक को सौंप चुके हैं ज्ञापन, लेकिन नतीजा सिफर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में एक मुक्तिधाम भी ठीक ठाक नही है नदीपारा में मुक्तिधाम की स्थिति बेहद खराब और जीर्ण शीर्ण हो गई है यहां शेड का पूरा टीना टूट फूट गया है और तो और मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए सड़क भी नही है शव को मुक्तिधाम तक बारिश के दिनो मे ले जाना किसी चुनौती से कम नही रहता ग्रामीणों के मांग पर गरियाबंद कलेक्टर द्वारा मुक्तिधाम के लिए 9 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है लेकिन ग्राम पंचायत की निष्क्रियता के चलते अबतक मुक्तिधाम का निर्माण कार्य प्रारंभ नही हो पाया है मुक्तिधाम मे हैण्डपंप और बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है मैनपुर नगर के युवाओं ने मांग किया है कि यदि ग्राम पंचायत मुक्तिधाम का निर्माण नही करा सकता है तो स्वीकृत राशि को एक समिति का गठन कर युवाओं को दिया जाये नगर के युवाओं द्वारा मुक्ति धाम का निर्माण किया जायेगा लेकिन इस ओर भी कोई ध्यान नही दिया गया।

पेयजल समस्या तालाब सूखा मचा हाहाकार

मैनपुर नगर की आबादी लगभग 8 हजार के आसपास है और मैनपुर नगरवासियों के लिए निस्तार के लिए दो तालाब है दोनो तालाब मार्च माह मे ही सूख कर मैदान मे तब्दील हो गया है तालाब मे पानी भरने के लिए लगाए गए मोटर पंप भी बंद पड़ा हुआ है कई बार स्थानीय नगरवासियों ने मोटरपंप से पानी भरने की मांग कर थक चुके है लेकिन जिम्मेदारो के कानो मे जूं तक नही रेंगती शोक कार्यक्रम में तालाब कार्यक्रम के लिए नगर के लोगो को दूसरे गांव के तालाब तक जाना पड़ रहा है। मैनपुर नगर में पेयजल सप्लाई के लिए दो ओवरहैड टैंक है लेकिन इन दिनों ओवरहैड टैंक मे पानी नही भर पाने के कारण घरो में पानी की सप्लाई नही हो पा रहा है नल ऑपरेटर का कहना है लॉ वोल्टेज के कारण मोटरपंप नही चल पा रहा है और ओवरहैड टैंक मे पानी नही भर पा रहा है जिसके कारण पानी की सप्लाई नही हो पा रही है मुश्किल से लोगो को सुबह और शाम 10 से 15 मीनट की पानी मिल पा रहा है उपर से जगह जगह पाईपलाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगो के घरो मे गंदा पानी की सप्लाई होने की भी शिकायत आम है लेकिन इतना महत्वपूर्ण समस्या के समाधान की तरफ न तो ग्राम पंचायत ध्यान दे रहा है न ही जनपद प्रशासन जिसका खामियाजा नगर के लोगो को भुगतना पड़ रहा है।

क्या कहते हैं अधिकारी

मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम ने कहा ग्राम पंचायत मैनपुर मे मूलभूत सुविधा साफसफाई के लिए दो बार नोटिस सचिव को जारी किया जा चुका है उन्होंने कहा जितने भी समस्याएं है सभी समस्याओं के समाधान के लिए कल पंचायत के सरपंच और सचिव को बुलाकर समीक्षा किया जायेगा और सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी रमेश कंवर ने बताया कि मैनपुर तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है मुक्तिधाम के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है ग्राम पंचायत को कई बार मुक्तिधाम निर्माण के लिए आदेश किया जा चुका है लेकिन अबतक कार्य प्रारंभ नही किया गया है।

मैनपुर नगर में 10 वर्षो से स्ट्रीट लाइट बंद

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पिछले 10 वर्षो से स्ट्रीट लाईट पूरी तरह से बंद हो गई है गांव गे गलियों में जगह जगह लाइट लगाई गई है लेकिन बिजली बिल का भुगतान नहीं होने के कारण लाईन का कनेक्शन कट गया है रात के अंधेरे मे हमेशा दुर्घटना और अजीब से डर बना रहता है लाखो रुपये खर्च कर तीन स्थानो में हाई मास्क लाईट लगाया गया है जिसकी भी स्थिति बेहद खराब है यह भी सही नहीं चल पा रहा है दिन को जलता है और रात को बंद रहता है।

कांजी हाउस बेहद जर्जर

मैनपुर ग्राम पंचायत में एक कांजी हाउस भी है लेकिन उसका भवन भी बेहद जर्जर हो गया है और यहां मवेशियों के लिए चारा पानी का कोई सुविधा नही है हमेंशा कांजी हाउस का ताला खुला रहता है मैनपुर नगर के बस स्टैण्ड स्थित पुराना यात्री प्रतिक्षालय भवन को पंचायत द्वारा तोड़ दिया गया है अब उस जगह मे अतिक्रमण का डर बना हुआ है नगर के लोगो का कहना है जब नया यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण नही करना था तो किस उद्देश्य के साथ पुराने यात्री प्रतिक्षालय को तोड़ा गया है समझ से परे है कहने को तो मैनपुर ग्राम पंचायत पुरे विकासखंड के सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है और यहां तहसील मुख्यालय के साथ अनुविभाग मुख्यालय भी है लेकिन यहां के नागरिको को भारी

गंदगी कचरा और बदबू से नगरवासी परेशान

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर की एक बड़ी संमस्या नेशनल हाईवे मार्ग के किनारो से लेकर विभिन्न वार्डो के गली मोहल्ले सप्ताहिक बाजार सभी तरफ कचरा और गंदगी का ढेर लगा हुआ है कई बार साफसफाई की मांग किया जा चुका है साफसफाई के नाम पर पंचायत से लाखो रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है लेकिन नियमित साफ सफाई नही होने के कारण नगर के कई मोहल्ले मे संक्रामक बिमारी के फैलने का अंदेशा है साथ ही बजबजाती कच्ची नालियों की साफसफाई नही होने से उससे उठने वाला दूर्गंध से मोहल्ले के लोग परेशान हो गए है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यातायात पुलिस की कड़ी जांच

■ **46 प्रकरण में 14200 रुपए वसूला समन शुल्क**

भाटापारा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन , उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के मार्गदर्शन में यातायात शाखा भाटापारा प्रभारी निरीक्षक रितेश मिश्रा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान जारी है वही। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के ऊपर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही भी जारी है।यातायात प्रभारी श्री मिश्रा ने बताया कि जांच अभियान के दौरान 46 प्रकरण में 14200 रुपए सम्मन शुल्क राशि वसूल की गई।

भाटापारा शहर के विभिन्न चोक चौराहों,प्रमुख मार्गो ,सड़को,ग्रामीण अंचल मार्ग पर यातायात पुलिस के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से मिले निर्देश के बाद वाहन जांच अभियान जारी है इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ कार्यवाही भी की गई।इस दौरान जिन 46 प्रकरणों में कार्यवाही हुई उसमे

बिना नंबर वाहन के 1प्रकरणो में 300 रुपए का जुर्माना। तीन सवारी वाहन चलाना 18 प्रकरण 5400 समन शुल्कं।बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना 1 प्रकरण 500 समन शुल्क।मौके पर कागजात पेश न करना 02प्रकरण 600 समन शुल्क।मौके पर लायसेंस पेश न करना 0 7 प्रकरण में 2100 समन शुल्क। ।हेडलाईट का आधा काला न होना 15 प्रकरण 4500 समन शुल्क , नो पार्किंग के 1 प्रकरण में 300 रुपए,,पुलिस अधिकारियों के आदेश की अवहेलना 1 प्रकरण में 500 रुपए सम्मन शुल्क की राशि लिया गया। यातायात प्रभारी निरीक्षक रितेश मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के द्वारा सडक दुर्घटना में अंकुश लगाने एवं सख्त कार्यवाही निर्देश पर विशेष रूप से बिना नंबर एवं क्लासिकल नंबर लिखाने वाले , एवं तीन सवारी तेजगति खतरनांक ढंग से व शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको पर मोटर व्हीकल की अलग अलग धाराओ के तहत आगामी दिनों सख्ती से चलानी कार्यवाही किया जायेगा।

महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है भाजपा सरकार : रंजना साहू

भाटापारा/नवप्रदेश। केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेश के विकास एवं जनता के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध होकर उसे संवारने का कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील भाजपा सरकार ने हमेशा ही महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें आर्थिक रूप से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने का कार्य किया है, जिसमें महतारी वंदन योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहु पिछले 3 दिनों से चुनावी प्रचार प्रसार के लिए भाटापारा ब्लाक के गांवो में लगातार घूम घूम कर पार्टी प्रत्यासी बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में जनसंपर्क कर रही है। श्री मति साहु ने सोमवार को भाटापारा विस् क्षेत्र के ग्राम बोड़तरा,गुर्रा,खोखली, और नगर के शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड और भगत सिंह वार्ड में जनसंपर्क कर महतारी वंदन योजना,उज्जवला गैस योजना,आवास योजना, नलजल मिशन, बोनस की राशि ,3100 रुपए में एकमुश्त धान खरीदी सहित अनेको केंद्र और राज्य सरकार के योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहु ने महिलाओ में जोश भरते हुए महिलाओ से जमकर नारे लगवाए योजना से लाभान्वित माताओं-बहनों ने अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करते हुए नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपँच श्रीमती नीतू रवि आडिल बोड़तरा,महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरा साहू,आयशा खान सहित काफी संख्या में नारी शक्ति मातृ शक्तिया उपस्थित थी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भय, भ्रम और भ्रष्टाचार की ...

प्रश्न : राज्य गठन के बाद आप पहले आदिवासी मुख्यमंत्री बने हैं। राज्य की 32 फीसदी आदिवासी आबादी इसे स्वस्फूर्त सामाजिक न्याय मान रही हैं। मतलब ये कि इस बहुसंख्यक समाज पर किसी ने कोई अहसान नहीं किया। उनके धैर्य धीरज और लंम्बे सामाजिक संघर्ष के बूते यह न्याय पाया है। आप क्या सोचते है?

कांग्रेस के लिए आदिवासी महज एक वोटबैंक हैं, जबकि भाजपा के लिए वह परिवार हैं। आदिवासियों के विकास को लेकर यदि कोई दल प्रतिबद्ध है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। केंद्र में आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाने की बात हो या आदिवासी बहुल राज्य छत्तीसगढ़ का गठन, बीजेपी ने ही इसे साकार किया है। देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति पीएम मोदी की दूरदृष्टि से मिली हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों के बीच से निकले उनके परिवार के सदस्य को छत्तीसगढ़ का पहला आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया। केंद्र की मोदी सरकार ने ही भगवान बिरसा मुंडा जी जन्मजयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मान्यता दी। सिर्फचार महीने के भीतर छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के कल्याण को लेकर हमने कई योजनाएं संचालित की हैं। हरा सोना कहे जाने वाले तेंदुपत्ता पर संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा संग्रहण दर प्रदान की जा रही है। हम गोंड़ी और हल्बी जैसी भाषाओं के अनुवाद के लिए आदिमजाति भाषा परिषद का गठन करने जा रहे हैं। सौ से अधिक वनोपज की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जा रही है। एक तरफ भाजपा की डबल इंजन सरकार आदिवासी कल्याण पर जोर दे रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी और उसके युवराज राहुल गांधी आदिवासियों को वनों से दूर करने वाली नई परिभाषा गढ़ रहे हैं। आदिवासियों को कांग्रेस ने हमेशा सत्ता सुख भोगने के लिए गुमराह किया है, लेकिन अब वह बेनकाब हो चुकी है। विधानसभा के बाद अब लोकसभा चुनाव में आदिवासी मतदाता कांग्रेस का अंतिम विसर्जन करेंगे।

प्रश्न : संसदीय लोकंतत्र में आपका लम्बा राजनीतिक अनुभव हैं विधायक, सांसद, मंत्री व संगठन में अध्यक्ष जैसे पदो पर रहे। सोशल इंजिनियरिंग के आप रोल माडल रहे फिर भी आपको मुख्यमंत्री बनने में 24 साल लग गए। आपको ऐसा नही लगता कि आपको इस तरह का न्याय पाने के लिए कठिन और लंम्बा संघर्ष करना पड़ा?

मैं या फिर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता पार्टी में कुछ बनने के लिए नहीं आता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में वह समाज के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने आता है। मैंने स्वयं कभी किसी पद की इच्छा नहीं की, पार्टी ने जब जो दायित्व दिया, उसका तन्मयता से निर्वहन किया। एक साधारण आदिवासी परिवार से आने वाले व्यक्ति को विधायक, सांसद, केंद्र में मंत्री और फिर मुख्यमंत्री जैसे दायित्व भाजपा में ही संभव है। यहां कार्यकर्ता किसी परिवार को खुश करने के लिए नहीं बल्कि भारत माता के चरणों में अपना सर्वस्व समर्पित करने के लिए तत्पर रहता है।

प्रश्न : 11 लोकसभा सीटों के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के अलावा राष्ट्रीय नेताओ के ताबड़तोड़ दौरे से यह संदेश जा रहा है कि भाजपा को यथास्थिति बनाये रखने के लिए भी काफी संघर्ष करना पड़ रहा हैं। क्या यह बात सही है?

यह तो वैसा ही है कि कोई विदयार्थी परीक्षा को लेकर दिन-रात मेहनत करता है वहीं दूसरा मौज मस्ती में समय बीताता है, और रिजल्ट आने पर प्रश्नपत्र कठिन होने की बात करता है। भाजपा प्रत्येक चुनाव को पूरी गंभीरता से और पूरी ताकत के साथ लड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह या फिर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जिस प्रकार परिश्रम की पराकाष्ठा करते हैं, वह हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता है। हमारे लिए राजनीति पार्ट टाइम जॉब नहीं है, हमारे लिए यह साधना है। दूसरी ओर कांग्रेस के नेता कब इटली और थाईलैंड छुट्टी और पिकनीक मनाने चले जाएं, किसी को नहीं पता होता।

प्रश्न : नक्सलवाद को लेकर भाजपा का रूख काफी आक्रामक है लेकिन टायमिंग को लेकर विपक्ष सवाल खडे कर रहा है। आप क्या सोचते है?

आतंकवाद हो या नक्सलवाद की समस्या, देश ने हमेशा कांग्रेस का दोहरा चरित्र देखा है। हमारे वीर जवानों ने 16 अप्रैल को कांकेर के छोटेबेटिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया गया। टाइमिंग पर सवाल पूछने वालों से मैं पूछना चाहता हूं कि क्या मुठभेड़ के वक्त हमारे जवान चुनाव खत्म होने का इंतजार करते? यह छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान को मिली अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक सफलताओं में एक है।प्रदेश और देश के हर नागरिक को हमारे जवानों के पराक्रम पर गर्व है। डीआरजी और अर्धसैनिक बलों के जवानों का मनोबल बढ़ाने के बजाय उनकी वीरता पर संदेह करना कांग्रेस के लिए यह ठीक नहीं है। कांग्रेस का इतिहास रहा है, वह सत्ता सुख भोगने के लिए नक्सलवाद हो या आतंकवाद की पोषक रही है। छत्तीसगढ़ के एक छोटे से हिस्से में सिमटे नक्सलवाद को हम जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रश्न : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी अपने चुनावी सभाओं में महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे को बार-बार उठा रहे है, इस पर आप क्या कहेंगे। क्या लोकसभा चुनाव के बाद देश और प्रदेश में रिक्तपदों पर भर्ती प्रक्रिया चालू होगी?

कांग्रेस के युवराज की लॉन्चिंग एक नहीं कई बार फेल हो चुकी है। जनता उन्हें बार-बार खारिज कर रही है। राहुल जी के बायोडाटा में भ्रष्टाचार, वंशवाद और परिवारवाद के अलावा कोई नई चीज नहीं है, इसलिए जनता उनकी बेरोजगारी दूर करने के मूड में नहीं है। 50 साल से अधिक समय तक देश में राज करने वाले एक शाही परिवार की बेरोजगारी का मतलब यह नहीं है कि देश बेरोजगार है। छत्तीसगढ़ में पांच साल तक राज करने वाली कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार की बेरोजगारी दूर करने के लिए प्रदेश के संसाधनों की जैसी लूट मचाई है, उन सब की जांच जारी है। जनता इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और उसके नेताओं को स्थायी रूप से बेरोजगार करने वाली है।

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर...

हथियार और विस्फोटक बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ के बाद सर्चिंग की जा रही है।

बंदूक से खत्म नहीं होंगे ...

मैं दोनों की नीति से सहमत नहीं हूं

मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि, केंद्र सरकार दिल्ली में बैठक करके फैसला लेती है। लेकिन नक्सलियों की समस्या पर ना केंद्र सरकार और ना ही राज्य सरकार गंभीर है। मैं भारत सरकार में रहा हूं, सांसद और केंद्र में मंत्री भी था। मैं कांग्रेस सरकार के नीति और भाजपा के विचारधारा से भी सहमत नहीं हूं। मैं इस देश और सरकार से पूछता हूं कि, नक्सलवाद पैदा कहां से हुआ।

16 इनामी नक्सलियों ने किया...

कर दिया है। इन सभी को प्रोत्साहन राशि के रूप में 25000 रूपए दिए गए हैं। गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला,द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफअनिल कुमार झा, सत्य नारायण तंवर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया है।

झूठे वादे कर केंद्र में आए ...

जनता से झूठे वादे कर फंसाया और केंद्र में बैठक अपने वादों से मुकर गई। किसी भी योजना से जनता को राहत नहीं दी। उपर से महंगाई के बोझ से लाद दिया। गरीबों का जीना दुभर हो गया है। आरोप लगाते हुए खड़गे ने आगे कहा मोदी सरकार की वजह से हमारे जवान पढ़-लिखकर दर-दर भटक रहे हैं।

टीम इंडिया की घोषणा...

इसके बाद भारत 12 जून को अमेरिका और 15 जून को कनाडा से भिड़ेगा।

कोविशील्ड वैक्सीन के ...

कारण शरीर में खून के थक्के जम सकते हैं जो आगे चलकर स्ट्रोक या कार्डियक अरेस्ट जैसी घटनाओं का कारण बनते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

श्रमिकों के सम्मान में कांग्रेसजन खाएंगे बोरे-बासी

- **कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी से की अपील मजदूर दिवस पर बोरे बासी खाएं**
- **भारतीय जनता पार्टी श्रमिक विरोधी है- दीपक बैज**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने श्रमवीरों को मजदूर दिवस की बधाई देते हुये लोगों से आह्वान किया है। इस दिन श्रम का सम्मान करते हुये सभी हमारे पारंपरिक भोजन बोरे बासी को खाये और बोरे बासी खाते हुये अपनी तस्वीर सोशल मीडिया में अवश्य पोस्ट करें। बोरे बासी छत्तीसगढ़ की अस्मिता संस्कृति का प्रतीक है। यह हमारे किसानों, मजदूरों के सम्मान के साथ अपनी परंपरा पर अभिमान होगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा किसान और छत्तीसगढ़ संस्कृति विरोधी है। इसीलिये वे बोरे बासी का विरोध कर रहे है। पूंजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए मोदी सरकार ने मजदूरों के रोजगार और सामाजिक सुरक्षा दोनों को खत्म करने का षड्यंत्र रचा है। केंद्रीय सदन में विपक्ष दल के सांसदों को बाहर करके एक ही दिन में बिना चर्चा के दर्जनों श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन किए गए। कारोबार सुगमता के नाम पर 27 मौजूदा कानून को समाप्त कर नए कानून में 75 प्रतिशत श्रमिकों को बाहर कर दिया गया। अब नई कंपनी में महिला रूम व बच्चों के देखभाल के लिए क्रेज बनाना भी अनिवार्य नहीं होगा न्यूनतम वेतन कानून, बोनस कानून, अनुबंध कानून, कर्मचारी क्षतिपूर्ति कानून, संविदा श्रमिक कानून, असंगठित मजदूर कानून, स्वास्थ्य एवं बीमा कानून आदि नहीं रहेंगे। काम के घंटे जो मोदी सरकार से पहले 8 घंटे थे, उसे बढ़कर 12 घंटा किया गया, तमाम तरह की सुविधाए और छिन लिया गया। औद्योगिक इकाइयों को अपने हिसाब से मजदूर रखने और निकालने की आजादी दे दी गई है। अब मजदूरों की बदहाली पर श्रम न्यायालय भी संज्ञान नहीं ले पाएगा और ना ही ऊपर किसी अपील में सुनवाई होगी। शोषण के खिलाफ हड़ताल और प्रदर्शन तक के अधिकार एक झटके में समाप्त कर दिए गए, मोदी सरकार ने मजदूरों का हक छीना है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि पूंजीपति मित्रों के प्रभाव में मोदी सरकार ने श्रमिकों की आवाज दबाने भारतीय कारखाना अधिनियम, औद्योगिक विवाद अधिनियम, ट्रेड यूनियन अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, बोनस भुगतान अधिनियम, यौन उत्पीड़न अधिनियम, बाल श्रम निषेध, मातृत्व लाभ अधिनियम, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानून को आंशिक या पूर्ण रूप से स्थगित कर दिया है। नई मजदूरी कोड मेहनतकश मजदूरों के लिए पूरी तरह धोखा है, यह मजदूरों के अधिकारों पर हमला है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने किसानो और मजदूरों की समृद्धि के लिए अनेकों योजनाएं चलाई, साय सरकार ने दुर्भावना पूर्वक भूमिहीन मजदूर न्याय योजना अघोषित तौर पर बंद कर दी है, गोठानो में आजीविका कमा रही 27 लाख महिलाओं से रोजगार छीना, वनांचल में वन उपज की प्रोसेसिंग का कार्य भी महिला समूह से छीन लिया। बेहद स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी का असल चरित्र श्रमिक विरोधी है, किसान विरोधी है, महिला विरोधी है।

शिवाजी स्कूल की पहल

अभिभावकों को दिलाई गई मतदान की शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती और प्रोफेसर कालोनी शाखा में आज वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पहली से नवमीं और ग्यारहवीं के सैकड़ों अभिभावकों ने आज स्कूल आकर अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। स्कूल परिवार द्वारा अपने सामाजिक सरोकार के तहत आज स्कूल आए अभिभावकों के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर शपथ दिलाने पधारे आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी. स्वामी, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य परसराम बोहरा,श्री बालाजी विद्या मंदिर की प्राचार्या डॉ. फ्रेनी जे प्रकाश ने अभिभावकों को संबोधित कर उनसे अपील की कि जिस प्रकार वे अपने बच्चों के परिणाम हेतु स्कूल आए हैं उसी प्रकार देश की राजनीतिक दिशा का परिणाम तय करने अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें। लोकतंत्र की इस खूबसूरती को बनाए रखने प्रत्येक नागरिक न केवल स्वयं वोट दें बल्कि अपने रिश्तेदारों, परिचितों, मित्रों, पड़ोसियों,घर के सभी सदस्यों को भी मताधिकार हेतु प्रेरित करें। मतदान के दिन को महज छुट्टी का दिन ना समझें बल्कि लोकतंत्र के प्रति अपनी ड्यूटी समझकर अपने मत का उपयोग करें। इस अवसर पर सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों आकाश सोनकर,मेघा सोनकर और काव्यांश देवांगन द्वारा पिछले 15 वर्षों मे स्कूल से एक भी छुट्टी ना लेनें के कारण उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। साथ ही गर्मी को देखते हुए पक्षियों को दाना पानी देने के उद्देश्य से अभिभावकों को निःशुल्क सकोरा वितरित किया गया। इस कार्यक्रम मे स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या द्वय नफीसा रंगवाला व रशीदा फ़ज़्ली, सुपरवाइजर निर्मला बिसेन व पार्वती देवांगन, शिफ्ट इंचार्ज रुपा साहू, शिरीन परवीन,नीना शर्मा व किरण साहू समेत पूरा स्कूल परिवार मौजूद रहा।*

विधायक ईश्वर साहू बिरनपुर मामले में गवाही देने कोर्ट क्यों नहीं जा रहे?

- **पिता ईश्वर साहू कोर्ट में गवाही देंगे तो ही स्व. भुवनेश्वर साहू को न्याय मिलेगा**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि विधायक ईश्वर साहू बिरनपुर मामले में गवाही देने कोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं? 277 दिन के करीब यह मामला हो गया है और इस दौरान गवाहियों को सात बार से अधिक जमानती वारंट देकर न्यायालय ने गवाही देने बुलाया है। जब पिता ईश्वर साहू न्यायालय में उपस्थित होकर पूरी घटना के विषय में गवाही देंगे तो ही आरोपियों को सजा मिलेगी और भुनेश्वर साहू को न्याय कैसे मिलेगा?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बिरनपुर मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने ओछी राजनीति की है और जिस प्रकार से न्यायालय के वारंट के बाद भी ईश्वर साहू गवाही देने उपस्थित नहीं हो रहे हैं ऐसा लग रहा है कि भाजपा ईश्वर साहू को राजनीतिक टूल की तरह इस्तेमाल कर रही है और पीड़ित परिवार के न्याय मिलने में बाधा उत्पन्न कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि विधायक ईश्वर साहू के द्वारा न्यायालय में दिया गया उपस्थित नही होने के पक्ष में दिया गया जवाब भी हास्यास्पद है। ईश्वर साहू कहते हैं कि वह विधायक हैं और पार्टी के कामों में व्यस्त हैं इसलिए गवाही देने उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। ईश्वर साहू के अलावा भुवनेश्वर साहू के बड़े पिता एवं अन्य रिश्तेदार भी गवाह है उन्होंने ने भी गवाही देने में उपस्थित नही होने का कारण पार्टी के कार्यक्रम में व्यस्त होना बताये हैं। क्या एक पिता के लिए पुत्र को न्याय दिलाने से ज्यादा जरूरी कोई दूसरा काम हो सकता है? बिरनपुर घटना के बाद न्यायालय ने सात बार गवाहों को वारंट जारी कर गवाही देने बुलाया है उसके बाद भी गवाही के लिए उपस्थित नहीं होना दुःखद है। एक पिता के लिए अपने पुत्र को न्याय दिलाने से ज्यादा जरूरी कोई दूसरा काम नहीं हो सकता।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि विधायक ईश्वर साहू भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करने में पूरा समय दे रहे लेकिन न्यायालय में उपस्थित होकर गवाही नहीं दे रहे हैं। क्या भाजपा उन्हें गवाही देने से रोक रही है? क्या बीजेपी इस मामले में सिर्फ राजनीति करना चाहती है? पीड़ित को न्याय ना मिले भाजपा का षड्यंत्र है? इसका जवाब भाजपा को देना चाहिए?

चैत्रगौरी और हल्दी कुंकू का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की डंगनिया केंद्र की महिलाओं ने मंडल भवन में चैत्रगौरी और हल्दी कुंकू का आयोजन किया। कार्यक्रम में ज्योति डोलस और श्रद्धा देशमुख ने चैत्रगौरी नाटक की ज्ञानवर्धक व रोचक प्रस्तुति दी। इसमें चैत्र गौरी सहित हिंदू तीज- त्योहारों के महत्व की जानकारी मिली। डंगनिया महिला केंद्र की संयोजिका अनुजा महाडिक ने बताया कि हल्दी कुंकू कार्यक्रम में केंद्र की 30 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। इनमें विशिष्ट अतिथि मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत चैत्र गौरी की पूजा से हुई। अनुजा के अनुसार कार्यक्रम के अंत में मतदान जागरूकता अभियान के तहत सभी महिलाओं ने शत- प्रतिशत मतदान करने और लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

महाराष्ट्र मंडल की लक्ष्मी बनीं मिसेस रायपुर, मुस्कान मिस

- **'टैलेंट का महायुद्ध' में बाल कलाकारों ने मचाई धूम**

रायपुर/नवप्रदेश। पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर और लायंस क्लब रायपुर के तत्वावधान में हुए 'टैलेंट का महायुद्ध' में बाल कलाकारों ने अपने हुनर से धूम मचाया। महाराष्ट्र मंडल के सहयोग से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में महिलाओं- युवतियों में मिसेज़- मिस बनने के लिए होड़ मची रही। मंडल की लक्ष्मी जिल्हारे को मिसेज रायपुर घोषित किया गया। वहीं मुस्कान अग्रवाल मिस रायपुर बनीं।

अंबुजा सिटी सेंटर माल में आयोजित 'टैलेंट का महायुद्ध' में मिस्टर रायपुर का खिताब आदर्श शुक्ला ने अपने नाम किया। विविध स्पर्धाओं में शहर के कोने- कोने से पहुंचे हुनरमंदों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों की उपस्थिति में गायन, नृत्य, किड्स फैशन शो, व्यंजन प्रतियोगिता एवं रैंप शो के प्रतिस्पर्धियों ने अपनी अनोखी प्रस्तुति ने मनोरंजन किया और चौंकाया भी।

कलिंगा यूनिवर्सिटी से पहुंचे विद्यार्थियों ने अपने आकर्षक और अद्वितीय रैंप शो के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। सभी वर्गों के विजेता और प्रतिभागियों को अंत में आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप गांधी, निर्णायक डॉ. संयुक्ता गांधी, स्मिता पांडे, डॉ. नीता शर्मा, मोनिका साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आयोजक अनिल जोतसिंघानी ने किया।अनिल ने बताया कि डांस स्पर्धा में औरा ग्रुप प्रथम और वर्णिका ग्रुप रनरअप रहा। वहीं सिंगिग में अभास और हार्दिक विजेता रहे। रनरअप प्राइज युवराज- धारांजय को मिला। लक्ष्य शर्मा को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया। किड्स फैशन शो में निरविका अम्लानी प्रथम रहीं। ललिना डोडवानी दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं भाविका चंद्राकर, सौम्या राघवानी और इनाय नानवाली को स्पेशल प्राइज दिया गया। व्यंजन स्पर्धा में सौदामिनी बर्वे प्रथम रहीं। गीता कृष्णानी, कविता तनवानी और आनंदी छुगानी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

बेलटिकरी सरपंच हरिशंकर जयसवाल के नेतृत्व में चाय पे चर्चा कार्यक्रम में जनता की भागीदारी

भटगांव/नवप्रदेश। भाजपा मंडल भटगांव के शक्ति केंद्र बेलटिकरी बूथ क्रमांक 66 मे चाय पे चर्चा बैठक बेलटिकरी सरपंच हरिशंकर जयसवाल के नेतृत्व मे लिया गया। जहां बुथ अध्यक्ष व पालक प्रभारी हरिशंकर जयसवाल ने चौपाल लगाकर युवाओं, माताओं व बुजुर्गो से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल और महती योजनाएं जो सभी वर्गो के लोगो को सीधा लाभान्वित कर रही है। वही चाय पे चर्चा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने व जांजगीर लोकसभा के प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े को जिताने के संकल्प को लेकर सभी वर्गो को भाजपा के पक्ष मे मतदान के लिए आकर्षित करना है और आबकी बार 400 पार का नारा देते हुए यह चौपाल लगाई गई है।जहां बूथ अध्यक्ष व पालक प्रभारी हरिशंकर जयसवाल ने स्वयं चाय बनाई और युवाओ सहित अन्य नागरिकों को चाय पिलाते हुए चाय का स्वाद जाना और मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल पर चर्चा की उन्होने सभी नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत का स्वर्णिम काल है जहां पूरा विश्व मोदी जी के नेतृत्व की सराहना कर रहा है और देश आज आगे जा रहा है इन 10 सालों मे मोदी जी ने युवा वर्ग को बहुत सी योजना के माध्यम से रोजगार देने, शिक्षा जगत मे परिवर्तन कर विकसित भारत की कल्पना को साकार किया है।वही इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से बेलटिकरी सरपंच हरिशंकर जयसवाल, जोन प्रभारी मनीष साहू, बुथ अध्यक्ष नंदकुमार जायसवाल, देवानंद कर्ष, गोपाल साहू, अशोक साहू, लक्ष्मण जायसवाल, चन्द्र भूषण जायसवाल, संतोष साहू, डोलकुमार जायसवाल, सदानंद, अजय साहू, राजेश यादव, शिव साहू, नीता चौहान, नीरा साहू, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता ग्रामवासी इस चौपाल मे शामिल हुए।

शांतिपूर्ण मतदान के लिए निकाला गया फ्लेग मार्च

भटगाव /नवप्रदेश। नगर में लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण की वोटिंग 7 माई को होना है जिसके मध्ये नजर शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष मतदान के लिए नगर में भटगांव थाना प्रभारी अमृत भार्गव व स्टाफ तथा नगर में आए सशस्त्र बल सेना के द्वारा नगर में फ्लेग मार्च निकाला गया।

न्यायालय तहसीलदार राजिम
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2023-2024
ग्राम- सुरसाबांधा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शांतिबाई पति राम किसून जाति तेली निवासी ग्राम सुरसाबांधा तहसील राजिम जिला गरियाबंद के द्वारा मृतक रामकिसून पिता रामाधीन का मृत्यु दिनांक 16/11/2023 को होना बताया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ सर्वसाधारण को आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 09/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति पर या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
राजिम

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांक/एसईसीएल/कुस/क्षेत्र/भू.रा./2024/1877 — **सूचना** — दिनांक 15.03.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम खोडरी के 120.959 हे. की भूमि का अर्जन सी.बी.ए एक्ट (ए.एण्ड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर.एण्ड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा के) Conceot के आधार पर 113 भू-स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है, जिसमें से 04 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिकानुसार है:-

क्र.	स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम	खसरा नम्बर	रकबा (हे. में)	कुल रकबा (हे. में)	उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध	भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीदवार का नाम: विभिन्न दस्तावेज	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम	टिप्पणी
1	फूलदास पिता दिलेश्वरदास	8/4, (21/2, 22/2), 23/2, 64/2, 107/11, 162/2, 182/2, 303/2, 304, 307/2	0.049 0.223 0.154 0.162 0.097 0.121 0.077 0.178 0.061 0.024	1.146	सत्यनारायण सुनीलदास पिता फूल दास संबंध-पुत्र	नामांकन पत्र	फूलदास पिता दिलेश्वर दास	सत्यनारायण सुनीलदास पिता फूल दास	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
						सत्यापन	फूलदास पिता दिलेश्वर दास	सत्यनारायण सुनील दास पिता फूलदास	
						घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. 14	फूलदास पिता दिलेश्वरदास	—	
						स्टेटमेंट 1A	फूलदास पिता दिलेश्वरदास	—	
						बी-1 वर्ष 2017	फूलदास पिता दिलेश्वर दास	—	
						बी-1 वर्ष 2022-23	फूलदास पिता दिलेश्वरदास		
						बी-2 वर्ष 2016-17-2020-21	फूलदास पिता दिलेश्वर दास	—	
						बी-2 वर्ष 2022-23	फूलदास पिता दिलेश्वर दास		
						ऋण पुस्तिका	फूलदास पिता दिलेश्वरदास	—	
						वंशवृक्ष	फूलदास पिता दिलेश्वर दास	सत्य नारायणसुनील दास पिता फूलदास	
						निवास प्रमाण पत्र	——	सत्य नारायण सुनीलदास पिता फूलदास	
						जाति प्रमाण पत्र	——	सत्य नारायण सुनीलदास पिता फूल दास	
						शैक्षणिक प्रमाण पत्र	——	10वीं - SATYANARAYAN SUNILDAS S/O PHOOL DAS DOB - 30.05.1996 12वीं - SATYANARAYAN SUNILDAS S/O PHOOL DAS B.Sc. - SATYANARAYAN SUNIL DAS S/O PHOOL DAS	
						रोजगार पंजी	——	SATYA NARAYAN SUNIL DAS S/O PHOOL DAS	
						आधार कार्ड	PHOOLDAS S/O DILESHWAR DAS	SATYA NARAYAN SUNIL DAS S/O PHOOL DAS	
2	पंचकुंवर पिता धनसाय	184/2, 184/4, 199/2, 268/3, 275/4,	0.156 0.049 0.081 0.101 0.036	0.433	राहुल कुमार पिता अशोक सिंह संबंध-पुत्र का पुत्र	नामांकन पत्र	पंचकुंवर पिता धनसाय	राहुल कुमार पिता अशोक सिंह	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
						सत्यापन	पंचकुंवर पिता धनसाय	राहुल कुमार पिता अशोक सिंह	
						घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. 81	पंचकुंवर पिता धनसाय	—	
						स्टेटमेंट 1A	पंचकुंवर पिता धनसाय	—	
						बी-1 वर्ष 2017	पंचकुंवर पिता धनसाय	—	
						बी-1 वर्ष 2022-23	पंचकुंवर पिता धनसाय		
						बी-2 वर्ष 2016-17-2020-21	पंचकुंवर पिता धनसाय	—	
						बी-2 वर्ष 2022-23	पंचकुंवर पिता धनसाय		
						ऋण पुस्तिका	पंचकुंवर पिता धनसाय	—	
						वंशवृक्ष	पंचकुंवर पिता धनसाय	राहुल कुमार पिता अशोक सिंह कंवर	
						निवास प्रमाण पत्र	——	राहुल कुमार पिता अशोक सिंह	
						जाति प्रमाण पत्र	——	राहुल कुमार पिता अशोक सिंह	
						शैक्षणिक प्रमाण पत्र	——	10th - RAHUL KUMAR S/O ASHOK SINGH DOB - 05.10.1997 12th - RAHUL KUMAR S/O ASHOK SINGH B.A. - RAHUL KUMAR S/O ASHOK SINGH	
						रोजगार पंजी	——	राहुल कुमार पिता अशोक सिंह	
						आधार कार्ड	PANCH KUNWAR W/O BUDHWAR SINGH	RAHUL KUMAR S/O ASHOK SINGH	
3	बीरसिंह पिता मंगलसिंह कंवर	95/2, 95/10, 101/5, 102/3, (118/5, 125/4), 132/1, (135/1, 136/1), 196/1, 240/6, 283/6, 287/2, 298/4, 302/4, 312/6	0.016 0.016 0.097 0.040 0.020 0.113 0.129 0.077 0.020 0.036 0.032 0.053 0.081 0.008	0.738	बलवंत पिता बीर सिंह संबंध-पुत्र	नामांकन पत्र	बीर सिंह पिता मंगल सिंह	बलवंत पिता बीर सिंह	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
						सत्यापन	बीरसिंह पिता मंगलसिंह कंवर	बलवंत पिता बीरसिंह	
						घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. 36	बीरसिंह पिता मंगलसिंह कंवर	—	
						स्टेटमेंट 1A	बीरसिंह पिता मंगलसिंह कंवर	—	
						बी-1 वर्ष 2017	बीर सिंह पिता मंगल सिंह	—	
						बी-1 वर्ष 2022-23	बीर सिंह पिता मंगल सिंह	—	
						बी-2 वर्ष 2016-17-2020-21	बीर सिंह पिता मंगलसिंह	—	
						बी-2 वर्ष 2022-23	बीर सिंह पिता मंगल सिंह	—	
						ऋण पुस्तिका	बीर सिंह पिता मंगल सिंह	—	
						वंशवृक्ष	बीर सिंह पिता मंगल सिंह	बलवंत पिता बीर सिंह	
						निवास प्रमाण पत्र	——	बलवंत पिता बीर सिंह	
						जाति प्रमाण पत्र	——	बलवंत पिता बीर सिंह	
						शैक्षणिक प्रमाण पत्र	——	10th - BALWANT S/O BEER SINGH DOB - 19.11.1996 12th - BALWANT S/O BEER SINGH B.A. - BALWANT S/O BEER SINGH PGDCA - BALWANT S/O BEER SINGH	
						रोजगार पंजी	——	BALWANT S/O BEER SINGH	
						आधार कार्ड	BEERSINGH S/O MANGAL SINGH	BALWANT S/O BEER SINGH	
4	विनोद कुमार पिता श्यामलाल	33 91 93	0.729 0.235 0.198	1.162	गायत्री देवी पति विनोद कुमार (संबंध-पत्नी)	नामांकन पत्र	विनोद कुमार पिता श्याम लाल	गायत्री देवी पिता बलिराम	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
						सत्यापन	विनोद कुमार पिता श्यामलाल	गायत्री देवी पति विनोद कुमार	
						घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. 13	विनोद कुमार पिता श्यामलाल	—	
						स्टेटमेंट 1A	विनोद कुमार पिता श्यामलाल	—	
						बी-1 वर्ष 2017	विनोद कुमार पिता श्यामलाल	—	
						बी-1 वर्ष 2022-23	विनोद कुमार पिता श्यामलाल		
						बी-2 वर्ष 2016-17-2020-21	विनोद कुमार पिता श्यामलाल	—	
						बी-2 वर्ष 2022-23	विनोद कुमार पिता श्यामलाल	—	
						ऋण पुस्तिका	विनोद कुमार पिता श्यामलाल	—	
						वंशवृक्ष	विनोद कुमार पिता स्व. श्यामलाल	गायत्री देवी पति विनोद कुमार	
						निवास प्रमाण पत्र		गायत्री देवी पति विनोद कुमार	
						जाति प्रमाण पत्र		गायत्री देवी पिता बलिराम	
						शैक्षणिक प्रमाण पत्र	——	10TH - GAYATRI DEVI D/O BALI RAM DOB - 15.01.1988 12TH - GAYATRI DEVI D/O BALI RAM	
						रोजगार पंजी	——	GAYATRI DEVI D/O BALI RAM	
						आधार कार्ड	विनोद कुमार पिता श्यामलाल	गायत्री देवी पति विनोद कुमार	

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

SECL 24-25 36

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

न्यूज गैलरी

भाजपा नेता दिनेश गांधी दुर्ग ग्रामीण में करेंगे प्रचार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी हाईकमान तीसरे चरण के मतदान के बाद दूसरे चरण के प्रचार प्रसार से फुर्सत पाये नेताओं की अन्य जिलों के विधानसभाओं में लोकसभा के प्रचार हेतु जिम्मेदारी सौंप रही है। जिले के लगभग सभी वरिष्ठ नेताओं को किसी न किसी लोकसभा क्षेत्र के विधानसभाओं में चुनाव प्रचार कार्य व चुनाव जीतने की रणनीति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में जिले के कद्दावर नेता दिनेश गांधी को दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री गांधी पिछले तीन दिनों से दुर्ग ग्रामीण के दो दर्जन से भी अधिक ग्रामों का दौरा करके बैठकें व चुनावी सभाओं को संबोधित कर चुके है। वे अपने प्रचार जत्थे के साथ दिन - रात प्रचार कार्य में तल्लीन हैं।

5 वाहनों से 44 हजार का काटा गया ई चालान

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर कबीरधाम जिले में जीप, टैक्सी एवं अन्य यात्री वाहनों व माल वाहनों की लगातार जांच किया जा रहा है। परिवहन विभाग की टीम द्वारा जीप टैक्सी में परमिट, फिटनेस, बीमा व टैक्स सहित अन्य सुरक्षार्थ के संबंध में जांच कर आवश्यक समझाईश दी जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि परिवहन निरीक्षक रामचंद्र कुंजाम एवं टीम द्वारा जिले के विभिन्न मार्गो में जीप टैक्सी एवं मिनी डोर, एवं अन्य यात्री वाहनों एवं माल वाहनों की सघन जांच की गई। जिसमें 05 वाहनों से कुल 43 हजार 800 रूपए की ई चालान काटकर चालानी कार्यवाही की गई। इस क्रम में एक जीप टैक्सी में परमिट, फिटनेस, बीमा व टैक्स नहीं पाए जाने पर कवर्धा थानें में सुरक्षार्थ खड़ी कराई गई।

घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी का प्रशिक्षण आज से

महासमुंद/नवप्रदेश। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवकों के लिए घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी का निःशुल्क प्रशिक्षण 01 मई से प्रारम्भ किया जा रहा है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा (आरसेटी) श्री टुटु बेहरा ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागियों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 03 मई 2024 तक पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के लिए बी.पी.एल. राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो, दस्तावेज साथ लाना होगा। प्रतिभागी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। निःशुल्क प्रशिक्षण पंजीयन के लिए एवं प्रशिक्षण की जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07723-299155, कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997-00673, प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाईल नम्बर 93402-81974 पर प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक संपर्क कर सकते है।

कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश । आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन मंगाए गए हैं। ऑनलाईन आवेदन भरने की प्राक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन 17 मई 2024 को रात्रि 12.00 तक भरे जा सकते हैं। ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 18 मई से 20 मई 2024 तक किया जाएगा। प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा तिथि 09 जून 2024 निर्धारित है।

तीसरे चरण के मतदान के लिए उड़नदस्ता दल का गठन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव के सीमावर्ती जिलों में होने वाले तीसरे चरण के मतदान दिवस 7 मई 2024 तक निर्वाचन व्यय मानिटरिंग एवं आदर्श आचरण संहिता के अनुपालन के लिए विधानसभावार उड़नदस्ता दल का गठन किया है। इसके अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत उप अभियंता (कार्यक्षेत्र डोंगरगढ़) कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग राजनांदगांव संतोष बिनवार की दल क्रमांक 1 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र बोरतलाव निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत सहायक विस्तार विकास अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव बलवीर सिंह की दल क्रमांक 2 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र सोमनी निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत उप अभियंता लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव कौशल कुमार जत्ती की दल क्रमांक 3 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र बागनदी निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग छुरिया गिरधर प्रसाद लारिया की दल क्रमांक 4 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र कल्लूबंजारी निर्धारित किया गया है। सभी उड़नदस्ता दलों के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी साथ रहेंगे।

मालक राम साहू उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए सम्मानित

कुरुद/नवप्रदेश। साहू संघ धमतरी द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर मालक राम साहू उपाध्यक्ष छतीसगढ़ प्रदेश साहू संघ को समाज में उनके उत्कृष्ट कार्य व कोरोना जैसे महामारी में सिविल अस्पताल कुरूद को दो नग आक्सीजन कन्सनटेटर मशीन प्रदान करने एवं शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दानवीर भामाशाह के नाम से सम्मानित किया गया है।

विनोद की हत्या की आशंका, एसपी दफ्तर पहुंचे ग्रामीण और परिजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के ग्राम खपरी तेली के ग्रामीण आज खैरागढ़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एसपी त्रिलोक बंसल से मुलाकात कर की. इस दौरान टीकम निषाद ने अपने 24 वर्षीय पुत्र विनोद निषाद की हत्या किए जाने की आशंका जताई और जांच कर कार्रवाई करने के लिए आवेदन भी सौंपा. दरसल 21 अप्रैल को मृतक विनोद निषाद अपने दोस्त की बारात में बलदेवपुर गया हुआ था, लेकिन बारात से रात दस बजे किसी और शादी में शामिल होने रोशन साहू के साथ भरदाकला के लिए निकल गया था. रोशन साहू के मुताबिक़ उसी रात उसका एक्सीडेंट हो गया था, जिसमे विनोद निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया था. एक्सीडेंट के बाद विनोद को खून से लतपथ हालत में खैरागढ़ सिविल अस्पताल लाया गया था. पूरे मामले में मृतक विनोद के बड़े भाई सोनू राम निषाद ने बताया कि 21 अप्रैल की रात लगभग एक बजे खपरी सिदार निवासी कोमल जंघेल उनके घर पहुंचा और विनोद के एक्सीडेंट होने की खबर उन्हें बताई, खबर मिलते ही विनोद का परिवार कोमल के साथ ही खैरागढ़ सिविल अस्पताल पहुंचा. अस्पताल में विनोद खून से लतपथ बेहोसी की हालत में था और उसके सिर, आँख और गुप्तांग के पास गंभीर चोट के निशान भी दिखाई दे रहे थे. चोट इतनी गंभीर थी कि टांका लगाने के बाद भी विनोद का खून नहीं रुक रहा था. इसे देखते हुए खैरागढ़ सिविल अस्पताल से उसे राजनांदगांव रेफ़र कर दिया गया, लेकिन राजनांदगांव में भी विनोद का उपचार नहीं हुआ तो उसे रायपुर डीकेएस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन 24 अप्रैल को सुबह ही विनोद को मृत घोषित कर दिया गया. मृतक विनोद निषाद के परिवार और बड़े भाई सोनुराम ने पूरे मामले को लेकर हत्या की आशंका व्यक्त की है. मृतक विनोद कार्यक्रम में बलदेवपुर नहीं गया था , लेकिन रोशन साहू को पूछने पर उसने विनोद का एक्सीडेंट होना बताया, जबकि दोनों अलग-अलग मोटर साइकिल से कार्यक्रम में गए थे. परिवार के लोगों का मानना है कि योजनाबद्ध तरीके से विनोद निषाद की हत्या की गई है और उसे दुर्घटना बताया जा रहा है. आज मृतक के परिवार और ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल से मिलकर उन्हें पूरी बात बताई और लिखित में शिकायत पत्र भी सौंपा. पुलिस अधीक्षक ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने दी लोस चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

स्पंज आयरन इंडस्ट्री के विरोध में कार्रवाई की मांग

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। एक बार फिर ग्रामीण स्पंज आयरन इंडस्ट्री के विरोध में सड़क पर उतरे हैं और कलेक्टर को कार्रवाई न होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है. बलौदाबाजार से लगभग दस किमी दूर ग्राम खजरी के ग्रामीण वहां लग रहे स्पंज आयरन इंडस्ट्री का प्रारंभ से ही विरोध कर रहे हैं. पूर्व में कलेक्टर-एसडीएम को आवेदन देकर विरोध दर्ज कराया था और प्रदर्शन भी किया था पर प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही न होने और स्पंज आयरन इंडस्ट्री का पुनः कार्य प्रारंभ होने से नाराज ग्रामीण आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को लोकसभा चुनाव बहिष्कार का आवेदन दिया. ग्रामीणों का कहना है कि पहले कंपनी यहां पावर प्लांट लगाई थी, जिससे उड़ते धुंए और कोयले से तो हम परेशान थे. अब कंपनी प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से बगैर पंचायत का एनओसी लिए स्पंज आयरन इंडस्ट्री लगाने जा रही है. इससे आसपास के ग्रामीण परेशान हैं और भविष्य में होने वाले खतरे को लेकर चिंतित हैं. रायपुर के उरला, सिलतरा और उसके आसपास के गांव का हाल देख चुके हैं. वही यहां पर शिवनाथ नदी व जम नैया नाला है, जिसका ऊपयोग पीने के पानी के लिए करते हैं. इससे वह भी प्रदूषित हो जाएगा. इसे देखते हुए हम सब ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने कहा, पूर्व में जब विरोध किए थे तो प्रशासन ने सहयोग करने की बात कही थी पर आज पुनः कंपनी काम चालू कर दिया है।

इसे लेकर हम विरोध करने आए हैं. तत्काल कार्रवाई नहीं होती है तो चुनाव बहिष्कार करेंगे. इसे लेकर कलेक्टर को आवेदन दिया है।

मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी

वहीं कलेक्टर केएल चौहान ने ग्रामीणों को समझाया और कहा कि चुनाव बहिष्कार आवश्यक नहीं है. मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि पहले भी जब कंपनी पावर प्लांट लगाई थी जिसका राख सड़कों पर फेक दिया था और गांव में डाल दिया था। इससे पानी प्रदूषित होने लगा था. उस वक्त ग्रामीणों ने विरोध किया था पर अब कंपनी पावर प्लांट की आड़ में स्पंज आयरन इंडस्ट्री डाल रही है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

बदले की भावना से मुझ पर झूठा आरोप लगा रहें हैं भाजपा नेता: नवाज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस नेता नवाज खान ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। इस दौरान नवाज खान ने पलटवार करते हुए भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नवाज खान ने कहा कि जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव में 51 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की नियुक्ति बैंक संचालक मण्डल के द्वारा बैंक की मांग पर किया गया तथा उपरोक्त नियुक्ति 89 दिन के लिए बैंक के सुचारू संचालन सुरक्षा व्यवस्था हेतु भृत पद पर किया गया था। वर्ष 2020-21 तथा 2022-23 में जिसे अवैध नियुक्ति कहकर निकाल दिया गया। जबकि इसके ठीक विपरित पूर्व सरकार के समय 2011 से 2019 तक के कार्यकाल में इन्हीं लोगों के द्वारा 26 लोगों की नियम विपरीत नियुक्ति की गई। जो अभी भी बरकरार है। मेरे कार्यकाल में लगभग 4 नये बैंक खोले गये मेढ़ा, तरेगांव, रेंगाखार एवं रवेली जिसमें कुल भृत्त की तत्काल आवश्यकता थी। इसलिए यह भर्ती की गई थी। नवाज खान ने कहा कि उनपर आरोप लगाया गया कि 2020-21, 2022-23 में लगे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों पर लगभग एक करोड़ रू. व्यय हुआ तो 2011 से 2019 तक लगे कर्मचारियों पर कितना व्यय हुआ इसकी भी जांच की जानी चाहिए।

नवाज खान ने बिलासपुर हाई कोर्ट आदेश की प्रति दिखाकर कहा कि भाजपा नेता सचिन बघेल नियम विरुद्ध तरीके से दोबारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष बन बैठे हैं। बीते शासन के दौरान सचिन बघेल को कार्यकाल पूर्ण होने के 14 महीने पहले ही अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया था। कोर्ट में केस चलने के दौरान उनका कार्यकाल खत्म हो गया। नियम के तहत दोबारा नए अध्यक्ष का मनोनय किया गया। नए अध्यक्ष का कार्यकाल खत्म होने के तुरंत बाद ही सचिन बघेल कोर्ट का आदेश दिखाकर दोबारा अध्यक्ष बन बैठे। नवाज खान ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में नए अध्यक्ष के मनोनय के साथ ही सचिन बघेल के कार्यकाल की शेष अवधि विलोपित हो चुकी थी। फिर भी मनमानी करते हुए श्री बघेल दोबारा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठ गए। जबकि कोर्ट के आदेश में साफ कहा गया है कि शेष अवधि के कार्यकाल के संबंध में शासन प्रशासन और पंजीयक से विचार विमर्श किया जाए। लेकिन सचिन बघेल ने पंजीयक से किसी तरह की लिखित अनुमति या फिर आदेश नहीं लिया और दोबारा अध्यक्ष का पद संभालने लगे जो कि नियम विरुद्ध है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नवाज खान ने कहा कि भाजपा के नेताओं ने उन पर किसानों की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। यह आरोप बिल्कुल निराधार है। उन्होंने भाजपा पदाधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर मामले की जांच कराए, यदि वे दोषी पाए जाते हैं तो 1 इंच के बदले एक डिसमिल और एक डिसमिल के बदले एक एकड़ जमीन किसानों को लौटा देंगे। नवाज खान ने कहा कि कांग्रेस से पहले भाजपा के नेता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष पद पर विराजमान थे। अपने शासनकाल के दौरान भाजपा के नेताओं ने कहां-कहां और कितनी जमीनों पर कब्जा किया, इसकी पोल मैं खोलूंगा। और उन्हीं की सरकार से ही इस मामले की जांच करवा कर कार्रवाई करवाऊंगा। तब होगा दूध का दूध और पानी का पानी। दूसरों पर कीचड़ उछालकर भाजपा के नेता बच नहीं पाएंगे। कार्यक्रम और बैठक में हुए चाय नाश्ता जैसे सामान्य खर्च का बिल दिखा रहे भाजपा नेता।

परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने कार्यशाला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षाओं के परिणाम आने के पहले अभिभावकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की समझाईश देने के लिए वीडियों कॉफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला से जुड़े रहे।

कार्यशाला में परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने हेतु उन्हें आगे बढने के लिए अभिप्रेरित करने की दक्षता का विकास, परीक्षा परिणाम से तनाव के कारण डिप्रेशन से उत्पन्न लक्षणों को पहचानने के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षकों एवं पालकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की समझाईश दी गई। बोर्ड परीक्षाएँ समाप्त हो चुकी है और सभी परीक्षा परिणामों का इंतजार है। किसी भी परिणाम में कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप होंगे। कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम अपेक्षा से कम होंगे। कुछ लोगों के निराशाजनक होंगे तथा कुछ जो अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं होंगे वे निराश होंगे जिससे तनाव महसूस करने की स्थितियां होती है। आवश्यक है कि हम इन स्थितियों के पहले ही विद्यार्थियों और पालकों में परीक्षा परिणाम को लेकर उचित मार्गदर्शन करें। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के ऊपर अनावश्यक दबाव और अपेक्षाएं नहीं डालनी चाहिए। अभिभावक अपने विचारों को बच्चों के ऊपर डाल देते हैं। ये अभिभावकों का अतिरिक्त दबाव और अपेक्षाएं होती है वह सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों का काम सपोर्ट करना है। पालकों को बच्चे की रूचि के अनुसार आगे बढ़ाने के लिए सपोर्ट करना है। पालक सपोर्ट करना छोड़कर अपेक्षाएं ज्यादा करते हैं, इससे समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की रूचि बहुत महत्वपूर्ण होती है। पालक यदि बच्चों की रूचि समझते हैं और इसके हिसाब से बच्चों को सपोर्ट करते हैं तो समस्याओं का हल निकाल सकते हैं।

रोड किनारे दोनों तरफ खड़े करने वाले ट्रकों पर की कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ.अभिषेक पल्लव के निर्देश पर कबीरधाम जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके साथ ही यातायात के नियमों के पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्रवाई किया जा रहा हैं। आज पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे में रोड किनारे खड़े ट्रक पर ई-चालान के माध्यम से करवाई की। रक्षित निरीक्षक, यातायात श्री प्रवीण खलखो, जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि जिला कबीरधाम के परिवहन विभाग और यातायात पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कवर्धा रायपुर नेशनल हाईवे के ग्राम पनेका के पास ढाबा के सामने रोड़ किनारे दोनो ओर खड़े ट्रक पर

ई चालान के माध्यम से 55 हजार 700 रुपए की चलानी कार्यवाही की गई। दोनों ओर ट्रक खड़ा होने से कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इससे पूर्व ट्रक ड्राइवर्स और ढाबा संचालकों को चेतावनी दी गई थी, लेकिन कोई सुधार नहीं देखते हुए ई चालान की कार्यवाही की गई, साथ ही ढाबा संचालकों को अपना पार्किंग व्यवस्था करने की चेतावनी दी गई। कार्यवाही के दौरान जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू, रक्षित निरीक्षक, यातायात प्रभारी प्रवीन खलखो, परिवहन निरीक्षक कुंजाम सहित यातायात विभाग की टीम उपस्थित थे।

कवि नारायण लाल परमार को साहित्यकारों ने किया स्मरण

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा यशस्वी गीतकार कवि स्व.श्री नारायण लाल परमार जी की 22 वीं पुण्यतिथि पर सार्थक स्कूल धमतरी में साहित्यकारों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। सर्वप्रथम यशस्वी गीतकार कवि स्व. नारायण लाल परमार की बड़ी बिटिया डॉक्टर रचना मिश्रा, धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव, संरक्षक सुरजीत नवदीप मदन मोहन खंडेलवाल दीप शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र सोनी हेमनाथ यदु, नरेश चंद्र श्रोती आकाशगिरी गोस्वामी भूपेन्द्र मानिकपुरी, मोहम्मद तारिक, चंपेश्वर राजपूत प्रेमशंकर चौबे ने तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर संरक्षक सुरजीत नवदीप ने कहा नारायण लाल परमार जी का साहित्य जीवन मूल्य की शाश्वता को प्रतिपादित किया है। परमार जी ने पूरे हिन्दुस्तान में धमतरी को साहित्यिक पहचान दी। अपने साहित्य में अनावश्यक जीवन विरोधी, हानिकारक मूल्यों को उखाड़ फेंकने तथा नष्ट करने के लिए जरुर संघर्ष किये क्योंकि रचनाकार जीवन के लिए जरूरी मूल्यों की रक्षा करता है। डॉ.रचना मिश्रा ने कहा कि - मैं नारायण लाल परमार की बड़ी बेटी हूं इसका मुझे गर्व है। उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर पद्मश्री पंडित मुकुटधर पाण्डेय के माध्यम से पता चला कि वे कितने बड़े गीतकार कवि हैं। अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने कहा - दादा परमार जी के साथ साहित्य के विभिन्न पक्षों पर बारी बारी से चर्चाएं होती थी। परमार जी के श्रेष्ठ गीतकार कवि होने के पीछे मौजूद उनके संघर्ष को कहा जा सकता है। परमार जी गीत लिखते हुए अपनी संवेदनात्मक अनुभूति और जीवन यथार्थ के साक्षात्कार से जीवन अनुभवों के विस्तार और मनुष्य के भविष्य के प्रति सजग अपनी काव्य चेतना के सहारे उत्तर की तलाश करते थे। प्रलोभन थे बहुत लेकिन नियम संयम नहीं टूटे। चर्चा के दौरान उनका अतीत, रचना के अनुभव सब क्रमशः मुखर होने लगते थे। मदनमोहन खंडेलवाल ने कहा - परमार जी में साहित्य के प्रति अनन्य समर्पण भाव था और नए रचनाकारों के प्रति सहज आकर्षण। परमार जी के गीत जब धर्मयुग से लेकर हिन्दूस्तान भर में प्रकाशित होते थे हम लोग भाव विभोर होकर पढ़ते थे।

विहिप-बजरंग दल ने की रेत के अवैध परिवहन पर रोक लगाने मांग

धमतरी/नवप्रदेश। दीपक ठाकुर के नेतृत्व में विहिप एवं बजरंग दल ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर जिले में अवैध रूप से चल रहे रेत उत्खनन व बिना रॉयल्टी के चलने वाले भारी वाहन पर कारवाही कर स्थाई रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की है । ज्ञापन में कहा गया है कि धमतरी जिले में विशेष तौर पर धमतरी शहर में शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके लोगों की सुविधाओ हेतु नई नई सड़को का निर्माण किया गया है परंतु बिना रॉयल्टी के अवैध रूप से चलने वाले भारी वाहनो के कारण सड़के खराब होती जा रही है जिसके कारण शहर वासियों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है,साथ ही साथ वाहनों की तेज रफ्तार के कारण शहर में पिछले पांच वर्षो में सैकड़ो सड़क दुर्घटनायें हुई है जिनमीन नागरिकों ने अपने परिवार के सदस्यो को खोया है। स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार मे निहित है। अनुच्छेद 21 यह घोषित करता है कि किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता के कानून द्वारा स्थापित प्रकिया के अनुसार वंचित नहीं किया जायेगा, यह अधिकार नागरिकों एवम गैर नागरिकों दोनो के लिए उपलब्ध हैं ।

अनुच्छेद 51 A (G) कहता है कि जंगलों झीलों नदियों और वन्य जीवों साहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणी के प्रति दयाका भाव रखना, भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा । मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की घोषणा यह मानने वाला प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय दस्तावेज था की पर्यावरणीय समस्याएं विकासशील और विकसित दोनो अर्थव्यवस्थाओ से उत्पन्न होती है।। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण की रक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए संघ, राज्य, और स्थानीय स्तर पर शासकीय कारवाही किया जा सकता है।। भारत में वायु प्रदूषण में धूल और निर्माण का योगदान लगभग 59% हैं परंतु धमतरी जिले में यह स्थिति 90% तक है। हमारा देश अंतराष्ट्रीय पर्यावरण नीति के कई मुद्दों में शामिल है जैसे जलवायु संरक्षण, टिकाऊ ऊर्जा नीति, जैविक विविधता का संरक्षण और जंगलों,झीलों,नदियों, समुद्रों और मिट्टी का संरक्षण परंतु हमारे जिले में अवैध रेत उत्खनन अवैध रूप से मुरूम उत्खनन , ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देता है क्षेत्र का वायुमंडल लगातार दूषित हो रहा है। देश में दिल्ली उत्तरप्रदेश और हरियाणा सर्वाधिक प्रदूषित राज्य हैं धमतरी जिला भी राज्य के प्रदूषण को बढ़ाने में अग्रणी हो रहा है। देश में पर्यावरण को लेकर कानून बनाया गया है जिसमे ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन अम्लीय वर्षा वनों की कटाई प्राकृतिक संसाधनों की कमी वायु और पानी का प्रदूषण आदि मुद्दों से संबंधित है जिले का अपशिष्ट प्रबंधन जिला प्रशासन की प्रमुख नैतिक जिम्मेदारी है । पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से नदियों में रेत का उत्खनन एवम् बिना रायल्टी के अन्य खदानों से भारी वाहनों द्वारा किए जा रहे रेत परिवहन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाए।

प्राचीन हनुमान की प्रतिमा को शरारती तत्वों ने किया खंडित

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य और युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया आज ग्राम कामठी में पुरातात्विक हनुमान जी के मूर्ति को असामाजिक तत्वों का द्वारा खंडित किया गया है इस ओर भाजपा के नेताओं का ध्यान नहीं है केवल चुनाव में धर्म के आड़ पर राजनीति करते है इनका धर्म और आस्था से कोई वास्ता नहीं है । पूर्व में भाजपा शासनकाल में डोंगरिया स्थित जालेश्वर महादेव को खंडित किया था और अब कामठी में हनुमान मंदिर को खंडित किया गया है । जिले में 2 विधायक है वर्तमान सांसद है मगर प्राचीन मंदिरों की सुरक्षा के तरफ किसी का ध्यान नहीं है और न हि गृह मंत्री और विधायक एवं सांसद अभी तक घटना स्थल तक नही पहुंचे है ना ही सुध लेने को समय है केवल राजनीति करके सत्ता हथियाना चाहते है । तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कामठी का प्राचीन मंदिर हम सब के लिए आस्था का प्रतीक है और ऐसे धार्मिक उन्माद फैलाने वाली मानसिकता के लोगो पर शख्त कारवाई करें और दोषी को कड़ी सजा दिलाएं अन्यथा युवा कांग्रेस सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे ।

भूपेश ने गरीबों का आवास रोका, हमारी सरकार सांय-सांय बनवाएगी : सीएम साय

- **कांग्रेसियों का दिमाग खराब हो गया है, आज कल उल्टा-पुल्टा बोल रहे हैं**
- **चौबीस घंटे में अट्ठारह घंटे काम करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं**

रायपुर/खरसिया/शिवरीनारायण/अहिवारा। कांग्रेस ने प्रदेश के 18 लाख गरीबों को पीएम आवास से वंचित कर दिया था। मोदी सरकार ने आवास के लिए पैसे भी भेजे थे। लेकिन उनके द्वारा भेजे गए केन्द्रांश को भूपेश बघेल की सरकार ने वापस लौटा दिया और गरीबों के आवास अधूरे के अधूरे रह गए। जबकि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादे के अनुरूप शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन 18 लाख पीएम आवास को स्वीकृति दी, मोदी की गारंटी को पूरा किया। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री आवास का काम सांय-सांय पूरा होगा। 18 लाख परिवारों के पक्के छत का सपना पूरा होगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज तीन जिलों में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने रायगढ़ के चपले, जांजगीर-चांपा के शिवरीनारायण एवं दुर्ग के अहिवारा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने का आग्रह किया।

रायगढ़ लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया की तारीफ करते हुए श्री साय ने कहा कि भाई राधेश्याम को जनसेवा का लम्बा अनुभव है। उन्होंने सरपंच से लेकर जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, एसटी मोर्चा और किसान मोर्चा सब में काम किया है। वे मृदुभाषी और कर्मठ हैं। उनको कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजना है। ये आप सभी से आग्रह करने आया हूँ।

शिवरीनारायण में माता शबरी, भांचा राम को किया याद

जांजगीर-चांपा के शिवरीनारायण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उन्हें पहली बार शबरी माता के पावन धाम शिवरीनारायण आने का सौभाग्य 22 जनवरी को मिला था। उन्होंने यहीं से ही छत्तीसगढ़ के भांचा राम के अयोध्या के भव्य राम मंदिर में हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखने की बात को स्मरण किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी द्वारा दिए गए उद्बोधन में शबरी माता के जिक्र किये जाने की बात उन्होंने जनता से कही। श्री साय ने आत्मीय और स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए शिवरीनारायण की जनता का आभार जताया।

सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस नेताओं में पहले से ही हार की हताशा साफ दिख रही है। इसलिए हमारे बड़े-बड़े नेताओं पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेसियों का दिमाग खराब हो गया है, आज कल उल्टा-पुल्टा बोल रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा दिए गए लाठी से सर फोड़ने वाले बयान, कवासी लखमा द्वारा मोदी मर जाए वाले बयान की निंदा की। जनता से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव में भी बिगड़े बोल वाले कांग्रेस नेताओं और उसकी पार्टी को सबक सिखाना है, करारा जवाब देना है। कांग्रेस को खाता खोलने भी नहीं देना है।

नेता नहीं बेटा बन कर सेवा करना चाहता हूँ - राधेश्याम राठिया

भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने अपने संबोधन में नेता नहीं बेटा बन कर जनता-जनार्दन की सेवा करने की बात कही। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि वे हर एक परिवार के सुख-दुःख में साथ खड़े रहेंगे और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रतिनिधि बनकर वे प्रत्येक गांव का विकास करने हेतु तत्पर रहेंगे। उन्होंने जनता से आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर सांसद बनाने की अपील की।

हर दिन 18 घंटे काम करते हैं प्रधानमंत्री

अपने चुनावी अभियान के अंतर्गत देर शाम दुर्ग के अहिवारा पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ये चुनाव देशवासियों के हित के लिए 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाले मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। श्री साय ने लोकसभा चुनाव को मोदी जी के नेतृत्व में 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और 2047 तक विकसित भारत बनाने का चुनाव बताया। विष्णु देव साय ने रायगढ़ लोकसभा के लिए राधेश्याम राठिया, जांजगीर-चांपा के लिए श्रीमती कमलेश जांगड़े और दुर्ग के लिए विजय बघेल के पक्ष में जमकर मतदान करने का आग्रह जनता से किया।

कमल में बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं - कमलेश जांगड़े

यहाँ की लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने भी भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सब मोदी जी के परिवार हैं। जब परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़ता है तो ये हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उनके पक्ष में वोट कराने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित करें। रिश्तेदारों को फोन करके, तो वहीं डोर टू डोर जनसम्पर्क के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच कर अपने परिवार के मुखिया को जिताने में योगदान दें। उन्होंने कमल छाप पर बटन दबाकर भाजपा को जिताने, सांसद बनाने की अपील जनता से की।

2 से 12 मई तक लगेगा वैकेशन बाइबल स्कूल

रायपुर/नवप्रदेश। सेंट पॉल्स कैथेड्रल में 2 से 12 मई तक सुबह 7 से 11 बजे तक वैकेशन बाइबल स्कूल लगेगा। इसका मुख्य ध्येय है- अंडर हिस विंग्स। सेंट पॉल्स कैथेड्रल वीबीएस के लिए पालक पास्ट्रेट कमेटी व संडे स्कूल शिक्षक इसके लिए संडे स्कूल शिक्षिका नेहा पिल्लई व पल्लवी मिंज से पालक संपर्क कर सकते हैं। इसी तरह सालेम इंग्लिश स्कूल में भी 1 से 31 मई तक समर कैंप लगेगा।वाइस प्रिंसिपल रूपिका लॉरेंस ने बताया कि कैंप में बच्चों को संगीत, कला और खेल की विशेष रूप से ट्रेनिंग दी जाएगी। समर कैंप का आकर्षण होगा फायरलैस कुकिंग। इसके अलावा क्रिकेट, हॉकी, फुटबाल, चैस, वॉलीबॉल, प्यानों, गिटार, सिगिंग, इंग्लिश स्पीकिंग की भी क्लास लगेगी।

तेलीबांधा संडे स्कूल के वैकेशन बाइब स्कूल का समापन हो गया।समापन समारोह में बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

वीबीएस में बच्चों ने पद बोलना, समूह तथा एकल गीत, नृत्य आदि की शिक्षा ली थी उसे प्रस्तुत किया गया। बच्चों को वीबीएस में बाइबल की शिक्षा के साथ खेलकूद, फैंसी ड्रेस, क्राफ्ट्स इत्यादि में पारंगत कराया गया। बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सेंट पॉल कैथेड्रल के पादरी सुनील कुमार, संडे स्कूल सुप्रीटेंडेंट डॉ नेहा पिल्ले, सचिव पल्लवी मिंज विशेष रूप से उपस्थित थीं।

आलू की बोरियों में छिपाकर रखे 50 लाख कैश बरामद

- **दुर्ग से ओडिशा जा रहे पिकअप से रकम जब्त; चेकिंग के दौरान ड्राइवर बोला-पता नहीं किसके हैं**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई की है। ओडिशा जा रहे एक पिकअप वाहन से 50 लाख रुपए कैश जब्त हुआ है। बताया जा रहा है कि कैश आलू की बोरियों के बीच कार्टन में छिपा कर रखा गया था। पुलिस आरंग थाना क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रही थी। दरअसल, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चल रही चेकिंग के दौरान महासमुंद तिराहे के पास आलू से भरी पिकअप गाड़ी को रोका गया। गाड़ी ओडिशा नंबर से रजिस्टर्ड थी, जिसे ओडिशा के ढेंकानाल का रहने वाला प्रताप प्रधान चला रहा था।

आलू की बोरियां हटते ही कार्टन दिखा

पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह दुर्ग से आलू लेकर ओडिशा जा रहा है। इन आलू की बोरियों को हटाकर देखा गया तो नीचे की तरफएक कार्टन रखा हुआ था। कार्टन की जांच में 50 लाख रुपए कैश मिले।

ड्राइवर गिरफ्तार लेकिन मालिक का कोई पता नहीं

पूछताछ में ड्राइवर प्रताप प्रधान ने पुलिस से कहा कि वह इस रकम के बारे में नहीं जानता है कि ये किसका है। जिसके बाद पुलिस अब गाड़ी में लोड सामान और गाड़ी मालिक का पता लगा रही है। साथ ही पुलिस ने इन रुपयों को इनकम टैक्स विभाग को हैंडओवर कर दिया है।

भाजपा का बुद्धिजीवी सम्मेलन विजन ऑफविकसित भारत 2 मई को

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा 2 मई को राजधानी रायपुर में एक महत्वपूर्ण बुद्धिजीवी सम्मलेन विजन ऑफ विकसित भारत,2047 का भारत आयोजित करने जा रही है।

कार्यक्रम के संयोजक सीए अमित चिमनानी,डॉक्टर विमल चोपड़ा,एडवोकेट जेपी चंद्रवंशी व अमित मैशरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री विनोद तावड़े होंगे,कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव करेंगे,विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ मंत्री राम विचार नेताम व पश्चिम के विधायक पूर्व मंत्री राजेश मूणत माजूद रहेंगे।

कार्यक्रम संयोजकों ने बताया की कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन कालेज ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे से होगा।कार्यक्रम में प्रदेश भर से व्यापारी,सीए,डाक्टर ,वकील,

अर्थशास्त्री,कलाकार,प्रोफेसर, शिक्षक,पूर्व अधिकारी,सेना के जवान,सामाजिक संस्थानों के प्रमुख,इंजीनियर व 15 से ज्यादा फील्ड के प्रोफेशनल्स माजूद रहेंगे।

प्रेस ब्रीफमें दी गई जानकारी में बताया गया कि भारत अब तेजी से बदल रहा है युवाओं के लिए नए नए क्षेत्र में अवसर खुल रहे हैं भारत इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड स्तर पर खर्च कर रहा है, आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है ,भारत में मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ रही है, टेक्नोलॉजी का प्रयोग बढ़ रहा है ऐसे में आगामी 25 वर्षों में किन-किन क्षेत्रों में क्या-क्या अवसर होंगे इन बातों पर विस्तृत चर्चा कर राष्ट्र को विकसित बनाने प्रदेश को विकसित बनाने के साथ-साथ अपने जीवन में आने वाले अवसरो का लाभ लिया जा सकता है।

आईपीएस जीपी सिंह बहाल मिल सकती है बड़ी जवाबदारी

- **कैट के फैसले के बाद राज्य सरकार ने भी जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफकर दिया**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कैडर के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह की बहाली हो गई है। बताया जाता है कि कैट के फैसले के बाद राज्य सरकार ने भी जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफकर दिया है, जल्द ऑर्डर जारी होने की संभावना जताई जा रही है। एक बड़ी कानूनी लड़ाई के बाद जीपी सिंह को न्याय मिला है। उनकी गिनती अनुशासनप्रिय और ईमानदार अफसर के रूप में होती है।

हालांकि पूर्ववर्ती सरकार ने कई झूठे प्रकरण दर्ज कर जीपी सिंह को गैर-कानूनी रूप से अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी थी। यहां तक कि उनकी नौकरी तक खत्म कर दी गई थी। आज जीपी सिंह की कैट में जीत के बाद नौकरशाही में खुशी है।

कैट ने जीपी सिंह से जुड़े मामलों को लेकर साफकर दिया है। छत्तीसगढ़ की पूर्व सरकार के तथ्यों पर भरोसा कर भारत सरकार द्वारा अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिए थे। अब जीपी सिंह को बहाल कर दिया गया है। उन्हें कैट से बड़ी राहत मिली है। कैट ने चार हफ्तों के भीतर जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल किए जाने का आदेश दिया है।

अदालत में चुनौती दी गई थी

आईपीएस सिंह को राज्य की तत्कालीन सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लगभग साल भर पहले अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी थी। इसे पीड़ित पक्ष ने अदालत में चुनौती दी थी। बचाव पक्ष ने कई कानूनी तथ्य पेश कर तत्कालीन सरकार की मंशा से कैट को रूबरू कराया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कैट ने जीपी सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया है।

30 वर्ष की सेवा पूरी

उधर कैट का फैसला आने के बाद जी पी सिंह ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप कानून की मजबूती और बेहतर पुलिसिंग के लिए वे सदैव कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस को जनोपयोगी बनाए जाने पर बल दिया जाएगा। पीड़ितो को न्याय और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए वे सक्रिय रहेंगे। बताया जाता है कि 01.01.2024 को जीपी सिंह ने 30 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है। वे डीजीपी पद की योग्यता भी रखते हैं। बताया जाता है कि वरिष्ठता के आधार पर जीपी सिंह को बड़ी जवाबदारी सौंपी जा सकती है।

महादेव सट्टेबाजी के आरोपियों की 4 मई तक बढ़ी एसीबी/ईओडब्ल्यू रिमांड

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में गिरफ्तार 5 आरोपियों की रिमांड मंगलवार को खत्म होने के बाद पांचों आरोपियों को एसीबी/ईओडब्ल्यू ने पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में पेश किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद निलंबित पुलिस एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, सुनील दम्मानी, रितेश यादव की रिमांड बढ़ाई गई।

कोर्ट ने 5 दिन यानी 4 मई तक आरोपियों को एसीबी/ईओडब्ल्यू की रिमांड पर सौंपा। वहीं आरोपी राहुल वकटे को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। ईओडब्ल्यू की टीम ने जेल में बंद पुलिस के निलंबित सिपाही भीम सिंह और कारोबारी अमित अग्रवाल को प्रोडेक्शन वारंट पर पुलिस रिमांड लेने का आवेदन लगाया है।

आधी रात जिला अस्पताल पहुंचे विधायक दीपेश साहू

- **सड़क दुर्घटना में पीड़ित परिजनों से की मुलाक़ात**

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया में दर्दनाक सड़क दुर्घटना मे नौ लोगों की मौत हो गई। वही 21 लोग घायल हैं, जिनकी इलाज अलग अलग अस्पतालों में जारी हैं, मृतक में दो जुड़वा बच्चें भी शामिल हैं। मामले की सूचना मिलते ही सबसे पहले बेमेतरा विधायक दीपेश साहू आधी रात जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित मरीज और उनके परिजनों से मुलाक़ात कर कुशल क्षेम जाना और सभी पीड़ित लोगों के उचित इलाज के लिए डॉक्टरो दिशा निर्देश दिया और डॉक्टरों को सख्त हिदायत देते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि

मरीजों के इलाज में किसी प्रकार लापरवाही ना बरतें, सभी मरीजों की उचित इलाज हो।

मिट्टी कार्यक्रम में पथर्रा पहुंच विधायक दीपेश साहू शोकाकुल परिवार से की मुलाकात - सुबह होते ही विधायक दीपेश साहू ग्राम पथर्रा पहुंचे, जहां बारी-बारी से सभी पीड़ित परिवारों से मुलाक़ात किये और परिजनों का दुःख बांटा और सबको ढाढस बंधाया। वही सभी मृतक पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किये। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह जो घटना हुई है बहुत ही ह्रदय विदारक हैं, जो भी घटना में लापरवाह होंगे उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। शासन अपने स्तर पर जाँच शुरू कर दी गई है जल्द ही जाँच के बाद लापरवाह लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। सरकार शोकाकुल परिवार के साथ हर वक्त खड़ी हैं, सरकार के तरफ से हर सम्भव मदद पीड़ित परिजनों को की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी आचार सहिता लगी हुई हैं, इसलिए किसी प्रकार से घोषणा नहीं की जा सकती, पर शासन स्तर पर पीड़ित परिजनों के सहयोग के लिए बात की गई हैं। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, मंत्री दयालदास बघेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, नीतू कोठारी, रोशन दत्ता, राजू देवांगन, नीलू राजपूत, परमेश्वर साहू, शशांक शर्मा, रेवा राम निषाद सहित क्षेत्र व अंचल के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

कस्टम मिलिंग घोटाला में मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी 5 दिन ईडी की रिमांड पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में ED ने मार्कफेड के पूर्व MD मनोज सोनी को हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने 14 दिन की रिमांड मांगी, लेकिन कोर्ट ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद 5 दिन की रिमांड दी है। ऐसे में मनोज सोनी 4 मई तक ईडी की रिमांड पर रहेंगे।जानकारी के मुताबिक, पूर्व एमडी मनोज सोनी EOW दफ्तर गए थे, जहां से श्रष्ठ के अधिकारी हिरासत में लेकर उन्हें सब जोनल ऑफिस ले आए। श्रष्ठ का आरोप है कि राज्य में 140 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की गई।

पूर्व एमडी चला रहा था पूरा मामला

कारोबारियों के अनुसार, मनोज सोनी और उनके सहयोगियों का खेल दो साल से चल रहा था। इसके लिए पूरी टीम बनाई गई थी। टीम में मॉर्कफेड के अफसर और छत्तीसगढ़ स्टेट इन मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भी शामिल थे। आरोप है कि कस्टम मिलिंग, डीओ काटने, मोटा धान को पतला, पतले धान को मोटा करने, एफसीआई को नान में कंवर्ट करने का पैसा लिया जाता था।

इस तरह बनाया गया था वसूली का सिस्टम

ED की जांच में यह पाया गया कि, तत्कालीन जिला मार्केटिंग ऑफिसर प्रीतिका पूजा केरकेट्टा को मनोज सोनी ने रोशन चंद्राकर के माध्यम से निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि उन्हीं राइस मिलर्स के बिल का भुगतान किया जाना है, जिन्होंने वसूली की राशि रोशन चंद्राकर को दे दी है। किन राइस मिलर्स को भुगतान किया जाना है, इसकी जानकारी संबंधित जिले के राइस मिलर्स एसोसिएशन के जरिए प्राप्त होती थी। रोशन चंद्राकर जिन मिलर्स की जानकारी प्रीतिका को देते थे, उनका भुगतान कर शेष मिलर्स की राशि रोक दी जाती थी।

अक्टूबर 2023 को छापा मारा था ईडी की टीम ने : 20 अक्टूबर 2023 को ईडी ने छापा मारा था। श्रष्ठ ने अपने ऑफिशियल ङ्ग अकाउंट पर लिखा कि, 20-21 अक्टूबर को मार्कफेड के पूर्व स्ब्र, छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स संगठन के कोषाध्यक्ष और कुछ सदस्यों, राइस मिलर्स और कस्टम मिलिंग से जुड़े लोगों के घर पर जांच की गई।

चावल घोटाले से जुड़ी इस जांच में कई संदिग्ध दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और 1 करोड़ 6 लाख कैश मिला। ईडी ने इनकम टैक्स की शिकायत के आधार पर जांच शुरू की। इस जांच के बाद श्रष्ठ की स्थानीय टीम ने प्रतिवेदन दिया और उसके बाद एफआईआर हुई।

बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा

6 मार्च 2023 को विधानसभा में बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने कस्टम मिलिंग में प्रति टन 20 रुपए वसूली का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि जो मिलर्स वसूली देते है, उनको ही भुगतान होता है। इसके बाद तत्कालीन मंत्री मोहम्मद अकबर ने सबूत मांगा था और सदन में जमकर हंगामा हुआ था।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने सुविधा केंद्र का लिया जायजा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर के. एल. चौहान ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में मतदानकर्मियों के लिए डाक मतपत्र हेतु स्थापित सुविधा केन्द्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्ष क्रमांक 03 में बनाये गए रायपुर व जांजगीर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के लिए सुविधा केंद्र में मतदाताओं की अधिक संख्या होने पर उनके सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल कक्ष क्रमांक 58 में लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर - चाम्पा अन्तर्गत आने वाले मतदाताओं के लिए सुविधा केन्द्र को शिफ्ट कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने पोस्टल बैलट के सहायक नोडल अधिकारी को दोनों कक्षों में सरल व सहज रुप से मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान अधिकारियों से मतपत्र, आरओ की सील, फॉर्म 12, डाक मतपत्र लिफाफा आदि की ठीक से जांच करने व सावधानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान के लिए कतार में लगे मतदानकर्मियों को भी अनुशासन व संयम बनाये रखते हुए कक्ष में 2- 2 की संख्या में प्रवेश करने कहा ताकि कक्ष में अनावश्यक भीड़ न हो।

कलेक्टर ने जनपदों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण आवास, आंगनबाड़ी, गोदाम, मुक्तिधाम, प्रतीक्षालय, सामुदायिक शौचालय, नाडेप संरचना एवं मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की जनपद वार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों में गति लाते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम आवास के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेकर लंबित निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही लगातार फील्ड निरीक्षण कर कार्यों की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांवों को ओडीएफप्लस मॉडल का दर्जा दिलाने सभी गांवों में ठोस एवं अपशिष्ठ प्रबंधन केंद्र शेड निर्माण की जानकारी ली। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण कराते हुए सप्ताहवार इसकी समीक्षा भी करने के निर्देश सभी जनपदों के सीईओ को दिए।

बाल विवाह कराने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा बाल विवाह की रोकथाम हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। श्री चन्द्रवाल ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि समाज में व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन हेतु जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों एवं आमजनों से सहयोग प्राप्त कर कड़ी कार्यवाही करें। बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानून अपराध भी है। उल्लेखनीय है कि 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व है। श्री चन्द्रवाल ने इस अवधि में बाल विवाह न हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम सचिव, वार्ड पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एवं लोगों को जवाबदारी दी गई है।

तेंदुए का आतंक : ग्रामीण पर किया हमला, मवेशियों को बनाया शिकार

■ कई जिलों में है लोगों में दहशत का माहौल

कोरबा/गरियाबंद/नवप्रदेश। दो अलग-अलग जिलों में तेंदुए से हमले करने की खबर सामने आई है. इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. पहली घटना कटघोरा वनमंडल की है जहां जंगल गए शख्स पर तेंदुए ने हमला कर दिया. इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया है. दूसरी घटना गरियाबंद के छुरा गांव की है. यहां तेंदुआ मवेशियों का शिकार कर रहा है. इन घटनाओं को लेकर वन विभाग अलर्ट है.

कोरबा के कटघोरा वनमंडल के गोकुण्डा तनेरा गांव का ग्रामीण जंगल में शौच के लिए गया हुआ था. इस दौरान तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया. जिसके बाद उसने बचाव के लिए चीखपुकार करने लगा तभी आसपास मौजूद ग्रामीण आवाज सुन कर घटना स्थल पहुचें और उसकी जान बचाई. तेंदुए के हमले में ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया था. घायल अमलीकुंडा बजरू उरांव का अस्पताल में इलाज चल रहा है. यह घटना कटघोरा वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोकुण्डा तनेरा गांव की है.

तेंदुए ने मवेशियों को बनाया शिकार
गरियाबंद जिले के छुरा क्षेत्र की है. यहां तेंदुआ गांव में घुस कर मवेशियों का शिकार कर रहा है. छुरा क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुए की आमद से हड़कंप मचा हुआ है. ग्रामीण दहशत की जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं. वहीं वन विभाग ने हाई अलर्ट जारी किया है।

बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में निभाई सहभागिता

0 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में निभाई अपनी सहभागिता

0 100 वर्षीय बिसाहिन साव ने खुशी से डाला अपना वोट, कहा 'मोला बने लागत हे'

0 भारत निर्वाचन आयोग को बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने दिया धन्यवाद

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों से होम वोटिंग की नई पहल की गई है। लोकतंत्र के पर्व में आज से दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग के लिए चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घरों में मतदान दल ने पहुंचकर मतदान करवाया। दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा क्षेत्र के चिन्हांकित 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर मतदान कराया गया। मतदान दल के घर में पहुंचते ही घरवाले और मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

श्री के.एल चौहान के मार्गदर्शन में जिले के दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हांकित 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगजन होम वोटिंग कर रहे है। जिले के सबसे अधिक उम्र की महिला मतदाता 100 वर्षीय रामसागर पारा भाटापारा निवासी बिसाहिन साव ने वोट डालकर लोकतंत्र में अपना अमूल्य सहभागिता प्रदान करते हुए सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्होनें वोट डालकर कहा कि घर में ही वोट डालने से मोला बने लागत हे पर ऐ दारी बैलेट पेपर में बहुत झन प्रत्याशी हावे। उसी तरह ग्राम अमेरा निवासी 88 वर्षीय जानकी बाई पटेल ने होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल को घर में पहुंचने पर प्रसन्नता जाहिर की। इसी तरह ही जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कसडोल विधानसभा अंतर्गत ग्राम सर्वा निवासी दिव्यांग विशेश्वर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि पहले मतदान करने के लिए उनके परिवार के सदस्य मतदान केन्द्र ले जाते थे। उन्होनें कहा कि मतदान दल घर में आने से बहुत अच्छा लगा। जिससे बिना किसी असुविधा के लोकतंत्र का हिस्सा बनने का मौका मिला। उनके परिवारजनों ने भारत निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेल निवासी दिव्यांग मिलन कलार ने पहली बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होनें कहा कि अगर मतदान केन्द्र के माध्यम से वोट देने जाता तो मतदान केन्द्र तक घर के किसी सदस्य के सहयोग से ही जा पाता। निश्चित ही इससे अन्य लोगों को कठिनाई महसूस होती है एवं लाईन लगाकर लम्बे इंतजार करना पड़ता है। भारत निर्वाचन आयोग की इस पहल से मुझे घर पर ही मतदान कर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इसी तरह ग्राम बाघमाड़ा सोनाखान निवासी 75 वर्षीय दिव्यांग निलाम्बर पटेल ने घर में होम वोटिंग के लिए मतदान दल पहुंचा तो उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होनें कहा कि घर पर मतदान करना बहुत सुविधाजनक रहा और सुखद अनुभूति रही। जिला मुख्यालय स्थित आजाद चौक निवासी 85 वर्षीय श्रीमती रामप्यारी ठाकुर ने पोस्टल बैलेट के जरिए पहली बार मतदान किया। उनके बेटे श्री भोला ठाकुर ने कहा ये अच्छी व्यवस्था है उम्र के साथ ही मां अब कमजोर हो गई है। पहले मतदान केंद्र में जाने से लंबी लाइन में भी लगना होता है और समय भी अधिक लगता है। निर्वाचन आयोग द्वारा यह व्यवस्था बहुत ही सराहनीय है। इसी तरह जिला मुख्यालय के ही वॉर्ड नंबर 6 निवासी 95 वर्षीय बुजुर्ग हमीद बैग ने उत्साह के साथ मताधिकार का प्रयोग किया।

इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान स्वयं दोनो के घर में उपस्थित रहे है।

नुक्कड़ नाटक के जरिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील

सरगुजा/नवप्रदेश।लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने तथा शत-प्रतिशत मतदान इस नजरिए से हर मुमकिन कोशिश किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में 28 अप्रैल दिन रविवार को कुन्नी मंडल के ग्राम सलका, कुसु, साप्ताहिक बाजार कुन्नीऔर नरकालो नावपारा चौक मे नुक्कड़ नाटक के जरिए से मतदाताओ को जागरूक किया गया तथा भारतीय जनता पार्टी के जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुए भाजपा के सरगुजा सांसद प्रत्याशी चिंतामणि महराज के पक्ष में बोट करने की अपील की गई। इस आयोजन में कुन्नी मंडल अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, कुन्नी मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष कपिल राजवाड़े, महामंत्री विकास सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष कन्हैया सोनी, अजीत सिंह, रविशंकर, तेज सिंह, बबलू सिंह, गिरीश सिंह, भैयालाल साहू, कृष्णा राठिया, रामेश्वर यादव, पंकज सिंह, आसंत सिंह, भारत सिंह, समेत तमाम भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बेटियां फिर अव्वल, परिणाम में पिछड़े बेटे

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरछेड़ी, विकासखंड व जिला गरियाबंद में 29/04/24 सोमवार को 9वीं एवम् 11वी कक्षा के सभी संकायों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। ओवर ऑल परिणाम में कु. गूंजा प्रथम (77.40 प्रतिशत), साइंस संकाय के कु. खुमेश्वरी कोमर्रा, द्वितीय (68.40 प्रतिशत) और राज्य स्तरीय खिलाड़ी कु. लक्ष्मी यादव तृतीय स्थान (62.80 प्रतिशत) हासिल किया। परीक्षा परिणाम 75.76 फीसदी रहा जो पिछले साल की तुलना में 4.64 फीसदी अधिक है। वही कक्षा 9वी में भी बेटियों ने बाजी मारी है, 79.50 प्रतिशत के साथ कुमारी प्रेरणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 75.83त्न के साथ हेमलता और प्रेमचंद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं डागेश्वर यादव ने जागेश्वर ने 73त्न प्राप्त कर तृतीय स्थान में जगह बनाया है। इस तरह कुल परीक्षा परिणाम 86.76 फीसदी रहा जो पिछले

साल की तुलना में 5.44 फीसदी अधिक है। सफलता प्राप्त किए समस्त विद्यार्थियों को संस्था के युवा प्राचार्य श्री बसंत त्रिवेदी द्वारा सर्टिफिकेट और उद्बोधन दिया गया कि ÷शिक्षा का उद्देश्य तथ्यों को सीखना नहीं होता है बल्कि शिक्षा का मुख्य दिमाग को प्रशिक्षित करना होता है। इस कार्यक्रम पर शाला समिति के प्रमुख अश्वनी वर्मा, संस्था के समस्त अध्यापक गण, वरिष्ठ व्याखाता रवि अंगारे, जिला वॉलीबॉल कोच एवम् व्यायाम शिक्षक सूरज महाडिक सहित समस्त कर्मचारियों एवं विधार्थियो की उपस्थिति रही।

रिकार्ड 80.14 सबसे अधिक डोंगरगांव में 82.36 मतदान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल 2024 को मतदान संपन्न हुआ। अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान अवश्य करें की थीम को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी व स्वीप की नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में सभी विभागों के अधिकारी- कर्मचारी, महाविद्यालय ने लोकसभा निर्वाचन-2024 मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित किया। विगत चुनाव में जो कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र थे, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने

हेतु स्वीप के विविध आयोजन किये गए। इन आयोजनों में मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाया गया मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान दिवस पर मतदाताओं हेतु मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था की गई थी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का संचालन कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में किया गया। परिणाम स्वरूप जिले के मतदान प्रतिशत में पिछले लोकसभा चुनाव के तुलना में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले लोकसभा चुनाव में 77.29 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस चुनाव में जिले में 80.14 मतदान हुआ जो कि पिछले चुनाव से 3 प्रतिशत अधिक है।

जिले के चारों विधानसभाओं में सभी वर्ग के मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह रहा। मतदान केदो में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के साथ ही सहयोग की आवश्यकता वाले मतदाताओं को सहयोग हेतु मतदाता मित्र स्काउट-गाइड, एनएसएस एवं रेडक्रॉस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। चारों विधानसभा क्षेत्र में विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक मतदान हुआ है। जिले का कुल मतदान प्रतिशत 80.14 प्रतिशत रहा, जो विगत लोकसभा चुनाव से तीन प्रतिशत अधिक है। विधानसभा अनुसार मतदान समाप्ति उपरांत जिले के विधानसभा डोंगरगढ़ में 79.71 प्रतिशत विधानसभा राजनांदगांव में 77.20 विधानसभा डोंगरगांव में 82.36 प्रतिशत विधानसभा खुज्जी में 81.76 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे को मिला सर्व ब्राह्मण समाज रत्न अवार्ड

राजनांदगांव/नवप्रदेश।राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन, अभिनंदन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के मुख्य अतिथ्य तथा विधायक पुरंदर मिश्रा व हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के विशेष अतिथि में वृंदावन हाल सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम में राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एनआईएस कोच मृणाल चौबे को सर्व ब्राह्मण समाज रत्न अवार्ड से शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मृणाल के विशिष्ट उपलब्धियों को उल्लेखित करते हुए कहा कि खेल और पढ़ाई में सामंजस्य बनाकर दोनों क्षेत्रों में इन्होंने

उत्कृष्टता हासिल की एवं समाज को गौरवान्वित किया है। सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने सम्मलेन मे खेल के क्षेत्र में मृणाल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि इन्होंने 10 वर्षो तक भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मे देश के लिए मैडल जीता है तथा भारतीय टीम की कप्तानी भी की है। विशिष्ट उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने इन्हें राज्य अलंकरण गुंडाधुर सम्मान, शहीद राजीव पाण्डेय एवं शहीद कौशल यादव पुरुस्कार से सम्मानित किया।

जल जीवन मिशन के कार्य तेजी से कराएं : कलेक्टर

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने जिले के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच नल जल कनेक्शन, पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन फिटिंग आदि कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एवं इंजीनियर से विकासखंड वार एक एक गांवों की जानकारी लेकर वहां चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गांव वार सभी कार्यों के डेडलाइन समय तय कर निर्धारित अवधि में कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल सुविधाओं से लाभान्वित करने प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करे। जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्व अधिकारियों को भी प्रगतिरत कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाने के निर्देश दिए। जिसमें कार्यों के प्रगति से संबंधित जानकारी फोटोग्राफ्स के साथ शेयर की जायेगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने एक सप्ताह के भीतर जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों का भौतिक सत्यापन फोटो के साथ प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान पीएचई के ईई श्री पंकज जैन, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में कहा कि जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों को प्राथमिकता में लेते हुए कार्यों को पूर्ण कर ग्रामीणों को लाभान्वित करें। साथ ही मैदानी इलाकों के गांवों में भी सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करे।

ट्रेन में प्रसव पीड़ा, आरपीएफ महिला अफसर ने कराई सफल प्रसूति

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बीती रात राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन में ट्रेन में सवार एक महिला के अचानक प्रसव पीड़ा होने पर आरपीएफ की एक महिला अफसर ने अन्य महिला यात्रियों की मदद से प्लेटफार्म पर ही सफल प्रसूति कराई। जच्चा और बच्चा को एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया। दोनों स्वस्थ हैं। मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात को ओडिशा की रहने वाली 20 साल की अनिता मलिक अहमदाबाद एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सवार थी। रात लगभग 11 बजे जैसे ही राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 में पहुंची, उसी दौरान अनिता को प्रसव पीड़ा शुरू हुई।

ट्रेन में सवार अन्य महिलाएं गर्भवती की स्थिति देखकर हड़बड़ा गई। इस बीच स्टेशन में तैनात रेल्वे सुरक्षा अधिकारी तरूणा साहू

मदद के लिए सामने आई। उन्होंने स्थिति देखकर प्लेटफार्म पर ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। ट्रेन में सवार अन्य महिला यात्री सहायता के लिए सामने आई। इस दौरान गर्भवती ने एक स्वस्थ बालिका को जन्म दिया।बताया जा रहा है कि गर्भवती पैदापल्ली से रायपुर के लिए अहमदाबाद एक्सप्रेस से रायपुर जा रही थी। प्रसव पीड़ा के कारण रेल अफसर तरूणा साहू ने प्रसूति कराने का जोखिमभरा फैसला लिया।

अफरा तफरी चिखली पुलिस थाना एरिया के तिलई में बड़ा सड़क हादसा हुआ, घटना में एक मवेशी की भी मौत हो गई

ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, मौके पर सभी की मौत, चालक फरार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव में मंगलवार को सड़क पर कोहराम मच गया. जिले के तिलई गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने चार लोगों को टक्कर मार दी है. इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है।

हादसे बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया है. पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच में जुट गई है। इस हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई है.

चिखली पुलिस मौके पर मौजूद

राजनांदगांव में सड़क हादसे के बाद चिखली पुलिस मौके पर पहुंच गई है. दुर्घटना के बाद गांव वालों में गुस्सा है. ट्रक ड्राइवर के फरार होने के बाद लोग घटनास्थल पर हंगामा मचा रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है. इस हादसे में एक मवेशी की भी मौत हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार हादसे

में 3 महिला और 1 पुरुष की मौत हो गई. चारों एक ही परिवार के थे और तिलई गांव के ही रहने वाले थे। चारों बस का इंतजार कर रहे थ। इस दौरान खैरागढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दी. हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर फरार है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्रथम लेखा परीक्षण, में चार को नोटिस

जांजगीर/चांपा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अभ्यर्थियों के द्वारा संधारित व्यय रजिस्टर का निरीक्षण निर्धारित तिथि अनुरूप किया जा रहा है।

प्रथम लेखा मिलान, व्यय पंजी निरीक्षण 26 अप्रैल 2024 को किया गया। लेखा अधिकारी जिला पंचायत श्री विजय कुमार पांडेय ने बताया कि जिसमें 04 अभ्यर्थी गण लेखा परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए। उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों में श्री गोपाल प्रसाद खुटें- भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, श्री विजय कुमार कुर्रे-राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, श्री आनंद गिलहरे-निर्दलीय एवं श्रीमती विद्यादेवी सोनी-निर्दलीय है। जिन्हे नियमानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दस्तावेज निरीक्षण हेतु 02 दिवस का समय, व्यय अनुवीक्षण कक्ष, जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा में उपस्थित होने हेतु नोटिस दिया गया है।

अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत व्यय लेखा के मिलान हेतु द्वितीय लेखा मिलान, व्यय पंजी निरीक्षण 30 अप्रैल 2024 एवं तृतीय लेखा मिलान/व्यय पंजी निरीक्षण 04 मई 2024 हैं।

सोना 72 हजार के नीचे, चांदी में भी हजार रुपए की गिरावट

नई दिल्ली। सोने और चांदी की कीमतों में आज यानी 30 अप्रैल को गिरावट देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (द्ब्रद्ब्रछ्व) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 410 रुपए सस्ता होकर 71,963 रुपए पर आ गया है। वहीं एक किलो चांदी 1,081 रुपए सस्ती हुई है। ये 80,047 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही है।

4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपए है।

मुंबई- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,600 रुपए है।

कोलकाता- 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,550 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,600 रुपए है।

चेन्नई- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,640 रुपए है।

भोपाल- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपए है। इस साल अब तक सोने के दाम 8,611 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 71,963 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 80,047 रुपए पर पहुंच गए हैं।

सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

अगर आप दिन सोना हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है-्4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव हो गया है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

बैंकों के मजबूत चौथी तिमाही नतीजों से निफ्टी में उछाल

मुंबई। निफ्टी 223 अंकों की बढ़त के साथ दिन के उच्चतम स्तर 22,643 पर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्तीय और तेल एवं गैस शेयरों में खरीदारी के साथ अधिकांश सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गजों ने चौथी तिमाही में अच्छे नतीजे की घोषणा की है। इसके बाद बैंक निफ्टी 2 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। छोटे पीएसयू बैंकों ने भी प्रभावशाली तिमाही आंकड़े दर्ज किए हैं।इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार अमेरिकी फेड बैठक और वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़ों से संकेत लेंगे। खेमका ने कहा, महीने की शुरुआत में 1,000 अंकों की गिरावट के बाद बैंक निफ्टी ने अच्छी बढ़त बनाई है। अब यह नई ऊंचाई बनाने से महज 133 अंक दूर है। हमें उम्मीद है कि कमाई के मौसम और मैक्रो डेटा के कारण निफ्टी सकारात्मक रुझान जारी रखेगा।

पतंजलि के 14 उत्पादों के लाइसेंस निलंबित

उत्तराखंड सरकार ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल किया हलफनामा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने दिव्य फार्मेसी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सरकार ने एक हलफनामा दाखिल कर शीर्ष अदालत के समक्ष कहा है कि उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 15 अप्रैल को निलंबन संबंधी आदेश जारी किया। यह हलफनामा प्राधिकरण की ओर से इसके संयुक्त निदेशक मिथिलेश कुमार ने दायर किया है। राज्य सरकार ने जिन उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है, उनमें 'स्वसारि गोल्ड', 'स्वसारि वटी, ब्रोंकोम', 'स्वसारि प्रवाही', 'स्वसारि अवलेह', 'मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर', 'लिपिडोम', 'बीपी ग्रिट', 'मधुग्रिट', 'मधुनाशिनी' वटी एक्स्ट्रा पावर', 'लिवमृत एडवांस', 'लिवोग्रिट', 'आईग्रिट गोल्ड' और 'पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप' शामिल हैं।

संयुक्त निदेशक ने अदालत के आदेशों का अनजाने में अनुपालन नहीं करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। इसके साथ ही अदालत को आश्वासन दिया है कि वह (प्राधिकरण) जानबूझकर कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा, जो शीर्ष अदालत के किसी भी आदेश की अवज्ञा करेगा या इसकी महिमा को कमजोर करेगा। संयुक्त निदेशक ने शीर्ष अदालत से यह कहा, 'वह स्थिति और मामले की गंभीरता से पूरी तरह अवगत हैं। उन्होंने हमेशा अपनी सर्वोत्तम क्षमता और कानून के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास किया है।उत्तराखंड सरकार ने अदालत को यह भी कहा कि वह दिव्य फार्मेसी या पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के खिलाफ कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार या इस शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार सभी उचित या आगे के कदम उठाना जारी रखेगी।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ (शीर्ष अदालत की) 30 अप्रैल को सरकार के हलफनामे में विचार करेगी।उच्चतम न्यायालय ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की 2022 की एक याचिका से संबंधित अदालती अवमानना के मामले की सुनवाई करते हुए उत्तराखंड सरकार से जवाब तलब किया था। उसे इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया था। आईएमए ने अपनी याचिका में पतंजलि आयुर्वेद पर कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों (एलोपैथ) को बदनाम करने का आरोप लगाया गया है।इस मामले में अदालत की अवमानना करने पर पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक योग गुरु स्वामी रामदेव और कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण अदालत से बिना शर्त माफी मांग चुके हैं।कंपनी की ओर से विभिन्न अखबारों में भी विज्ञापन जारी कर माफी मांगी गई थी।

भारतीय ईवी कंपनी ब्लूस्मार्ट का वार्षिक रन रेट 500 करोड़ पार

नई दिल्ली। घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ब्लूस्मार्ट ने बताया कि उसने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में 102 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वार्षिक रन रेट (एआरआर) 500 करोड़ रुपये को पार कर लिया है।

एक बयान में कहा गया है कि कंपनी के सकल व्यापार मूल्य (जीबीवी) ने तीन वर्षों में 300 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) प्रदान की है।ब्लूस्मार्ट के सह-संस्थापक अनमोल सिंह जग्गी ने कहा, जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, पूरी तरह से एकीकृत ऊर्जा-बुनियादी ढांचा, गतिशीलता और प्रौद्योगिकी व्यवसाय बनाने की हमारी प्रतिबद्धता अटूट बनी हुई है।उन्होंने कहा, हम टिकाऊ गतिशीलता समाधानों की मांग में वृद्धि देख रहे हैं, जो एक हरित, अधिक टिकाऊ भविष्य के विकास को मजबूत कर रहा है।ब्लूस्मार्ट ने कहा कि उसके पास दक्षिण एशिया में 7,300 से अधिक ईवी का सबसे बड़ा बेड़ा है, जिसने 460 मिलियन स्वच्छ किलोमीटर की दूरी तय की है और 34 मिलियन किलोग्राम कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन बचाया है। ब्लूस्मार्ट चार्जिंग नेटवर्क भी कई गुना बढ़ गया है और दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु के प्रमुख स्थानों तक फैल गया है।इस साल की शुरुआत में, ब्लूस्मार्ट 100 प्रतिशत उत्सर्जन-मुक्त स्थिति हासिल करने वाली भारत की पहला कंपनी बन गई है।कंपनी का लक्ष्य 2024 के अंत तक अपने बेड़े में 10 हजार ईवी वाहन शामिल करने का है।

अब नहीं वसूल पाएंगे अतिरिक्त ब्यॉज

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और एनबीएफसी को निर्देश दिया कि वे ग्राहकों से वसूले जाने वाले ब्याज के मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी हों। आरबीआई ने बैंकों से अपने कार्यों की समीक्षा करने को कहा गया। आरबीआई ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां ऋण पर तय सीमा से अधिक ब्याज लिया गया।

आरबीआई ने अपने सर्कुलर में बताया है कि 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए विनियमित संस्थाओं (बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों) की ऑनसाइट जांच के दौरान, ऋणदाताओं द्वारा शुल्क वसूलने में कुछ अनुचित प्रथाओं का सहारा लेने के उदाहरण सामने आए।आरबीआई ने सर्कुलर में कहा, इसलिए, निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए सभी विनियमित संस्थाओं को निर्देश दिया जाता है कि वे ऋण वितरण के तरीके, ब्याज के आवेदन और अन्य शुल्कों के संबंध में अपनी प्रथाओं की समीक्षा करें और सिस्टम स्तर पर बदलाव सहित सुधारात्मक कार्रवाई करें। ऋण की मंजूरी की तारीख या ऋण समझौते के निष्पादन की तारीख से ब्याज लगाना, न कि ग्राहक को धनराशि के वास्तविक वितरण की तारीख से। इसी प्रकार, चेक द्वारा वितरित ऋण के मामले में, ऐसे उदाहरण देखे गए, जहां चेक की तारीख से ब्याज लिया गया, जबकि चेक कई दिनों बाद ग्राहक को सौंपा गया।महीने के दौरान ऋण के वितरण या पुनर्भुगतान के मामले में, कुछ बैंक केवल उस अवधि के लिए ब्याज नहीं ले रहे थे, जिसके लिए ऋण बकाया था।कुछ मामलों में, यह देखा गया कि बैंक एक या अधिक किस्तें पहले ही वसूल कर रहे थे, लेकिन ब्याज वसूलने के लिए ऋण की पूरी राशि की गणना कर रहे थे। आरबीआई ने कहा कि ब्याज वसूलने की ये और ऐसी अन्य गैर-मानक प्रथाएं, जो ग्राहकों के साथ व्यवहार करते समय निष्पक्षता और पारदर्शिता की भावना के अनुरूप नहीं हैं, गंभीर चिंता का कारण है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि जहां भी ऐसी प्रथाएं सामने आई हैं, आरबीआई ने उन बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को ग्राहकों को इस तरह के अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क वापस करने की सलाह दी है। आरबीआई ने कहा कि कुछ मामलों में ऋण वितरण के लिए जारी किए गए चेक के बदले ऋणदाताओं को खाते में ऑनलाइन हस्तांतरण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

खेल, मनोरंजन

फिल साल्ट केकेआर के लिए एक्स फैक्टर: क्लार्क

कोलकाता का अगला मुकाबला 3 मई को

कोलकाता। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल क्लार्क ने फिल साल्ट की जमकर तारीफ की और उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम में एक्स फैक्टर करार दिया। आईपीएल 2024 की नीलामी में फिल साल्ट को कोई खरीददार नहीं मिला था,जेसन रॉय ने निजी कारणों के चलते अपना नाम वापस ले लिया था, जिससे केकेआर ने ऑक्शन में फिल साल्ट को जेसन का रिप्लेसमेंट बनाया। उन्हें केकेआर ने उनके बेस प्राइस यानी 1.5 करोड़ रुपये में अपने खेमे में शामिल किया।

आईपीएल 2024 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी के फैंस का दिल जीत रहे फिल साल्ट को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल क्लार्क ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज का प्रभाव केवल उसके द्वारा बनाए गए रनों तक ही सीमित नहीं है, उन्होंने उन्हें कैसे बनाया, इसके महत्व पर भी ध्यान देना चाहिए। आईपीएल 2024 में नौ मैचों में 392 रन के साथ साल्ट अब ऑरेंज कैप की दौड़ में चौथे स्थान पर हैं। क्लार्क ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, फिल साल्ट के लिए अब तक सीजन वास्तव में अच्छा रहा है और वह केकेआर के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, जैसा कि मैं कहता हूं, यह सिर्फ उसके द्वारा बनाए जा रहे रनों के बारे में नहीं है, बल्कि यह उनके रन बनाने के तरीके के बारे में भी है। या यूं कह लीजिए वो केकेआर के लिए एक्स फैक्टर हैं। क्लार्क ने आगे कहा कि कई टीमों के पास शीर्ष क्रम में कम से कम एक विनाशकारी खिलाड़ी है लेकिन केकेआर के पास साल्ट और नारायण के रूप में दो हैं। नौ मैचों में छह जीत के साथ, केकेआर वर्तमान में अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, टेबल टॉपर राजस्थान रॉयल्स से दो अंक पीछे है। कोलकाता का अगला मुकाबला 3 मई को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से होगा।

मेरी निजी इच्छा है कि रिंकू सिंह टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाए: शाहरुख

कोलकाता। जैसे-जैसे आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम की घोषणा करने की समय सीमा नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे टीम संयोजन को लेकर काफी दिलचस्पी बढ़ती जा रही है और विशेषज्ञ तथा प्रशंसक समान रूप से अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं कि वे 1 जून से शुरू होने वाले मेगा इवेंट के लिए कैरेबियन की उड़ान किसे भरते देखना चाहते हैं। जहां प्रशंसक टीम की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान ने कहा है कि व्यक्तिगत मोर्चे पर, वह अपनी टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह को 15 सदस्यीय टीम में देखना चाहेंगे जो टी20 वर्ल्ड कप में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। केकेआर के लिए एक स्टार खिलाड़ी के रूप में रिंकू सिंह का प्रमुखता से उभरना उनकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, लेकिन यह केकेआर के मालिक शाहरुख खान द्वारा दिखाए गए विश्वास और समर्थन का भी प्रमाण है। रिंकू की विश्व कप संभावनाओं के प्रति आशावाद व्यक्त करते हुए, शाहरुख ने स्टार स्पोर्ट्स नाइट क्लब प्रेजेंट्स किंग खान रूल्स पर कहा, ऐसे अद्भुत खिलाड़ी देश के लिए खेल रहे हैं। मैं वास्तव में रिंकू, इंशाअल्लाह और अन्य टीमों के कुछ अन्य युवाओं के विश्व कप टीम में होने का इंतजार कर रहा हूं। उनमें से कुछ इसके हकदार हैं, लेकिन मेरी व्यक्तिगत इच्छा है कि रिंकू टीम में जगह बनाये, मुझे बहुत खुशी होगी। वह मेरे लिए सर्वोच्च बिंदु होगा। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में जन्मे रिंकू सिंह को क्रिकेट स्टारडम की राह में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

हम हार के बहाने नहीं ढूंढ़ सकते- होप्स

कोलकाता। घरेलू मैदान पर लगातार दो जीत के बाद ईडन गार्डन्स में केकेआर के खिलाफ मैच में डीसी की 7 विकेट से हार के बाद गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि टीम हार के लिए किसी भी बहाने के पीछे नहीं छुपेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच मैच एकतरफा रहा लेकिन फिल साल्ट की तूफानी पारी ने दिल्ली को बैकफुट पर धकेल दिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही। लगातार विकेट गंवाने के बाद कुलदीप यादव के 26 गेंदों में नाबाद 35 रनों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने बड़ी मुश्किल से 20 ओवरों में 153/9 का स्कोर बनाया।हालांकि, घरेलू टीम केकेआर ने फिल साल्ट के 33 गेंदों पर 68 रनों की बदौलत 16.3 ओवर में यह लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।डीसी ने अब तक अपने 11 मैचों में छह हारे और पांच जीते हैं। वर्तमान में डीसी अंक तालिका में छठे स्थान पर है। अभी दिल्ली के तीन मैच बाकी हैं।होप्स ने कहा, हमारी किस्मत अभी भी हमारे हाथों में है। अगर हम तीन मैच जीत सकते हैं और 16 अंक हासिल कर सकते हैं, तो नतीजे काफी अच्छे हो सकते हैं।लेकिन अभी हमारे पास एक सप्ताह की छुट्टी है जहां हम फिर से रणनीति में कुछ बदलाव कर सकते हैं और देख सकते हैं कि क्या हमें किसी भी चीज़ के बारे में थोड़ा अलग तरीके से सोचने की ज़रूरत है। हम तीन में से दो मैचों के लिए दिल्ली वापस जा रहे हैं। जाहिर तौर पर इस समय यह एक बहुत ही हाई स्कोरिंग पिच है और फिर हमें बेंगलुरु भी जाना है। हमने एक मौका गंवा दिया और अब हम इसके लिए किसी भी बहाने के पीछे नहीं छुपेंगे। पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बारे में बोलते हुए, होप्स ने बताया, इसके पीछे सोच यह थी कि हम बोर्ड पर एक बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे। हालांकि, हम इसमें सफल नहीं हुए। दिल्ली कैपिटल्स अपने अगले मैच में 7 मई को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी।

हीरामंडी का नया गाना आजादी रिलीज

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार रिलीज के नजदीक पहुंच गई है। स्क्क अपनी सीरीज के साथ ऑडियंस को एंटरटेन करने के लिए तैयार हैं। अब तक हीरामंडी के दो गाने तिलस्मी बाहें और सकल बन जारी किए जा चुके हैं। अब सीरीज का तीसरा गाना आजादी भी रिलीज कर दिया गया है, जिसमें हीरामंडी की तवायफें अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते हुए नजर आ रही हैं।

संजय लीला भंसाली भव्य फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। देवदास से लेकर पद्मावत तक, उनकी लगभग हर फिल्म में ग्रैंड सेट और शानदार कॉस्ट्यूम्स देखने को मिले। अब डायरेक्टर हीरामंडी के साथ भी यही हैरान करने के लिए तैयार हैं। सीरीज के अपने टीजर और ट्रेलर रिलीज से ही दर्शकों के बीच चर्चा बटोर रहा है। हीरामंडी का गाना आजादी देश के गुमनाम नायकों और आजादी की लड़ाई में बलिदान देने वाले फ्रीडम फाइटर्स को सम्मानित करने के लिए बनाया गया है।

सीरीज के इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख अंग्रेजों के खिलाफ जंग में शामिल होते हुए नजर आ रही हैं। हीरामंडी के गाने आजादी को अर्चना गोरे, प्रगति जोशी, आरोही, अदिति पॉल, तरन्नुम और अदिति प्रभुदेसाई ने अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है। वहीं, बोल लिखे हैं ए एम तुराज ने। गाने में ढोल और पखावज जैसे पारंपरिक म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल किया गया है।

ऑपरेशन ट्राइडेंट का ऐलान

भारत और पाकिस्तान का मुद्दा हमेशा गरमा-गरम रहता है. लोग इसके बारे में जानना चाहते हैं, देखना चाहते हैं और समझना चाहते हैं. शायद इसी वजह से भारतीय सिनेमा के अलग-अलग जोनर की फिल्में इस मुद्दे पर फिल्म बनती हैं. हिंदी सिनेमा में तो इस मुद्दे पर तमाम फिल्में बनी हैं. अब एक और फिल्म आ रही है जो इसी मुद्दे पर बनी है और फिल्म का नाम ऑपरेशन ट्राइडेंट है.इस फिल्म की कहानी 1971 में हुए इंडो-पाक वॉर पर आधारित होगी. जिसमें इंडियन नवी ने साहसिक हमला किया और उन्हें ऐतिहासिक जीत मिली थी. इसि फिल्म की कहानी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी.दिल्ली के नौसेना भवन से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं. इस प्रोजेक्ट के बारे में एक्सेल मूवीज के इंस्टाग्राम पेज पर बताया गया है. इसमें कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें लिखा है कि एक्सेल और सनशाइन डिजिमीडिया प्रस्तुत करते हैं ओपरेशन ट्राइडेंट इसमें

1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के उस वॉर को दिखाया जाएगा जिसे भारतीय नेवी ने जीता था.सीएनएस एडमिरल आर हरि कुमार, रितेश सिधवानी (प्रोड्यूसर, एक्सेल एंटरटेनमेंट), कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी (को-प्रोड्यूसर्स, एक्सेल एंटरटेनमेंट), अभिनव शुक्ला (प्रोड्यूसर, सनशाइन डिजीमीडिया) प्रियंका बेलोरकर (को-प्रोड्यूसर, सनशाइन डिजीमीडिया) की मौजूदगी में हुई है. इस फिल्म को लेकर लोग एक्साइटेड हो सकते हैं क्योंकि ऐसे मुद्दों पर बनी फिल्मों को लोग खूब एन्जॉय करते हैं. फिलहाल फिल्म से जुड़ी दूसरी कोई बात सामने नहीं आई है।

1 मई

जीवेत शरदः शतम्

1 मई जिनका जन्म दिन है
जनता के लिए समर्पित
जिनका तन-मन जीवन है
माटी के लिए अनुबंधित
जिनके रक्त कण-कण है
सब की सेवा पर तत्पर
नहीं कोई विश्राम
ऐसे योद्धा का

बृजमोहन
है नाम

जन्मदिन की अनेकों शुभकामनाएं



विनीत : गिरधारी खंडेलवाल, लक्ष्मी नारायण राठौड़ (बंडू), घनश्याम खंडेलवाल, गोविंद खंडेलवाल, ललित खंडेलवाल, प्रदीप अग्रवाल, सुनील राठौर, राजेंद्र खंडेलवाल, प्रमोद शर्मा (पम्मी भैया), संतोष राठी, संजय शर्मा, शिव चंद गुप्ता, यशवंत साहू, मोहन साहू, जीवन ओझा, पुरषोत्तम अग्रवाल